CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम : 08°C

बरेली, शुक्रवार 12 दिसम्बर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 13 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com पौष कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 20 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




लोकतंत्र के मंदिर संसद में धूम्रपान करना संविधान का अपमान: शहजाद पूनावाला पेज 2



रोहित-कोहली का ए+ ग्रेड खतरे में, गिल का प्रमोशन संभव खेल टाइम्स



कोशिकाओं की सुरक्षा प्रणाली के लिए घातक है जीका वायरस सम्पादकीय



नौ करोड़ में मिलेगी अमेरिकी नागरिकता, ट्रम्प गोल्ड कार्ड आज से लागू पेज 12

# बहराइच हिंसा के दोषी सरफराज को फांसी की सजा

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में 13 अक्टूबर 2024 को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान भड़की सांप्रदायिक हिंसा में मारे गए 22 वर्षीय राम गोपाल मिश्रा की हत्या मामले में अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने गुरुवार को दोषियों को सजा सुनाई।

बहराइच कोर्ट ने राम गोपाल की हत्या के आरोपी सरफराज को फांसी की सजा सुनाई है। वहीं 9 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। बता दें कि कोर्ट ने 9 दिसम्बर को 13 आरोपियों में से 10 को दोषी ठहराया था, जबकि तीन को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया था। दोषी ठहराए गए आरोपी अब्दुल हमीद, उसके बेटे फहीम, सरफराज, तालिब, सैफ, जावेद, जीशान, ननकऊ, शोएब और मारुफ हैं। इनमें से सरफराज को फांसी की सजा मिली है। शासकीय अधिवक्ता प्रमोद सिंह ने बताया कि महज 13 महीने 26 दिन में ट्रायल पूरा होकर फैसला आया, जो तेज न्याय का उदाहरण है। घटना महसी थाना क्षेत्र के महराजगंज में हुई थी, जहां डीजे पर बजते गाने को लेकर विवाद शुरू हुआ। पथराव और फायरिंग में राम गोपाल मिश्रा को गोली लगी और उनकी मौत हो गई। पुलिस ने 11 जनवरी 2025 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की, 18 फरवरी को दोषियों पर आरोप तय हुए। 12 गवाहों की गवाही के बाद 21 नवम्बर को फैसला सुरक्षित रखा लिया गया। आरोपियों पर बीएनएस की धारा 103(2) (मॉब लिंचिंग में हत्या) लगी है, जिसमें फांसी या आजीवन कारावास का प्रावधान है। अन्य धाराएं 191(2), 191(3), 190, 109(2), 249, 61(2) और आर्म्स एक्ट की धारा 30 हैं, जिनमें 2 से 5 वर्ष तक की सजा या मौत की सजा तक हो सकती है। 9 दिसम्बर को जब कोर्ट ने तीन आरोपियों को बरी कर दिया था, तब राम गोपाल मिश्रा की पत्नी रोली मिश्रा ने कहा था कि मेरे पति के हत्यारों को फांसी दो, तभी न्याय मिलेगा। बरी किए गए तीन भी दोषी हैं, उन्हें भी सजा मिलनी चाहिए। परिवार ने सभी दोषियों को मौत की सजा की मांग की है। बरी हुए खुर्शीद, शकील और अफजल हैं। मामले में रासुका भी लगाई गई थी। प्रशासन ने इलाके में भारी फोर्स तैनात की है, ताकि सांप्रदायिक सद्भाव बना रहे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पहले ही सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया था।



दोषियों को अदालत ले जाती पुलिस।

■ **नौ को उम्रकैद, मूर्ति विसर्जन के दौरान भड़की सांप्रदायिक हिंसा में राम गोपाल मिश्रा की हुई थी हत्या**

# दिल्ली दंगा: उमर खालिद को बड़ी राहत

## बहन की शादी के लिए मिली अंतरिम जमानत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगा केस में आरोपी और जेएनयू के छात्र रहे उमर खालिद को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने उमर को बहन की शादी में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत दी है। ये जमानत 16 से 29 दिसम्बर तक के लिए मिली है। कोर्ट ने जमानत देते हुए कुछ शर्तें भी तय की हैं।

कोर्ट ने कहा कि इस दौरान उमर सोशल मीडिया का इस्तेमाल नहीं करेंगे। सिर्फ अपने परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और दोस्तों से मिलेंगे। जमानत देते हुए अदालत ने कहा कि इस बात को ध्यान में रखते हुए कि शादी याचिकाकर्ता की सगी बहन की है, इसलिए याचिका मंजूर की जाती है। याचिकाकर्ता को 16 दिसम्बर से 29 दिसम्बर तक 20 हजार रुपये के पर्सनल बॉन्ड और इतनी ही रकम के दो जमानतदारों के साथ कुछ शर्तों पर अंतरिम जमानत दी जाती है। कोर्ट ने कहा कि जमानत के दौरान उमर अपने घर पर या उन जगहों पर रहेगा, जहां शादी की रस्में होंगी। बता दें कि उमर खालिद ने 14 दिसम्बर से 29 दिसम्बर तक जमानत मांगी थी। उसकी बहन की शादी 27 दिसम्बर को है। उमर को सितम्बर 2020 में अरेस्ट किया गया था। उस पर आपराधिक साजिश, दंगा, गैरकानूनी सभा साथ ही गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत कई अन्य अपराधों का आरोप लगाया गया था।



■ **कोर्ट ने जमानत देते हुए कुछ शर्तें भी तय की**

## संक्षिप्त समाचार

### लखीमपुर हिंसा केस में आशीष मिश्रा को राहत

**नई दिल्ली।** लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को मुख्य आरोपी और पूर्व केंद्रीय मंत्री के बेटे आशीष मिश्रा को 25 से 31 दिसम्बर तक अपने पैतृक आवास लखीमपुर जाने की अनुमति दे दी। कोर्ट ने उनकी जमानत की शर्तों में सीमित राहत देते हुए यह आदेश जारी किया। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से दाखिल अद्यतन स्थिति रिपोर्ट का उल्लेख किया, जिसके अनुसार मुख्य ट्रायल में 36 गवाहों के बयान दर्ज हो चुके हैं, जबकि 85 गवाह अभी बाकी हैं। इसमें बताया गया कि 10 गवाहों को छूट भी दी गई है।

### भारत की समुद्री सीमा में घुसी पाकिस्तानी नाव

**अहमदाबाद।** भारत की जल सीमा के अंदर घुसने वाली एक पाकिस्तानी नाव को तटरक्षक बल ने गुरुवार को जब्त कर लिया। इस नाव में सवार 11 सदस्यों को भी गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने भारतीय जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में एक पाकिस्तानी नाव को जब्त कर लिया है और उसके चालक दल के 11 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों को आगे की जांच के लिए गुजरात की जाखौ मरीन पुलिस को सौंप दिया गया है।

### उत्तराखंड में झरने जमे, केदारनाथ व बद्रीनाथ का तापमान -13 डिग्री से नीचे

**नई दिल्ली।** पहाड़ी राज्यों की बर्फबारी और हिमालयी क्षेत्र में वेस्टर्न डिस्टरबेंस बनने से मैदानी इलाकों में सर्दी बढ़ी है। पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में झरने जमने लगे हैं। चमोली-पिथौरागढ़ में पाइपलाइन में पानी जम गया। केदारनाथ में तापमान -15 डिग्री सेल्सियस, बद्रीनाथ में -13 डिग्री सेल्सियस चला गया। मध्य प्रदेश में पारा 3डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा है। मौसम विभाग के मुताबिक वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर 13 दिसम्बर से दिखना शुरू होगा इससे और तेजी से तापमान गिरेगा। राजस्थान में भी पारा गिरने लगा है। राज्य के 20 से ज्यादा जिलों में मिनिमम टेम्परेचर 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड किया गया।

# यूपी सहित छह राज्यों में बढ़ाई गई एसआईआर की समयसीमा

## मप्र-छत्तीसगढ़ में 18, उप्र में 26 दिसम्बर तक फार्म भर सकेंगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने उप्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात और तमिलनाडु तथा केंद्र शासित प्रदेश अंडमान निकोबार की मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्यक्रम में गुरुवार को संशोधन की घोषणा की। आयोग ने इन पांच राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश अंडमान निकोबार के मुख्य चुनाव अधिकारियों के अनुरोध पर वहां मतगणना प्रपत्र जमा कराने और संशोधित मतदाता सूची के मसौदों के प्रकाशन की तिथियां बढ़ा दी हैं।

आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार, उत्तर प्रदेश में मतगणना प्रपत्र जमा करने की तिथि 11 दिसम्बर से बढ़ाकर 26 दिसम्बर कर दी गई है और राज्य की संशोधित मतदाता सूची का मसौदा 31 दिसम्बर को प्रकाशित किया जाएगा। इसी तरह मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ और केंद्र शासित प्रदेश अंडमान में मतगणना प्रपत्र जमा कराने की तिथि 18 दिसम्बर और संशोधित मतदाता सूची के मसौदे के प्रकाशन की तिथि 23 दिसम्बर कर दी गई है। गुजरात और तमिलनाडु में मतगणना प्रपत्र को जमा करने की अंतिम तारीख 14 दिसम्बर कर दी गई है और इन दोनों राज्यों की संशोधित सूची का मसौदा 19 दिसम्बर को जारी किया जाएगा। इससे पहले के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, इन सभी जगहों पर मतगणना प्रपत्र जमा करने की तिथि गुरुवार को ही समाप्त हो रही थी, जबकि इनमें संशोधित सूची का मसौदा 16 दिसम्बर को प्रकाशित किया जाना था। आयोग ने इससे पहले केरल में मतगणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि संशोधित कर 18 दिसम्बर कर दी थी और वहां संशोधित सूची का मसौदा 23 दिसम्बर को आयोग ने कहा है कि यह फैसला यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया है कि नई सूची में किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम नहीं छुटे।



■ **पहले 11 दिसम्बर थी लास्ट डेट**

■ **यूपी संशोधित मतदाता सूची का मसौदा 31 दिसम्बर को किया जाएगा प्रकाशित**

### संजीव भट्ट की 20 साल की सजा को निलंबित करने से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट को 1996 के मादक पदार्थ प्लांट करने के मामले में दी गई 20 साल की सजा को निलंबित करने से इन्कार कर दिया। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने गुरुवार को भट्ट की याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया, जिससे 2024 में गुजरात की एक अदालत द्वारा एनडीपीएस अधिनियम एवं भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के विभिन्न प्रावधानों के अंतर्गत दी गई सजा बरकरार रही। सुनवाई के दौरान, भट्ट की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि पूर्व आईपीएस अधिकारी पहले ही सात वर्षों से अधिक समय जेल में गुजार चुके हैं और वह गैर-व्यावसायिक मात्रा में मादक पदार्थों का दोषी ठहराए गए थे। याचिका का विरोध करते हुए, राज्य की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने कहा कि यह स्पष्ट रूप से साजिश का मामला है और कहा कि एक साजिश रची गई थी।

# सुप्रीम कोर्ट ने प्रज्वल रेवन्ना की याचिका ठुकराई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पूर्व जेडी(एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने दो लंबित बलात्कार मामलों की सुनवाई बेंगलुरु की 81वीं अतिरिक्त सिटी सिविल एवं सेशंस कोर्ट से किसी अन्य अदालत में स्थानांतरित करने की मांग की थी।

रेवन्ना ने दलील दी थी कि मौजूदा ट्रायल जज पहले ही उन्हें एक अन्य बलात्कार मामले में दोषी ठहरा चुके हैं, इसलिए उनके निष्पक्ष ट्रायल की संभावना कम है। हालांकि, सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि जज की टिप्पणियां रिकॉर्ड और कर्नाटक हाईकोर्ट के अवलोकनों के आधार पर थीं और इन्हें पक्षपात का आधार नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि ट्रायल जज पुराने फैसले से प्रभावित हुए बिना वर्तमान मामलों का निर्णय सबूतों के आधार पर करेंगे। मामला रेवन्ना के खिलाफ दायर गंभीर आरोपों से जुड़ा है, जिनमें दोहराया गया बलात्कार, छेड़छाड़, धमकी, सबूत नष्ट करना और आईटी एक्ट के तहत गोपनीयता उल्लंघन शामिल हैं। आरोप तब सामने आए जब करीब 2,900 कथित आपत्तिजनक वीडियो ऑनलाइन प्रसारित हुए थे। रेवन्ना को इसी साल अगस्त में एक मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी और वे वर्तमान में बेंगलुरु की केंद्रीय जेल में बंद हैं। सुनवाई के दौरान उनके वकीलों ने ट्रायल जज की टिप्पणियों को हटाने की मांग की, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इसे भी ठुकरा दिया और कहा कि इस तरह के आरोप न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने जैसे हैं।

■ **बलात्कार मामलों की सुनवाई, याचिका किसी अन्य अदालत में भेजने से इन्कार**

# फरार लूथरा भाई हिरासत में

**नई दिल्ली।** गोवा नाइट क्लब आग हादसे के कुछ ही घंटों बाद भारत से फरार हुए नाइट क्लब के मालिक गौरव और सौरभ लूथरा को थाईलैंड के फुकेट में हिरासत में ले लिया गया है, जिन्हें दिल्ली की रोहिणी कोर्ट ने गोवा के 'बिर्च बाय रोमियो लेन' अग्निकांड मामले में आरोपी गौरव और सौरभ लूथरा की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी कर फैसला सुना दिया है। अदालत ने अग्रिम जमानत की याचिका खारिज कर दी है। यह मामला गोवा के एक रेस्तरां में आग लगने के बाद दर्ज एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें लूथरा भाइयों पर लापरवाही के आरोप हैं।

अदालत में दोनों पक्षों ने अपनी दलीलें रखीं। पुलिस का कहना है कि लूथरा भाइयों ने जांच में सहयोग नहीं किया, जबकि बचाव पक्ष ने गिरफ्तारी पर रोक की मांग करते हुए कहा कि मामला गैर-हत्यात्मक बताया, बचाव पक्ष की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने जमानत की याचिका खारिज कर दी। लूथरा भाइयों के वकील तनवीर अहमद मीर ने कहा था कि एफआईआर के अनुसार घटना लापरवाही का मामला है, कोई हत्या नहीं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाहों के कारण परिवार को खतरा है और बिना नोटिस दो रेस्तरां तोड़े गए।

**गोवा आग त्रासदी**

■ **रोहिणी कोर्ट ने खारिज की अग्रिम जमानत की याचिका**

### सेना पर टिप्पणी मामले में आजम खां बरी

**रामपुर- शाह टाइम्स ब्यूरो।** पूर्व मंत्री आजम खां को कोर्ट से गुरुवार को बड़ी राहत मिली है। उनके सेना के जवानों पर दिए गए बयान मामले रामपुर कोर्ट ने बरी कर दिया है। फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने कहा कि मामले में पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए जा सके हैं। यह मामला साल 2017 के चुनाव के दौरान का है। कोर्ट में उनकी पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कराई गई। आजम खां पर यह मुकदमा बीजेपी विधायक आकाश सक्सेना द्वारा 30 जून 2017 को सिविल लाइंस कोतवाली में दर्ज कराया गया था। आरोप था कि आजम खां ने सेना के खिलाफ विवादित बयान दिया था, जिससे उनकी छवि और मनोबल को ठेस पहुंचती है। लगभग 8 वर्ष तक चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने साक्ष्यों, गवाहों और तथ्यों पर विचार करने के बाद आजम खां को आरोपों से मुक्त कर दिया।

# अरुणाचल में ट्रक खाई में गिरा, 21 की मौत

**हयुलियांग (अरुणाचल प्रदेश)।** अरुणाचल प्रदेश के अनजा जिले के हयुलियांग इलाके में एक ट्रक 1000 फीट गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में ड्राइवर और क्लीनर समेत 21 की मौत हो गई। बचाव दल को 18 शव मिल चुके हैं। यह हादसा 8 दिसम्बर का है। जानकारी गुरुवार को सामने आई।

दरअसल हादसे में एक व्यक्ति जीवित बचा था, जो दो दिन तक पैदल चलकर किसी तरह आर्मी कैंप तक पहुंचा। इसके बाद गुरुवार सुबह आर्मी के बचाव दल की टीमें मौके पर पहुंची। टीम को घटनास्थल पर पहुंचने में 10 से ज्यादा घंटे लगे। हादसे में घायल व्यक्ति खाई से मुश्किल से बाहर निकला और हयुलियांग- चगलगाम रोड पर पहुंचा। दो दिन तक पैदल चलकर दिसम्बर की रात चिपरा जीआरईएफ कैंप तक पहुंचा। यहां उसने जवानों को हादसे की जानकारी दी। इसके बाद गुरुवार सुबह आर्मी ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। हादसे वाली जगह चगलगाम से लगभग 12 किमी आगे पहाड़ी और घने जंगल वाला इलाका है। यहां बहुत कम ही आवाजाही होती है। आर्मी की रेस्क्यू टीमें रस्सी से खाई में उतरीं और करीब 4 घंटें की मशक्कत के बाद ट्रक तक पहुंची।



■ **जिंदा बचा एक मजदूर दो दिनों तक पैदल चलकर आर्मी कैंप पहुंचा, तब हादसे की जानकारी मिली**

# राहुल गांधी ने सीईसी की नियुक्ति पर उठाए सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** चीफ इन्फॉर्मेशन कमिश्नर (सीईसी) और 8 इन्फॉर्मेशन कमिश्नर्स की नियुक्ति के लिए चयनित उम्मीदवारों की जातियों पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने असहमति जताई।

इनकी नियुक्ति को लेकर बुधवार को पीएम मोदी, राहुल और अमित शाह के बीच प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में डेढ़ घंटे मीटिंग हुई। राहुल गांधी ने कुछ हफ्ते पहले सरकार से आवेदकों और चुने गए उम्मीदवारों की जाति की जानकारी मांगी थी। बैठक के पहले सरकार ने नेता प्रतिपक्ष से इसकी जानकारी साझा की। इस पर राहुल ने कहा कि चयनित उम्मीदवारों में अनुसूचित जाति/जनजाति, ओबीसी, ईबीसी और अल्पसंख्यक समुदायों के नाम शामिल नहीं हैं। सूत्रों के मुताबिक, आवेदकों की लिस्ट में सिर्फ 7 फीसदी लोग पिछड़े समुदाय से थे। वहीं, चयनित उम्मीदवारों में सिर्फ एक नाम पिछड़े समुदाय से था। राहुल गांधी ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई और सभी नियुक्तियों के मानदंडों पर सवाल उठाए। उन्होंने लिखित में अपना असहमति पत्र सौंपा और चयनित उम्मीदवारों से जुड़ी और जानकारी मांगी। केन्द्रीय सूचना आयोग एक वैधानिक संस्था है। यह सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत नागरिकों को सरकारी जानकारी दिलाने में मदद करती है। आयोग में एक चीफ इन्फॉर्मेशन कमिश्नर और अधिकतम 10 इन्फॉर्मेशन कमिश्नर्स होते हैं। सीईसी और 10 इन्फॉर्मेशन कमिश्नर्स की नियुक्ति तीन सदस्यीय समिति करती है। प्रधानमंत्री इसके अध्यक्ष होते हैं।



■ **पूछा-एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदाय से कितने उम्मीदवार**

■ **पीएम व शाह के साथ बैठक में असहमति जताई**

# इंडिगो मुआवजे में 10 हजार का ट्रैवल वाउचर देगा

**नई दिल्ली।** एयरलाइन कंपनी इंडिगो फ्लाइट कैंसिल से प्रभावित यात्रियों को रिफंड के अलावा मुआवजे में ट्रैवल वाउचर भी देगी। कंपनी ने गुरुवार को बताया कि 3-5 दिसम्बर के बीच फ्लाइट कैंसिल से ज्यादा परेशान हुए पैसेंजर्स को 10000 का ट्रैवल वाउचर मिलेगा।

हालांकि इंडिगो ने यह साफ नहीं किया है कि ज्यादा परेशान का मतलब क्या है और किन यात्रियों को यह मुआवजा मिलेगा। एयरलाइन ने बताया कि ट्रैवल वाउचर अगले 12 महीने तक किसी भी इंडिगो फ्लाइट की बुकिंग के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा। कंपनी के अनुसार यह मुआवजा उन 5000-10,000 रुपये के अलावा होगा, जो फ्लाइट उड़ाने के 24 घंटे के अंदर कैंसिल होने पर मिलता है।

■ **3-5 दिसम्बर के बीच ज्यादा परेशान पैसेंजर्स को मिलेगा**

## संक्षिप्त समाचार

### भूपेन्द्र चौधरी ने की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी में नए अध्यक्ष की घोषणा को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। इसी बीच मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने गुरुवार को दिल्ली में अहम राजनीतिक मुलाकातें कीं हैं। बताया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश के चुनाव प्रभारी पीयूष गोयल के जल्द ही लखनऊ के आने की संभावना है। चौधरी ने संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इसके तुरंत बाद वह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मिले। इन बैठकों को आगामी संगठनात्मक फेरबदल और बदलते राजनीतिक समीकरणों के संदर्भ में बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### उप्र में दो वरिष्ठ आईएएस के दायित्वों में बदलाव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए दो वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। सरकार की तरफ से जारी की गई सूची के अनुसार, वरिष्ठ अधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह को मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपी ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण से हटाकर विशेष सचिव, निर्वाचन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन तथा अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं सुश्री दीपा रंजन मिशन को उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन लखनऊ को उनके वर्तमान पद के साथ-साथ यूपी ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, लखनऊ के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। शासन के इस निर्णय को ग्रामीण सड़क विकास और चुनावी व्यवस्थाओं से जुड़े कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

## पोलियो का टीका बनाने वाली कंपनी के कर्मचारियों को नहीं मिल रहा वेतन

# निजीकरण व दमन सरकार की दुर्नीतिः राहुल

**नई दिल्ली, वार्ता**



**घर का खर्च चलाने के लिए कर्ज, उधार और मजबूरी पर कर्मचारियों का जीवन टिका है**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि सरकारी संस्थाओं का दमन और उनका निजीकरण सरकार की सबसे बड़ी दुर्नीति है और मौजूदा सरकार का यह कदम देश के लिए एक बहुत बड़ा अभिशाप बन गया है।

गांधी ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि उनकी हाल ही हुई जन संसद में भारत इम्यूनोलॉजिकल्स तथा जैविकीय निगम लिमिटेड (बिबकॉल) के कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात हुई। उन्होंने लिखा- इस सरकारी कंपनी के कर्मचारी सालों से वेतनहीन हैं। अपने घर का खर्च चलाने के लिए कर्ज, उधार और मजबूरी पर उनका जीवन टिका हुआ है। ये वही बिबकॉल है, जो भारत में वैक्सीन बनाने वाली एकमात्र सरकारी कंपनी थी और जिसने पोलियो जैसी भयंकर बीमारी के उन्मूलन में ऐतिहासिक योगदान दिया। उन्होंने कहा कि सरकार को कम कीमत पर वैक्सीन उपलब्ध कराने और हर बच्चे तक उसकी पहुंच सुनिश्चित करने में इसकी भूमिका निर्णायक रही है, लेकिन 2017 तक मुनाफे में चल रही इस कंपनी को जानबूझकर, योजनाबद्ध तरीके से घाटे के उद्यम में बदल दिया गया। गांधी ने आगे कहा कि कारण साफ है, ताकि सरकारी कॉन्ट्रैक्ट निजी कंपनियों को सौंपे जा सकें, निजी कंपनियां महंगे दाम पर वैक्सीन बेचकर भारी मुनाफा कमाएं और उसकी कीमत आपकी जेब से निकाली जाए और एक दिन बिबकॉल को 'नुकसान' के नाम पर बंद कर इसकी संपत्ति मुफ्त या सस्ते दामों में पूंजीपति मित्रों में बांट दी जाए। उन्होंने बताया कि बिबकॉल कंपनी बुलंदशहर से संचालित होती थी और उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में स्थित इस कंपनी की जमीन और संपत्ति काफी महंगी है। जब से उत्तर प्रदेश में जेवर एयरपोर्ट बनाने की घोषणा हुई है, उसके बाद इसकी कीमत आसमान छू रही है। उन्होंने कहा कि इस कंपनी के कर्मचारियों की आर्थिक पीड़ा सरकार से साझा की है।

## पीरीयड अवकाश को लेकर बननी चाहिए राष्ट्रीय नीतिः चंद्रशेखर



**नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने लोकसभा में उठाई मांग, गृहमंत्री अमित शाह के बयान पर किया पलटवार**

**नई दिल्ली।** यूपी की नगीना संसदीय सीट से सांसद व आजाद समाज पार्टी के नेता चंद्रशेखर आजाद ने गुरुवार को लोकसभा में मासिक धर्म (पीरियड) अवकाश को लेकर राष्ट्रीय नीति की मांग उठाई है। आजाद ने कहा कि मासिक धर्म अवकाश को लेकर राष्ट्रीय नीति बननी चाहिए और इसके तहत असंगठित क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं को शामिल किया जाना चाहिए, उन्होंने सदन में शून्यकाल के दौरान यह मांग उठाई। नगीना सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि मासिक धर्म अवकाश को लेकर कोई राष्ट्रीय नीति नहीं है, जबकि कई देशों में ऐसी नीति मौजूद है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि मासिक धर्म अवक. इस पर राष्ट्रीय नीति तैयार होए। मीडिया से बात करते हुए कहा नगीना सांसद ने कहा कि जितना पैसा चुनाव के दौरान खर्च हो रहा है, उसके बाद किसी गरीब का बेटा तो आगे बढ़ ही नहीं सकता है। मतादिकार हमारी शक्ति है, इसे छीनने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के मताधिकार को अप्रत्यक्ष रूप से छीनना चाह रही है, एसआईआर में इतनी तेजी क्यों की जा रही है, क्या वे कुछ छिपाना चाहते हैं? भारत अकेला ऐसा देश है जहां संविधान के लागू होने के बाद सभी को मताधिकार मिला है।

# जरूरतमंद को आवास बीमार को मिलेगा उपचार

**गोरखपुर, वार्ता**



**सीएम योगी ने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनकर दिया भरोसा**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने आवास के लिए जरूरतमंद लोगों को आवास दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया।

योगी गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 300 लोगों से मुलाकात की और कहा कि कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। ध्यान से बात सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए और निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। जनता दर्शन में एक महिला ने आवास की समस्या बताई। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाया जाएगा। इसे लेकर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित भी किया और कहा कि सरकार की मंशा है कि हर जरूरतमंद के पास पक्का आवास हो। जनता दर्शन में एक महिला ने अपने पति की बीमारी में इलाज के लिए मदद की गुहार लगाई।

इस पर योगी ने महिला को आश्वस्त किया कि वह अपने पति का अच्छे से इलाज कराएं, पैसे की व्यवस्था विवेकाधीन कोष से करा दी जाएगी। इलाज में आर्थिक मदद मांगने कई अन्य लोग भी आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा।

उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी।

### बहराइच हिंसा के दोषी सरफराज को फांसी की सजा, नौ को उम्रकैद

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में 13 अक्टूबर 2024 को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान भड़की सां. प्रदायिक हिंसा में मारे गए 22 वर्षीय राम गोपाल मिश्रा की हत्या मामले में अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने गुरुवार को दोषियों को सजा सुनाई। बहराइच कोर्ट ने राम गोपाल की हत्या के दोषी सरफराज को फांसी की सजा सुनाई है। वहीं 9 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। बता दें कि कोर्ट ने 9 दिसंबर को 13 आरोपियों में से 10 को दोषी ठहराया था, जबकि तीन को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया था। दोषी ठहराए गए आरोपी अब्दुल हमीद, उसके बेटे फहीम, सरुराज, तालिब, सैफ, जावेद, जीशान, ननकऊ, शोएब और मारुफ हैं।

# कफ सिरप केस में सहारनपुर के दो भाई गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** कोडीन कफ सिरप केस में गुरुवार को यूपी एसटीएफ ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इन आरोपियों का नाम अभिषेक शर्मा और शुभम शर्मा हैं, दोनों सगे भाई हैं। ये दोनों कोडीन कफ सिरप का अवैध रूप से स्टॉक रखते थे। एसटीएफ को इनके पास से कई अहम दस्तावेज भी बरामद हुए हैं।

अभिषेक और शुभम सहारनपुर के रहने वाले हैं। लखनऊ के आलमबाग इलाके से एसटीएफ ने इनको गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से दो मोबाइल और फर्जी फर्मों से संबंधित तमाम दस्तावेज बरामद किए हैं। जानकारी के मुताबिक एबॉट कंपनी का दिल्ली का सुपर डिस्ट्रीब्यूटर एवं अभियोग में वांछित अभियुक्त अभिषेक शर्मा और शुभम शर्मा किसी काम से गुरुवार को लखनऊ आए हुए थे। एसटीएफ ने आलमबाग मवैया रोड पर टेढ़ी पुलिया तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। अभिषेक शर्मा ने बताया कि वर्ष 2019 से वह विशाल सिंह एवं विभोर राणा के यहां जी.आर. ट्रेडिंग दवा की फर्म में काम कर रहा था। वह लोडिंग-अनलोडिंग का काम देखा करता था एवं उससे संबंधित रिकॉर्ड मेंटेन करता था। विभोर और विशाल एबॉट कंपनी की अन्य दवाओं के साथ फेन्सेडिल कफ सिरप मंगाते थे एवं फर्जी फर्म के माध्यम से खरीद-बिक्री दिखाकर नशे के रूप में प्रयोग करने के लिए तस्करों को सप्लाई करते थे, जो बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के रास्ते बांग्लादेश भेजी जाती थी।

### शुभम जायसवाल पर 25 हजार का इनाम

**वाराणसी।** कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप की तस्करी के मामले में वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस ने मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। फरार चल रहे शुभम जायसवाल की तलाश में वाराणसी, सोनभद्र, जौनपुर और चंदौली पुलिस के साथ-साथ विशेष जांच टीम (एसआईटी), स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और एंटी नारकोटिक्स सेल की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। इस गिरोह के एक अन्य प्रमुख सदस्य झारखंड (रांची) की शैली ट्रेडर्स के मालिक भोला प्रसाद को सोनभद्र पुलिस ने कुछ दिन पहले कोलकाता से गिरफ्तार किया था।

### रिजर्व बैंक ने 50 हजार करोड़ की सरकारी प्रतिभूतियां खरीदीं

**मुंबई।** आरबीआई ने बैंकिंग तंत्र में नकदी की उपलब्धता बढ़ाने के प्रयास के तहत गुरुवार को खुले बाजार से 50,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद की। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 5 दिसम्बर को मौद्रिक नीति संबंधी बयान जारी करने के अवसर पर बताया था कि केंद्रीय बैंक इस महीने एक लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद करेगा। पहले चरण के तहत आज 50,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूति खरीदी गई है जबकि 18 दिसम्बर को इतने ही मूल्य की प्रतिभूतियां खरीदी जाएंगी। ये प्रतिभूतियां चार से लेकर 25 साल तक की मियाद वाली हैं। रिजर्व बैंक ने बताया गया है कि उसने 6.75 प्रतिशत पर 2029 की 6,638 करोड़ रुपये की प्रतिभूतियां खरीदी हैं।

### लोकतंत्र के मंदिर संसद में धूम्रपान करना संविधान का अपमानः भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने गुरुवार को कहा कि लोकतंत्र के मंदिर संसद में धूम्रपान करना संविधान और कानून का अपमान है। पार्टी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में लगाया। पूनावाला ने आज संसद में टीएमसी सांसद द्वारा ई सिगरेट लाने और उसके उपयोग पर टिप्पणी करते हुए कहा कि लोकतंत्र के मंदिर में एक दुर्भाग्यपूर्ण एक घटना को घटते हुए देखा गया। इस संबंध में सांसद अनुराग ठाकुर ने सदन को और अध्यक्ष को अवगत कराया है। पूनावाला ने कहा कि पूरे देश में ई-सिगरेट 2019 से पूरी तरह से प्रतिबंधित है। कानून के अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना भी प्रतिबंधित है। लोकतंत्र के मंदिर में ई-सिगरेट लाना और पीना कानून के खिलाफ है। इस मामले पर संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष ने भी कहा कि ये पूर्ण तरीके से गलत है, इसकी जांच होगी और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसपर कार्यवाही की जाएगी।



**सेंसेक्स** 84818.13
**निफ्टी** 25898.55



**सोना रु. 128535**
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु. 186988**
प्रति किलो



# बाजारों में तीन दिन बाद लौटी रौनक

**मुंबई, वार्ता**



रिजर्व बैंक द्वारा 50 हजार करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद से उत्साहित निवेशकों की लिवाली से गुरुवार घरेलू शेयर बाजारों में तीन दिन बाद तेजी लौट आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 426.86 अंक (0.51 प्रतिशत) उछलकर 84,818.13 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचक. ांक भी 140.55 अंक यानी 0.55 प्रतिशत की बढ़त में 25,898.55 अंक पर बंद हुआ। रिजर्व बैंक ने बैंकिंग तंत्र में नकदी बढ़ाने के उपायों के तहत आज 50,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद की। दूसरे चरण में 18 दिसम्बर को इतने ही मूल्य की और सरकारी प्रतिभूतियां खरीदने की उसकी योजना है। इससे बाजार में निवेश धारणा मजबूत हुई है। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.01 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.81 फीसदी चढ़ा। ऑटो, धातु, आईटी, फार्मा, बैंकिंग, रियलिटी, स्वास्थ्य और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में ज्यादा तेजी रही। तेल एवं गैस और मीडिया सेक्टरों के सूचकांक मामूली गिरावट में रहे। एनएसई में कुल 3,206 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 1,919 के शेयरों में तेजी और 1,183 में गिरावट रही। अन्य 104 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल का शेयर 2.74 प्रतिशत चढ़ा। टाटा स्टील में 2.56 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक में 2.45, मारुति सुजुकी में 1.62, अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.31 और टेक महिंद्रा तथा सनफार्मा दोनों में 1.16 प्रतिशत की तेजी रही। एचडीएफसी बैंक का शेयर 0.99 प्रतिशत, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 0.98, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 0.97, इंफोसिस का 0. 83, ट्रेंट का 0.68 और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 0.63 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारतीय स्टेट बैंक, एलएंडटी, एनटीपीसी और अदानी पोर्ट्स के शेयर भी हरे निशान में रहे। वहीं एशियन पेंट्स का शेयर 0.91 प्रतिशत, भारती एयरटेल का 0.65 प्रतिशत रहा।

# चांदी पहुंची ऑलटाइम हाई पर, सोने के दाम भी बढ़े

**नई दिल्ली।** गुरुवार को चांदी अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार चांदी 1,500 रुपए बढ़कर 1,86,988 रुपए किलोग्राम हो गई है। इससे पहले कल ये 1,85,488 रुपए पर थी। वहीं साल 747 रुपए बढ़कर 1,28,535 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले ये 1,27,788 रुपए पर था। सोने ने 17 अक्टूबर को 1,30,874 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेकिंग चार्ज और ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता, इसलिए अलग-अलग शहरों के रेट्स अलग-अलग होते हैं। पंजाब नेशनल बैंक समेत कई बैंक गोल्ड लोन रेट तय करने के लिए इन कीमतों का इस्तेमाल करते हैं। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर. हिंगाप्पुर मैनेजमेंट यूनिवर्सिटी के कोस्मास मरिनाकिस ने कहा कि चांदी अब सिर्फ निवेश का साधन नहीं रह गया है, बल्कि एक जरूरी भौतिक संसाधन भी है। मैन्युफैक्चरिंग कंपनियां को इसकी ज्यादा जरूरत है। इसलिए, मांग बढ़ रही है।

इससे कीमतों में लगातार तेजी है। चांदी के दाम में उछाल की एक और बड़ी वजह है कि अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की ट्रेड नीतियों के तहत चांदी पर टैरिफ लगने का डर है। इस डर से अमे. रिकी कंपनियां चांदी का भारी स्टॉक जमा कर रही हैं, जिससे दुनिया के बाकी हिस्सों में कमी हो गई है। दुनियाभर के मैन्युफैक्चरर अपनी प्रोडक्शन बाधित न हो, इसलिए सप्लाई पक्की करने की होड़ में हैं।

# चावल, गेहूं के भाव मजबूत, चीनी, दालों और खाद्य तेलों में रही नरमी



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ गेहूं भी मजबूत हुआ। वहीं चीनी, दालों और खाद्य तेलों में नरमी देखी गई। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत तीन रुपये बढ़कर 3,854.01 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं दो रुपये महंगा हुआ और 2,852.57 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत सात रुपये टूट गई। दाल-दलहनों में नरमी रही। चना दाल औसतन 24 रुपये और तुअर दाल 18 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल और मूंग दाल 17-17 रुपये टूट गई। मसूर दाल 12 रुपये प्रति क्विंटल कमजोर हुई। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा एक रिंगिट चढ़कर 4,064 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.63 प्रतिशत गिरकर में 50.77 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 80 रुपये और वनस्पति 86 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 73 रुपये और सोया तेल की 67 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। पाम ऑयल 10 रुपये और सूरजमुखी तेल चार रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 25 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। चीनी भी पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहेः दाल-दलहनः दाल चना 7837.01 रुपये, मसूर काली 8170.48 रुपये, मूंग दाल 10097.72 रुपये, उड़द दाल 10348.83 रुपये, तुअर दाल 10581.17 रुपये प्रति क्विंटल। अनाजः (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2852.57 रुपये और चावल 3854.01 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3292.45 प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़ः चीनी एस 4325. 01 रुपये और गुड़ 4979.78 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेलः सरसों तेल 17655.51 रुपये, मूंगफली तेल 17749.67 रुपये, सूरजमुखी तेल 15723.31 रुपये, सोया तेल 13769.42 रुपये, पाम ऑयल 12423.06 रुपये और वनस्पति 14422.01 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# व्यावसायिक परीक्षा के लिए प्रयोगात्मक परीक्षकों की मैपिंग 26 तक पूरी करें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**छूटे हुए/सप्लीमेंट्री श्रेणी की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 15 से 19 दिसम्बर 2025 के बीच आयोजित की जाएंगी**

**लखनऊ।** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा (दिसम्बर- 2025) की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गया है।

प्रमुख सचिव डा. हरिओम ने बताया कि छूटे हुए/सप्लीमेंट्री श्रेणी की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 15 से 19 दिसम्बर 2025 के बीच आयोजित की जाएंगी। इसके लिए प्रैक्टिकल एग्जामिनर मैपिंग की अनिवार्य समय-सीमा 9 से 26 दिसम्बर 2025 तय की गई है। इस बाबत उन्होंने सभी जिलों को निर्देशित किया है कि यह प्रक्रिया परीक्षा शुरू होने से पहले हर हाल में पूरी कर ली जाए। गुरुवार को प्रमुख सचिव डा. हरिओम ने बताया कि डीजीटी, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार केवल वही परीक्षक मैपिंग के लिए पात्र होंगे, जो सीधे पोर्टल पर पंजीकृत हैं। यदि किसी जनपद में पंजीकृत परीक्षकों की संख्या कम पड़ती है तो संबंधित नोडल राजकीय आईटीआई की अध्यक्षता में गठित समिति ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करेगी। यह समिति आवेदकों के शैक्षिक दस्तावेज, योग्यता और अनुभव की जांच कर उनके अनुमोदन की प्रक्रिया पूरी करेगी। उन्होंने बताया कि इस कार्य हेतु तीन सदस्यीय जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। इसमें जिलाधिकारी द्वारा नामित सदस्य को अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि नोडल राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का प्रधानाचार्य तथा जिले के अन्य राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य/वरिष्ठतम कार्यदेशक सदस्य होंगे। यह समिति डीजीटी के निर्धारित मानकों के अनुरूप परीक्षकों का चयन सुनिश्चित करेगी, ताकि प्रयोगात्मक परीक्षाएं बिना किसी बाधा के सम्पन्न हो सकें।

प्रमुख सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि अधिक से अधिक योग्य परीक्षकों का पोर्टल पर पंजीकरण कराया जाए, जिससे परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की कमी उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि नोडल प्रधानाचार्यों को समयबद्ध ढंग से कार्यवाही सुनिश्चित करनी होगी, ताकि न तो परीक्षकों की कमी रहे और न ही परीक्षा कार्यक्रम में कोई देरी हो। विभाग का कहना है कि परीक्षकों की उपलब्धता और समय पर मैपिंग प्रक्रिया परीक्षा संच. ालन की गुणवत्ता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# हाइड्रोजन से चलने वाला देश का पहला यात्री जलयान गंगा में रवाना

**केंद्रीय पत्तन पोत परिवहन मंत्री सर्बानंद ने किया रवाना**

**वाराणसी।** केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने गुरुवार को वाराणसी के नमो घाट से देश के पहले पूर्णतः स्वदेशी हाइड्रोजन ईंधन सेल आधारित यात्री जलयान के वाणिज्यिक संचालन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जलयान देश में समुद्री एवं अंतर्देशीय जल परिवहन क्षेत्र में हाइड्रोजन ईंधन सेल प्रणोदन प्रौद्योगिकी का पहला व्यावसायिक प्रदर्शन है और इसमें 100 प्रतिशत स्वदेशी तकनीक पर आधारित है।

निम्न तापमान प्रोटॉन एक्सचेंज मेम्ब्रेन ईंधन सेल प्रणाली से संचालित यह जलयान संग्रहित हाइड्रोजन को विद्युत में बदलता है और एकमात्र उप-उत्पाद के रूप में शुद्ध जल छोड़ता है। इस अवसर पर सोना. वाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत स्वच्छ, टिकाऊ और आत्मनिर्भर परिवहन प्रणालियों की ओर तेजी से अग्रसर है।

आज देश का पहला स्वदेशी हाइड्रोजन ईंधन चालित जलयान लॉन्च करना 'मेक इन इंडिया' और हरित परिवहन के प्रति प्रधानमंत्री जी की प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है। यह उपलब्धि माँ गंगा के पुनरुद्धार एवं संरक्षण के हमारे व्यापक मिशन को भी सशक्त बनाती है। भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण की स्वामित्व वाली यह 24 मीटर लंबी कैटामरन नौका कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा निर्मित की गई है। परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे होने के बाद इसे वाणिज्यिक सेवा में शामिल किया गया है। 50 यात्रियों की क्षमता वाली पूर्णतः वातानुकूलित यह नौका हाइड्रोजन ईंधन सेल, बैटरी तथा सौर ऊर्जा की हाइब्रिड प्रणाली से संचालित है। एक बार हाइड्रोजन भरने पर यह लगातार आठ घंटे तक 7-9 समुद्री मील प्रति घंटे की गति से संचालन कर सकती है। इसके लिए कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड और इनर्लेड एंड कोस्टल शिपिंग लिमिटेड के बीच त्रिपक्षीय समझौता हुआ है, जिसमें तकनीकी सहायता, संच. ालन, सुरक्षा मानक और नियमित निरीक्षण के प्रावधान शामिल हैं। हाइड्रोजन नौका के संचालन से यात्रियों को शोर-मुक्त, धुआं-मुक्त एवं प्रदूषण-रहित यात्रा का अनुभव मिलेगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, ईरानगंज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सूचना दिया जाता है कि इन अखबार में प्रकाशित होने वाले किसी विज्ञापन पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी विज्ञापन जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कार्यवाही करता है, तो इसके लिए अखबार जिम्मेदार नहीं होगा।

# हाइवे पार करते महिला की वाहन से कुचलकर मौत

## श्यौनाली की दरगाह पर आई थी मन्नतें मांगने



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** हाईवे पर गुरुवार दोपहर श्योनाली की ज्यारत के सामने तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सड़क पार करते में 50 वर्षीय समशीदा को रौंद दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह में उछलकर दूर जाकर गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। परिजन पोस्टमार्टम कराए बिना शव घर ले गए और सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।

जानकारी के मुताबिक मृतक समशीदा अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव दरियापुर निवासी आरिफ अली की पत्नी थीं। उनके परिवार में चार बेटी और दो बेटे हैं। सभी की शादी हो चुकी है। परिजनों के मुताबिक समशीदा गुरुवार को हाईवे पर स्थित श्योनाली की ज्यारत पर गई थीं। वह अक्सर अकेली ही ज्यारत पर जाया करती थीं। वहां से लौटते समय वह ज्यारत के सामने हाईवे पर सड़क पार कर रही थीं। उसी दौरान दिल्ली से मुरादाबाद की तरफ जा रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि समशीदा हवा में उछलकर दूर जाकर गिरीं। थोड़ी देर में मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। आरोपी चालक वाहन लेकर फरार हो गया। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए और कार्रवाई से इनकार कर शव घर ले गए। प्रभावी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने के साथ ही किसी भी तरह की कार्रवाई से इनकार कर दिया था। तहरीर मिलने पर मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाती।

# सीजन के पहले कोहरे ने लगाया रफ्तार पर ब्रेक

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** गुरूवार को सीजन का पहला कोहरा गिरने से मौसम में ठंड बढ़ गई, वहीं घना कोहरा छाने से वाहनों की रफ्तार थम गई। सुबह चार बजे से करीब सात बजे तक घना कोहरा छाया रहा। उसके बाद धूप निकलने पर मौसम साफ हुआ।

■ **और दिनों की अपेक्षा मौसम में बढ़ी ठंड**



जानकार लोग बताते हैं कि अब सर्दी बढ़नी शुरू हो जाएगी।

यूं तो सर्दी पिछले काफी समय से हो रही है मगर इस सीजन का पहला घना कोहरा गुरूवार सुबह पड़ा। कोहरा सुबह चार बजे के बाद घना हुआ। इससे दृश्यता करीब 50 मीटर ही रह गई। दृश्यता कम होने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। चालक लाइट जलाकर और एक के पीछे दूसरा वाहन लेकर चले। सुबह करीब सात बजे हवा चलने और धूप निकलने पर कोहरा कम हुआ। सुबह नौ बजे के बाद ही मौसम पूरी तरह से साफ हो सका। वाहन चालकों को सबसे ज्यादा समस्या हाइवे पर हुई। वहां पर वाहन रेंग-रेंगकर चले। वहीं सुबह की शिफ्ट में जाने वाले श्रमिकों और कामकाजी लोगों के साथ साथ सुबह के समय ट्रेन से यात्रा करने वाले लोगों को घने कोहरे के कारण काफी एहतियात बरतनी पड़ी। मौसम विभाग के अनुसार अब कोहरा लगातार पड़ने का अनुमान है। कोहरा बढ़ेगा तो रात के साथ साथ दिन में भी ठंड का असर देखने को मिलेगा।

# लाखों के सोने चांदी के आभूषण चोरी

## परिवार गया था मौत में शामिल होने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। गांव निवासी शरीफ अहमद पुत्र रईस अहमद के साले अफसर निवासी सिहाली जागीर की अमरोहा के जोया कस्बे में बुधवार दोपहर को एक सड़क हादसे में मौत हो गई थी। देर रात उनके दफीने में शामिल होने के लिए शरीफ अहमद के परिवार के लोग उनके घर गये हुए थे। इस दौरान रात्रि में किसी समय उनके ही पड़ोस का एक युवक उनके घर में घुस गया और मकान की खिड़की तोड़कर अंदर दाखिल हो गया। अंदर दाखिल होने के बाद उसने सेफ अलमारी में रखी 10 हजार रुपये की नगदी, सोने के झुमकी, दो जोड़ी पायल, दो अंगूठी चोरी कर ली। जब परिवार के लोग घर लौटे तो वहां पड़े बिखरे सामान को देखकर उनके होश उड़ गये। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को भी खंगालना शुरू कर दिया। सीसीटीवी कैमरों के आधार पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर पुलिस ने युवक के कब्जे से चोरी सामान बरामद कर दिया। चोरी करने वाला चोर इतना शातिर था कि वह मौत में शरीफ के आस पास ही घूमता नजर आ रहा था। अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि आरोपी शब्बू पुत्र पप्पू के कब्जे से सामान एवं 9060 रुपए की नगदी को बरामद कर लिया गया है।

# घर से टहलने के लिए निकला अधेड़ लापता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गजरौला।** नगर के मोहल्ला लक्ष्मीनगर का निवासी एक अधेड़ उम्र का व्यक्ति लापता हो गया है। परिजनों ने पुलिस को भी गुमशुदगी की सूचना दी है। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला लक्ष्मी नगर में विनोद शर्मा का परिवार रहता है। गुरुवार दोपहर करीब एक बजे बजे विनोद शर्मा घर से बाहर टहलने के लिए निकले थे। इसके बाद वे शाम तक वापस नहीं आए तो परिवार के लोगों ने उनकी तलाश शुरू कर दी, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। विनोद शर्मा के अचानक लापता होने से परिवार के लोगों को काफी चिंता हो रही है। परिवार के लोगों ने विनोद शर्मा का एक फोटो भी इंटरनेट मीडिया पर वायरल करते हुए लोगों से उनकी तलाश में मदद कराने की अपील की है, साथ ही पुलिस को भी गुमशुदगी की सूचना दी है।

# बारात घर व लाइब्रेरी में घटिया निर्माण सामग्री का आरोप

## शिकायत पर ठेकेदार ने सभासद पुत्र को धमकाया, डीएम से की जांच की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नगर पंचायत सैदनगली के वार्ड नंबर 01 मेंहन्दीपुर में चल रहे बारात घर और डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क व लाइब्रेरी के निर्माण कार्य पर गंभीर आरोप लगे हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र सौंपकर दावा किया है कि ठेकेदार घटिया क्वालिटी की ईंट, बजरी और सीमेंट का इस्तेमाल कर रहा है, जो मानकों के अनुरूप नहीं है। शिकायत में ठेकेदार पर वार्ड सभासद के पुत्र को धमकी देने और अपशब्द कहने का भी आरोप है।

शिकायत पत्र में कहा गया है कि गाटा संख्या 552 (रकबा 395 हेक्टेयर) पर बारात घर और गाटा संख्या 551 पर पार्क व लाइब्रेरी का निर्माण हो रहा है। ग्रामीणों ने कई बार अधिशासी अधिकारी, चेयरमैन और ठेकेदार से शिकायत की, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। वार्ड सभासद श्रीमती राजकली देवी के पुत्र रविंद्र सिंह ने भी अधिकारियों से बात की, लेकिन ठेकेदार ने उन्हें भड़काते हुए कहा, ष्जैसे मैं चाहूंगा, वैसा ही सामान लगाऊंगा। तुझसे जो हो, कर लेना।ष ठेकेदार ने यह भी दावा किया कि उसके सभी अधिकारियों से अच्छे संबंध हैं और उसका कुछ



नहीं बिगड़ेगा। शिकायतकर्ताओं ने जिलाधिकारी से मांग की है कि निर्माण कार्य की गहन जांच कराई जाए, ठेकेदार का ठेका रद्द किया जाए और नए ठेकेदार को काम सौंपा जाए। साथ ही, घटिया सामग्री के इस्तेमाल, अपशब्द और जान से मारने की धमकी देने के लिए ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए।

## नशा खिलाकर भतीजे का कराया निकाह

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** नशा खिलाकर भतीजे की शादी कराने वालों ने विरोध पर चाचा को दौड़ाकर पीटा। मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कुरैशी में मिलन मैरिज हाल के पास 9 दिसंबर की दोपहर की है। मोहल्ला चिल्ला के रहने वाले हसीन पाशा यहां रहने वाले मंसूर, कादिर व फहीम के पास शिकायत करने आए थे। उनका आरोप है कि इन तीनों ने उनके भतीजे का नशे की गोली खिलाकर निकाह कराया है। पूछने पर तीनों ने हसीन पाशा पर हमला कर दिया और सड़क पर दौड़ाकर पीटने लगे। शोर सुनकर भीड़ जमा होती देख आरोपी धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित हसीन पाशा ने आरोपियों के खिलाफ शहर कोतवाली में तहरीर दी थी। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान करने की बात कही ।

# दौड़ में एमएस हाउस को मिला प्रथम स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के रायल स्कॉलर्स एकेडमी में गुरूवार को

■ **रॉयल स्कॉलर्स एकेडमी में तीन दिवसीय प्रतियोगिता शुरू**



तीन दिवसीय खेल प्रतियागिता का शुभारंभ हुआ। पहले दिन कक्षा 6,7 एवं 8 के बच्चों ने मार्च पास्ट और परेड द्वारा प्रधानाचार्य एवं अतिथियों को सलामी दी।

प्रधानाचार्य समीर प्रभाकर ने कहा कि छात्र जीवन में खेलों का विशेष महत्तव है। खेलों से प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है और हमारा शारिरिक और मान. सिक स्वास्थ्य भी उत्तम रहता है। कक्षा प्ले से केजी के बच्चो ने फाग रेस, जम्प रेस और लेमन रेस में प्रतिभाग किया तो वहीं कक्षा 1 से 8 तक के बच्चो ने अलग अलग दौड़ प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पहले दिन के परिणामों के आधार पर एमएस हाउस ने प्रथम, जेसी हाऊस ने दितीय, एसआर हाऊस ने तृतीय और जीएस हाऊस ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया शुक्रवार को खो-खो, कबड्डी, फुटबॉल एवं बॉलीवाल खेल होंगे। इस मौके पर रितु सिंह, उपासना शर्मा, कविता बिधुड़ी, पलक चौहान, रागिनी, समता, मंचल, पूजा वर्मा, ईलमा आदि मौजूद रहे। कमेट्री शिक्षक अनंत राज एवं मैदान व्यवस्था में विशाल की देखरेख रही।

# दहेज के लिए विवाहिता का उत्पीड़न

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक विवाहिता ने पति समेत ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करके घर से निकालने का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक युवती की शादी 18 अप्रैल 2024 को बछरायूं थाना क्षेत्र के गांव हाफिजपुर निवासी गुरदीप सिंह से हुई थी। युवती के पिता ने महंगी गाड़ी, 15 लाख रूपये नकद और गहने आदि समेत लगभग एक करोड़ रूपये का व्यय किया था, शादी के कुछ समय तक तो विवाहिता के प्रति पति और ससुराल पक्ष के लोगों का रवैया ठीक रहा मगर धीरे धीरे उन्होंने विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोप है कि 25 लाख रूपये नकद की मांग पूरी न करने पर विवाहिता को 07 जुलाई 2025 को घर से निकाल दिया। जिसके बाद विवाहिता ने बुधवार की शाम को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने पति गुरदीप सिंह, देवर दीपेन्द्र सिंह डागर, सास ममता देवी व ससुर राजीव कुमार के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## एक नजर

### दीनी मुकाबले में मोहसिन रहे अव्वल



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** संभल रोड स्थित मदरसा दारुल उलूम अशफाकिया में बुधवार रात दीनी मुकाबला आयोजित हुआ। जिसमें तालिबेइल्मों ने अपना शानदार प्रदर्शन किया। मुकाबले में बरेली से मुफ्ती हनीफ, संभल से मौलाना कारी इरफान लतीफी व मलक फतेहपुर से मौलाना दानिश सऊदी जज की भूमिका में रहे। मुकाबले में सैदनगली के मदरसा मदीनतुल उलूम के मोहम्मद मोहसिन ने पहला, संभल के नखासा स्थित मदरसा खलीलुल उलूम के मोहम्मद नकी ने दूसरा तथा जोया के मदरसा दारूल उलूम अशफाकिया के मोहम्मद शुएब ने तीसरा नंबर हासिल किया। इस दौरान कारी रियासत, सैय्यद कैसर खालिद, मौलाना एहसान, कारी मेहराज, मौलाना आफताब, कारी हामिद, मौलाना उस्मान, मौलाना असनाद, मौलाना तौहीद आदि मौजूद रहे।

# सिपाही की शादी रुकवाने को पहुंची महिला

## ठोस सबूत न मिलने पर बेरंग वापस लौटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** जनपद बिजनौर के प्रेमी सिपाही की शादी होने की सूचना पर अपने आप को उसकी पत्नी बताने वाली महिला हंगामा करने की नीयत से पहुंच गई। लेकिन बाद में कोई पुख्ता सबूत न देने के कारण वह अपने घर को वापस हो गई।

नगर के एक मैरिज हॉल में जनपद बिजनौर के रहने वाले एक युवक की शादी हो रही थी। बताया जा रहा है कि युवक उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल है। बुधवार की रात नगर के मैरिज हॉल में सिपाही की शादी होने की सूचना पाकर जनपद बिजनौर की एक महिला अपनी बहन वह वह उसके बच्चे के साथ नगर पहुंच गई। महिला का कहना था कि सिपाही से उसकी मंदिर में शादी हुई है। दोनों प्रेम करते थे। 1 साल से अधिक समय तक वह उसके रिलेशन में रही है। सिपाही उसे हरिद्वार भी ले गया था। वहां तीन दिन रुक कर दोनो आये थे। लेकिन युवती को पूरी कहानी सुनाने में डर लग रहा था। बाद में महिला शिकायत करने के लिए कोतवाली पहुंच गई। लेकिन पुलिस ने उसकी एक नहीं सुनी तथा उसे समझा कर वापस उसके घर भेज दिया। क्राइम इंस्पेक्टर अमरपाल सिंह ने बताया कि महिला शिकायत करने के लिए कोतवाली आई थी। महिला पर बिजनौर में ठगी करने के मुकदमे दर्ज हैं। महिला हनीट्रैप गैंग चलती है।

# ड्यूटी के प्रति अनुशासन भावना जरूरी

## प्रान्तीय रक्षक दल का स्थापना दिवस मना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में प्रांतीय रक्षक दल का 77वा स्थापना दिवस स्पोर्ट्स स्टेडियम माली खेड़ा में मनाया गया।

गुरुवार को कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर जिलाधिकारी श्रीमती गरिमा सिंह तथा जिला विकास अधिकारी श्रीमती सरिता द्विवेदी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सर्व प्रथम परेड कमांडर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी गौरव यादव द्वारा सलामी दी गई। परेड कमांडर द्वारा परेड का संचालन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा परेड की सलामी ली गई। टोली नंबर 1 का नेतृत्व पीआरडी जवान सोनू कुमार, टोली नंबर 2 का नेतृत्व पीआरडी जवान पवन कुमार एवं टोली नंबर 3 का नेतृत्व पीआरडी दीपक कुमार ने किया। जिला अधिकारी द्वारा बताया गया की प्रांतीय रक्षक दल विभाग आजादी के साथ का विभाग है।पीआरडी जवानों में अनुशासन कर्मठता तथा ड्यूटी के प्रति



जो अनुशासन की भावना है वह प्रशंसा योग्य है। परेड में टोली नंबर एक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके पश्चात खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दौड़ में अतुल कुमार पीआरडी जवान ने एवं रस्साकसी में टोली नंबर 3 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में जिला क्रीड़ा अधिकारी देशकान्त त्यागी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अश्विनी कुमार, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी प्रदीप चौहान, गौरव कुमार यादव, अमित कुमार यादव उपस्थित रहे।

# कालाखेड़ा से दीपपुर तक बने बाईपास

## चार घंटे जाम लगने से लोगों को हुई परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सड़क पर अतिक्रमण होने के कारण 4 घंटे तक जाम लगा रहा। वाहनों में फंसे लोग परेशानी से जूझते रहे।

गुरुवार को संभल बस स्टैंड चौराहा पर अतिक्रमण फैला होने के कारण 4 घंटे तक दोपहर के समय जाम लगा रहा। जाम में फंसे वाहनों में बैठे यात्रियों का बुरा हाल हो गया। राहगीरों का कहना है कि संभल बस स्टैंड चौराहा पर अतिक्रमण फैला हुआ है। डग्गामार टेंपो व अन्य वाहन सड़क के बीचों बीच खड़े होकर यात्रियों को भरते हैं। जिसके चलते यहां पर आये दिन जाम लगा रहता है। इस रोड से गुजरने वाले लोगों को जाम में फंसकर परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस रोड पर काला खेड़ा में सहक. ारी चीनी मिल होने के कारण गन्ने से भरे ट्राले एवं ट्रक जाते हैं। जिससे आये दिन जाम लगा रहता है। कई समाजसेवी संगठनों ने संभल बस स्टैंड चौराहा के आसपास सड़क पर फैले अतिक्रमण को हटाये जाने के साथ ही गांव काला खेड़ा से दीपपुर गेट तक बाईपास बनवाये जाने की मांग उठाई है। समाजसेवी संगठनों का कहना है कि ट्रैफिक अधिक होने के कारण संभल बस स्टैंड चौराहा पर अक्सर जाम लग जाता है। जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# यूरिया के बढ़े दाम वापस लिए जाएं

## सैदनगली में भाकियू खालसा की पंचायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** गुरुवार को नगर पंचायत सैदनगली के एक ट्रैक्टर बाजार में भारतीय किसान यूनियन खालसा की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष सम्भल, ओमप्रकाश द्वारा किया गया। बैठक का मुख्य फोकस संगठन को ग्रामीण स्तर पर मजबूती प्रदान करना था। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह की उपस्थिति में, नगर पंचायत सैद नगली और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के कई प्रमुख सम्मानित व्यक्तियों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ने बड़ी संख्या में युवाओं एवं महिलाओं से संगठन से जुड़ने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने नशे के खिलाफ कड़े कदम उठाने की बात कही और यूरिया पर बढ़ाये गये शुल्क के विरोध में सरकार से इस निर्णय को तत्काल वापिस लेने की मांग भी रखी। जिलाध्यक्ष ओमप्रक. ाश ने अपने संबोधन में युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने और गाँव-गाँव में बेहतर नेतृत्व तैयार करने पर विशेष बल दिया।बैठक उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई और संगठन विस्तार को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। इस अवसर पर कुमैल असगर, मौहम्मद स्वालेह,नदीम, मुजम्मिल अंसारी, विजय प्रधान, भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# दिवंगत दम्पति को तंवर ने दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर ने ग्राम कुन्हेरिया चकफेरी पहुंचकर भाजपा नेता विजय सिंह पंवार के भाई स्व. इकबाल सिंह पंवार एवं उनकी पत्नी स्व. प्रेमवती के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। अध्यक्ष तंवर ने शोकाकुल परिवार से मिलकर संवेदनाएं प्रकट कीं। बता दें कि इकबाल सिंह लंबे समय से बीमार थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही उनकी पत्नी ने भी सदमे में दम तोड़ दिया। इन दर्दनाक घटनाओं ने पूरे क्षेत्र को शोकाकुल कर दिया है। अध्यक्ष ललित तंवर ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और परिवार को धैर्य व साहस प्रदान करने की प्रार्थना की। इस दौरान पिंटू भाटी, जिला पंचायत सदस्य अंकुर चौहान, मोनू यादव, शानि चौहान, विजय सिंह पंवार, मोहित कुमार, अनुज राणा, अंकुर नागर, विपिन कुमार, आयुष चौधरी, विविध भाटी, नौशद, भूपेंद्र, भनोत शर्मा, प्रदीप कुमार, वीरेंद्र सिंह सहित कई भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# नौ प्रतिशत ब्याज से लौटाएं बीमा राशि

## उपभोक्ता फोरम ने दिया आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पति की मौत के बाद पत्नी को बीमा क्लेम न देने के मामले में उपभोक्ता फोरम ने बीमा कम्पनी को दो लाख रूपये नौ प्रतिशत ब्याज के साथ लोटाने के आदेश दिये हैं। जबकि मान. सिक क्षतिपूर्ति हेतु 15 हजार रूपये तथा परिवाद व्यय के रूप में 1 हजार का जुर्माना लगाया है। गजरौला क्षेत्र के गांव चकनवाला में किसान मूलचंद का परिवार रहता है। 21 मार्च 2023 को उन्होंने एक साल के लिए अपनी पत्नी कमलेश की बीमा पॉलिसी कराई थी। जिसका वार्षिक प्रीमियम 800 रुपये था। लेकिन पॉलिसी कराने के लगभग चार महीने बाद 4 जुलाई 2023 को कमलेश की घर में अचानक हार्ट अटैक से मौत हो गई। इसके बाद पॉलिसी में नॉमिनी मूलचंद ने क्लेम के लिए बीमा कंपनी का फॉर्म भरा लेकिन बीमा कंपनी ने क्लेम देने से मना कर दिया। मूलचंद ने अधिवक्ता के माध्यम से नोटिस भी भिजवाया लेकिन बीमा कंपनी ने कोई जवाब नहीं दिया। लिहा. जा, परेशान होकर मूलचंद ने जिला उपभोक्ता विभाग प्रतितोष आयोग की शरण ली। परिवाद की सुनवाई शुरू करते हुए आयोग के अध्यक्ष रमा शंकर सिंह और महिला सदस्य अंजू रानी दीक्षित ने बीमा कंपनी के अधिकारियों को तलब किया। दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद बीमा कंपनी को सेवा में कमी का दोषी पाया। क्लेम के दो लाख रुपये नौ प्रतिशत ब्याज समेत लौटाने का आदेश दिया। इतना ही नहीं आर्थिक व मान. सिक क्षतिपूर्ति के लिए 15 हजार तथा परिवाद व्यय के रूप में 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# मतदाता पुनरीक्षण कार्य में न बरतें लापरवाही

## डीएम ने बूथों का किया निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंडी धनौरा।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर का कार्य तेजी से जारी है। इसी क्रम में जिले की प्रशासनिक मुखिया तेज तर्रार जिलाधिकारी आईएएस निधि गुप्ता वत्स ने गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों पर पहुंचकर पुनरीक्षण कार्य की जमीनी हकीकत परखी।

डीएम ने सबसे पहले बूथ लेवल अधिकारियों से फॉर्म-6, 7 और 8 की प्रगति जानी तथा डिजिटाइजेशन, मैपिंग और प्रविष्टियों के सत्यापन की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने साफ कहा कि एक भी पात्र मतदाता सूची से बाहर न रह जाए और किसी भी मतदाता की जानकारी गलत रूप से दर्ज न हो इसके लिए हर प्रविष्टि की पड़ताल ठोस तरीके से की जाए। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम गरिमा सिंह, उप जिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव, तहसीलदार मूसाराम थारू, लेखपाल दिनेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों की सक्रियता पर डीएम ने संतोष जताया, साथ ही कार्य में निरंतरता बनाए रखने के निर्देश दिए।



# विश्व कल्याण के लिए पंच कुण्डीय यज्ञ में डालीं आहुतियां

शाह टाइम्स संवाददाता,

**गजरौला।** अखिल भारतीय गायत्री परिवार की शक्ति कलश यात्रा के आगमन के दूसरे दिन

■ **दो स्कूलों में भी बच्चों को बताया संस्कारों का महत्तव**

गुरूवार को पांच कुण्डीय यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें विश्व शांति और जनकल्याण की भावना को लेकर आहुतियां डाली गईं।

बता दें कि बुधवार को शांति कलश यात्रा गजरौला पहुंची थी। जिसमें शहर में भ्रमण के बाद शाम को दीप यज्ञ और संगीतमय प्रस्तुति का कार्यक्रम रहा था। कार्यक्रम के दूसरे दिन अग्रवाल भवन में पांच कुण्डीय यज्ञ किया गया। जिसमें गायत्री परिवार के सदस्यों के साथ साथ स्थानीय लोगों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। इसी के साथ ही नगर के सरस्वती शिशु मंदिर और एसआरएस इण्टरनेशनल स्कूल में छात्र-छात्राओं को शांतिकुंज हरिद्वार से आए वक्ताओं द्वारा संस्कारों के महत्तव के बारे में बताते हुए संस्था द्वारा संचालित कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। वहीं फौंदापुर में महिलाओं ने शांति कलश का पूजन किया। इस मौके पर डीएन शर्मा, धर्मेन्द्र चतुर्वेदी, पुष्पेन्द्र, नितिन, निर्मला शर्मा, दिनेश शर्मा, रामेश्वर सिंह, अंजु, सीमा चौधरी, नीतू, सरोज, शंकुतला मौजूद रहे।



# गैंगस्टर के दोषी को दो साल चार माह की सजा

## कोर्ट ने बीस हजार का अर्थदण्ड भी लगाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**अमरोहा।** गैंगस्टर एक्ट के 15 साल पुराने केस में कोर्ट ने गढ़मुक्तेश्वर के दोषी अतीत उर्फ बब्ली को 2 साल 4 महीने कारावास की सजा सुनाई है। दोषी पर 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। केस में दोषी जमानत पर था।

साल 2010 का मामला डिडौली कोतवाली से जुड़ा था। तत्कालीन थानाध्यक्ष संजय त्यागी ने साल 2010 में गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें हापुड़ जिले के गढ़मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र के ब्रजघाट निवासी अतीत उर्फ बब्ली को आरा. पी बनाया था। बाद में पुलिस ने आरा. पी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। फिलहाल, अतीत उर्फ बब्ली गैंगस्टर एक्ट के इस मुकदमे में जमानत पर था। जिसकी सुनवाई एफटीसी द्वितीय की कोर्ट में चल रही थी। गुरुवार को कोर्ट में मुकदमे की अंतिम सुनवाई की गई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने अतीत उर्फ बब्ली को दोषी करार दिया। उसे 2 साल 4 महीने की कारावास की सुनाई तथा 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# तालाब पर अवैध कब्जे से ग्रामीणों में आक्रोश

## शीतला सराय के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रहरा।** गंगेश्वरी विकासखंड क्षेत्र के गांव शीतला सराय में तालाब पर अवैध कब्जे को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। राजस्व अभिलेखों में गांव के बीचोंबीच स्थित यह तालाब लगभग 7 बीघा रकबे में दर्ज है, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार मौके पर इसका क्षेत्रफल 1 बीघा से भी कम रह गया है। तालाब के अधिकतर हिस्से पर कब्जा होने के कारण उसका प्राकृतिक जलभराव बंद हो गया है, जिससे गांव में गंभीर समस्याएं पैदा हो रही हैं।

तालाब के पास एकत्र होकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि तालाब में जाने वाला पानी अब सड़क और गलियों में भर जाता है, जिससे लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि ग्राम प्रधान पुत्र और कई अन्य ग्रामीणों द्वारा तालाब को कब्जामुक्त कराने के लिए अधिकारियों को कई बार शिकायती पत्र दिए गए, लेकिन आज तक प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि तालाब के बंद होने से पानी कब्रिस्तान की भूमि में भर रहा है, जिससे धार्मिक स्थल भी प्रभावित है। वहीं सड़कों पर जमा गंदे पानी में जहरीले मच्छर पनप रहे हैं, जिसके कारण गांव में बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। स्थिति इतनी खराब है कि हेपेटाइटिस सी के दर्जनों मरीज गांव में पाए जा रहे हैं, जिससे लोगों में चिंता फैल गई है। प्रदर्शन में जितेंद्र कुमार, लोकेश कुमार, राकेश कुमार, कैलाश सिंह, शौकीन अहमद, नन्हे सिंह, भगवत सिंह, निजामुद्दीन, भूरा, जोगेंद्र सिंह और रोहतास सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने प्रशासन से तुरंत तालाब को कब्जे से मुक्त कराने और जल निकासी की व्यवस्था करने की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे कलेक्ट्रेट पर धरना देने को मजबूर होंगे।



# जानलेवा फायरिंग मामले में फरार शातिर बदमाश गिरफ्तार तमंचा और कारतूस बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने फायरिंग कर जानलेवा हमला करने की घटना में फरार चल रहे एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा और एक खोखा कारतूस बरामद किया है।

देहात थाना प्रभारी पटनीश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने मनीष उर्फ मतनौरा पुत्र सतीश कुमार निवासी देवलोक कॉलोनी थाना हापुड़ नगर, हाल पता ग्राम दोयमी थाना हापुड़ देहात को धनौरा कट से दोयमी-धनौरा रोड पर दबोच लिया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार बदमाश पर करीब आधा दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है जो कुछ दिन पूर्व हुई फायरिंग व जानलेवा हमला करने की घटना के बाद से फरार चल रहा था। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक खोखा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# भाकियू ने अमरोहा रोड पर लगाया जाम

## जेई विद्युत के न आने पर भड़के किसान

शाह टाइम्स संवाददाता

**नौगांवा सादात।** भाकियू अराजनैतिक की पंचायत में बिजली विभाग के जेई के न पहुंचने पर कार्यकर्ता भड़क गये तथा उन्होंने अमरोहा नूरपुर मार्ग को 45 मिनट जाम किया।

बुधवार को भाकियू अराजनैतिक ने अपनी मांगों के समर्थन में तहसील परिसर में पंचायत बुलायी थी। उनका आरोप है कि बिजली विभाग में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। बिजलीघर पर तैनात अवर अभियंता राजीव कुमार बिना रिश्वत लिये कोई काम नहीं करते। कई गांवों में जल निगम द्वारा पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़के खोदी गयी थीं जिन्हें आज तक ठीक नहीं किया गया है। गांव मुनीमपुर में शिव मन्दिर के सामने नाली टूटी पड़ी है जिस कारण वहां गंदा पानी जमा रहता है। भाकियू ने जेई को पंचायत में बुलाने की मांग की। परन्तु जब राजीव कुमार वहां नहीं पहुंचे तो कार्यकर्ताओं का गुस्सा भड़क गया तथा उन्होंने हुसैनी चोक के सामने अमरोहा-नूरपुर रोड को जाम कर दिया। जाम की सूचना पर पुलिस व अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा उन्होंने किसी तरह कार्यकर्ताओं को समझा बुझाकर जाम खुलवाया। जाम लगाने वालो में महीपाल सिंह, मोहम्मद कासिम, चन्द्रपाल सिंह, चरन सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, योगेन्द्र सिंह, हसन अली, धर्मवीर त्यागी, जाकिर आदि मौजूद रहे।



# किसानों की समस्याओं को लेकर गरजी भाकियू

शाह टाइम्स संवाददाता

**रहरा।** भारतीय किसान यूनियन टिकेट की मासिक पंचायत का आयोजन विकासखंड परिसर रहरा गंगेश्वरी में किया गया। बैठक की अध्यक्षता हरिओम राणा ने की, जबकि संचालन तहसील अध्यक्ष ठाकुर महेश सिंह ने किया। पंचायत में किसानों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए समाधान की मांग की।

बैठक में बताया गया कि चचौरा बिजलीघर पर 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र के निर्माण हेतु ग्राम प्रधान द्वारा मई माह में भूमि का प्रस्ताव भेजा जा चुका है, लेकिन बिजली विभाग की ओर से आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। किसानों ने इस लापरवाही को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि उपकेंद्र बन जाने से कई गांवों की बिजली समस्या दूर हो सकती है, इसलिए कार्य शीघ्र शुरू किया जाए। पंचायत में आवारा पशुओं की समस्या भी प्रमुख रही। किसानों ने बताया कि ब्लॉक क्षेत्र के हर गांव में आवारा पशु फसलों को बड़ी मात्रा में नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे किसान आर्थिक तंगी का सामना कर रहा है। इसके साथ ही आवारा पशुओं से रोजाना सड़कों पर हादसे हो रहे हैं इससे कई लोगों की जान जा चुकी है। सफाई व्यवस्था को लेकर भी लोगों ने रोष जताया और कहा कि गांवों में गंदगी बढ़ती जा रही है, लेकिन सफाई कर्मी ध्यान नहीं दे रहे। पंचायत में तहसील अध्यक्ष ठाकुर महेश सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष टीटू त्यागी, महेश पहलवान, शराफत अली, गुल्ली सिंह, सुदेश त्यागी,चौधरी फूल सिंह, रियाजुद्दीन,वीरेश त्यागी, आलोक चौधरी आदि किसान मौजूद रहे।



# सऊदी से मंडी धनौरा तक, प्रेम कहानी बनी ड्रामा

## अवैध प्रवृष्टि के आरोप में रीना बेगम गिरफ्तार, पूछताछ जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंडी धनौरा।** कल तक सऊदी अरब के एक अस्पताल में पनपी प्रेम कहानी अब अमरोहा के मंडी धनौरा में पुलिस कार्रवाई की चर्चा बन चुकी है। कस्बे के मोहल्ला चामुंडा निवासी राशिद और बांग्लादेश की रीना बेगम की मुलाकात सऊदी अरब में हुई थी, जहां दोनों एक ही अस्पताल में कार्यरत थे। रोजमर्रा की मुलाकातों ने धीरे-धीरे मोहब्बत का रूप ले लिया। अस्पताल की गलियारों में शुरू हुई दोस्ती जल्दी ही गहरे प्रेम में बदल गई और दोनों ने साथ जीवन बिताने का फैसला कर लिया।

जानकारी के अनुसार करीब डेढ़ महीने पहले दोनों सऊदी से वापस भारत लौट आए। बताया जा रहा है कि रीना बेगम की नागरिकता बांग्लादेश की है। ऐसे में सीधे भारत प्रवेश करना संभव नहीं था।

इसी वजह से दोनों नेपाल के रास्ते भारत में दाखिल हुए। भारत पहुंचकर वे अमरोहा जनपद के मंडी धनौरा कस्बे में राशिद के घर आकर रहने लगे। मोहल्ले में शुरुआत में किसी को इनकी वास्तविक पहचान और रीना की नागरिकता के बारे में जानकारी नहीं थी। बुधवार को पुलिस को पुख्ता सूचना मिली कि एक बांग्लादेशी महिला बिना वीजा और वैध दस्तावेजों के मंडी धनौरा के एक घर में रह रही है। सूचना पर विश्वास पाते ही थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मोहल्ला चामुंडा में दबिश दी। मौके पर मौजूद रीना बेगम से जब दस्तावेज मांगे गए तो वह कोई भी वैध पहचान या वीजा प्रस्तुत नहीं कर पाई। पुलिस ने तत्काल दोनों को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने बताया कि प्राथमिक जांच में पुष्टि हुई है कि रीना बेगम भारत में अवैध रूप से बिना वीजा रह रही थी। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर विस्तृत पूछताछ शुरू कर दी है। साथ ही राशिद से भी पूरी जानकारी ली जा रही है कि वे किस रास्ते भारत आए और यहां रहने की क्या योजना थी।

### प्रेम कहानी पर कानून की चोट

**मंडी धनौरा।** सऊदी के अस्पताल में शुरू हुआ यह प्रेम प्रसंग भारत में कानूनी दायरे में फंस गया है। मोहल्ले में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैंख्रकहीं प्यार की दास्तान, तो कहीं कानून की सख्ती की चर्चा। पुलिस अब रीना की नागरिकता, प्रवेश मार्ग और उद्देश्य को लेकर विस्तृत जांच कर रही है। फिलहाल यह प्रेम कहानी कानून के पन्नों में उलझ चुकी है और आगे की कार्रवाई पुलिस रिपोर्ट पर निर्भर करेगी।

# युवक से मारपीट कर किया घायल

शाह टाइम्स संवाददाता,

**गजरौला।** एक सप्ताह पूर्व किसी काम से गजरौला आए युवक के साथ तीन आरोपियों ने मारपीट करके घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव वसन्तपुर निवासी मिन्टू का पुत्र आकाश 05 दिसम्बर को शाम सात बजे धनौरा थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी अमरपाल के पुत्र दिपांशू के साथ किसी काम से गजरौला आया था। जब आकाश चौपला पर पहुंचा तो दिपांशु ने अपने साथियों अंशुल व अजय को भी बुला लिया। हसनपुर रोड पर पहुंचने पर दिपांशु ने अपने साथियों अंशुल व अजय के साथ मिलकर लाठी डंडो से प्रहार करके आकाश को घायल कर दिया।

# योगेश की हत्या में शामिल आरोपियों का हत्यारा गैंग दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता,

**गजरौला।** आठ महीने पूर्व फौंदापुर निवासी किसान योगेश चौहान (27) की लाठी डंडे, सरिया, रॉड से पीट पीटकर हत्या करने के आठ आरोपियों का पुलिस ने गैंग दर्ज किया है। इसका नाम हत्यारा गैंग रखा है। इस गैंग में नगर पालिका का सभासद जॉन उर्फ योगेश भी शामिल है। वहीं पूर्व ग्राम प्रधान पति का भाई एवं घटना का मुख्य आरोपी मनोज चौहान गैंग का लीडर है।

■ **गैंग में सभासद समेत आठ को किया शामिल**

थाना क्षेत्र के गांव फौंदापुर निवासी योगेश चौहान की इसी साल 12 अप्रैल को वारसाबाद गांव के पूर्व ग्राम प्रधान राजवीर से कहासुनी के बाद मारपीट हो गई थी। इसके बाद योगेश की लाठी डंडे व सरियों से पीट कर हत्या की गई। वारदात को अंजाम देने से पहले योगेश की बाइक को कार से टक्कर मारी गई थी। काफी दूर तक उसे जमीन पर घसीटा गया था। इस दौरान उनके पिता जहेंद्र सिंह व ताऊ नरेश सिंह के साथ भी मारपीट की गई थी।

जहेंद्र सिंह को अधमरा कर दिया था। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मनोज चौहान व उसके भाई पूर्व ग्राम प्रधान राजवीर और चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। बाद में पुलिस ने गहनता से छानबीन की। इस दौरान सामने आया था कि वारदात को अंजाम देने में क्षेत्र के गांव पाल के नकुल व अंकित, नगर के चौहानपुरी मोहल्ला निवासी योगेश उर्फ जॉन, गौरव व राजकुमार और मझौला गांव का रमन भी शामिल है। पुलिस आख्या के मुताबिक मुख्य आरोपी मनोज सक्रिय अपराधी है। वह अपने साथियों के साथ मिलकर संगठित रूप से आर्थिक एवं भौतिक लाभ की पूर्ति के लिए अमरोहा व आस-पास के थाना क्षेत्रों में हत्या करने जैसे अपराध करता है। वह समाज विरोधी कृत्यों में लिप्त पाया गया। यह पूरा गिरोह है। इस कारण गिरोह को जनपद स्तर पर हत्यारा गैंग की श्रेणी में पंजीकरण किया गया है। गिरोह की डी-132 पंजीकरण संख्या है। बकौल पुलिस गैंग लीडर मनोज व उसके भाई राजवीर के खिलाफ थाने में एससी एक्ट समेत दो मामले पंजीकृत है।

# धूमधाम से मनाया गया पीआरडी स्थापना दिवस

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** प्रांतीय रक्षक दल विभाग पीलीभीत के द्वारा परेड ग्राउंड पुलिस लाइन पीलीभीत में 77 वां पीआरडी स्थापना दिवस मनाया गया। स्थापना दिवस परेड का मान प्रणाम अभिषेक यादव पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वीकार किया गया। पुलिस अधीक्षक के द्वारा पीआरडी जवानों का उत्साह वर्धन करते हुए परेड की सराहना की एवं वर्दी की महत्ता को बताते हुए लग्न के साथ ड्यूटी करने एवं अपने कर्तव्य का पालन करने के लिए प्रेरित किया। स्थापना दिवस परेड में कुल 69 पीआरडी जवानों ने भाग लिया। जिसमें तीन टोलियों के द्वारा परेड की गई। परेड का नेतृत्व परेड कमांडर प्रथम प्रेमपाल के द्वारा किया गया। प्रेम प्रकाश परेड कमांडर द्वितीय, महेंद्र कुमार परेड कमांडर तृतीय रहे। प्रथम टोली का नेतृत्व पीआरडी जवान विपिन कुमार, द्वितीय टोली का नेतृत्व हीरा लाल एवं तृतीय टोली कमांडर श्रीपाल रहें। परेड के उपरांत जवानों की दौड़ प्रतियोगिता एवं रस्सा कसी खेलों का आयोजन किया गया।

## सफ़ारी गाड़ियों से पुल पर बाघ को घेरने में रेंजर, फॉरेस्टर और फॉरेस्ट गार्ड हटाए गए

**पीलीभीत।** टाइगर रिजर्व के बराही रेंज स्थित साइफन पुल पर सफारी वाहनों से बाघ को घेरने के मामले में दोषी बराही रेंज के रेंजर अरुण मोहन श्रीवास्तव, फॉरेस्टर और फॉरेस्ट गार्ड को हटा दिया है। वन मंत्री अरूण सक्सेना का कहना है कि इनके विरुद्ध विभागीय जांच कराई जा रही है।

# ठगी पीड़ित परिवार संगठन ने निवेशकों के पैसे वापस कराने की उठाई मांग



कलीनगर। ठगी पीड़ित जमा कर्ता परिवार संगठन ने संगठन के जिला अध्यक्ष द्रगपाल के नेतृत्व में उप जिला अधिकारी कलीनगर को एक ज्ञापन सौंप कर संगठन के प्रमुख तीन मांगों तथा यूपीपीआईडी एक्ट 2016, बड्र्स एक्ट 2019 के तहत कलेक्ट्रेट परिसर पीलीभीत में भुगतान पटल स्थापित करके निवेशकों का भुगतान 31 दिसंबर 2025 तक पूरा किए जाने की मांग की है। ज्ञापन के मुताबिक उन्होंने अनुरोध किया है कि ठग कंपनी/सोसाइटीज के मालिकों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय के आद. शानुसार ठगी पीड़ितों को भुगतान वापस किया जाए। ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने भुगतान की गारंटी के अधिकार कानून अधि. नियम, जमा योजना पाबंदी अधिनियम 2019 के तहत प्रत्येक ठगी पीड़ित निवेशक को जमा धनराशि 2 से 3 गुना भुगतान करने, निर्दोष एजेंटों को सुरक्षा, सम्मान, रोजगार और पुनर्वास का अधिकार देने तथा भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 111 के तहत प्रत्येक ठग और बेईमानों को मृत्युदंड देकर भारत देश को ठग मुक्त एवं बेईमान रहित राष्ट्र राज्य राज्य के रूप में स्थापित करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दिया है कि 31 दिसंबर 2025 तक यदि उनकी मांगे पूरी नहीं होती है तो संगठन पूरे भारतवर्ष में प्रत्येक जिला व तहसील स्तर पर क्रांति करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन देने वालों में तहसील अध्यक्ष करन लाल, राष्ट्रीय संयोजक एवं संस्थापक मदन लाल आजाद, जंग बहादुर, राधेश्याम, तेजराम, लालाराम, विजय कुमार, रामौतार, राजकुमार, कंस राम, कैलाश, कलीम मंसूरी, मोहन लाल तथा अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे।

# चार पुलों समेत 28 सड़कों के निर्माण को 17 करोड मंजूर

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** यूपी सरकार ने जनपद में सड़क और सेतु निर्माण के लंबे समय से लंबित प्रस्तावों को हरी झंडी दे दी है। केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद की पहल और स्थानीय विधायकों के प्रयासों से जिले को यह बड़ी सौगात मिली है। पूरनपुर-खटीमा मार्ग पर स्थित चार लघु सेतुओं के निर्माण और सुरक्षात्मक कार्यों के लिए 9.75 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके अलावा, जिले की 28 सड़कों की विशेष मरम्मत के लिए 17 करोड़ की लागत मंजूर की गई है, इससे इन मार्गों की सूरत बदलेगी। कुल मिलाकर, 26.75 करोड़ के कार्यों को मंजूरी मिली है। इन 28 सड़कों में पूरनपुर बंडा मार्ग से बिलंदपुर टांडा, पीलीभीत बस्ती मार्ग से दूधिया खुर्द, कुर्रैया कला से जगतपुर संपर्क मार्ग जैसे महत्वपूर्ण रास्ते शामिल हैं। जितिन प्रसाद, केंद्रीय राज्यमंत्री ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि जल्द ही इन कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ शुरू करने का निर्देश दिया गया है। इस मंजूरी से जिले में जर्जर और अधूरे पड़े पुलों व सड़कों की मरम्मत का कार्य शुरू होने की उम्मीद है, जिससे स्थानीय जनता को राहत मिलेगी।

# वन्यजीव तस्करी को ले जाते हुए दो शिकारियों को वनकर्मियों ने रंगे हाथ पकड़ा

**सहसवान।** सामाजिक वानिकी क्षेत्र कार्यालय सहसवान के अंतर्गत बिल्सी सीमाक्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा वन्य जीव जंतु विसखपड़ा को जंगल से पकड़कर तस्करी के लिए ले जाने की जानकारी वन क्षेत्रधिकारी सहसवान अशोक कुमार त्यागी को किसी पशु प्रेमी द्वारा दी गई। जिस पर वन क्षेत्रधिकारी ने तत्काल बिल्सी बीट प्रभारी शिवम शंखधार को टीम के साथ तत्काल उपरोक्त शिकारियो को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। बीट प्रभारी शिवम शंखधार तत्काल टीम के साथ ग्राम बादशाहपुर मंदिर के समीप पहुंचे जहां छुपे हुए दो शिकारियो को मौके से गिरफ्तार कर लिया तथा उनके पास थेलों में छुपा कर रखे हुए चार वन्य जीवजंतु विसखपडा जीवित अवस्था में बरामद कर दिए पूछे जाने पर उपरोक्त लोगों ने अपना नाम विनोद पुत्र भीलेनाथ निवासी मेड़ता सिटी जिला नागौर राजस्थान तथा दूसरे ने अपना नाम महेंद्रनाथ पुत्र छोटे नाथ खवासपुर थाना मोसदा जिला जोधपुर राजस्थान बताया जब बीट प्रभारी शिवम शंखधार द्वारा सख्ती से पूछताछ की गई तो गिरफ्तार किए गए दोनों शिका. रियो ने शिकार किए गए वन्य जीव जंतु विसखपड़ा की तस्करी करने के साथ-सा द उनके मुंह में



पाए जाने वाली पोटली से काजल तैयार करने तथा तैयार काजल को बाजार में ऊंचे दामों में बेचना बताया। वन क्षेत्रधिकारी अशोक कुमार त्यागी के निर्देश पर बीट प्रभारी बिल्सी शिवम शंखधार वनरक्षक द्वारा उपरोक्त दोनों शिकारियो के विरुद्ध वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9/51,39/51, 49बी/51 के अंतर्गत एस टू केश पंजीकृत कर गिरफ्तार किए गए दोनों शिकारियो को न्यायिक मजिस्ट्रेट बदायूं के न्यायालय में पेश किया। जहां न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दोनों शिकारियो को गंभीर अपराध मानते हुए जिला जेल भेज दिया बीट प्रभारी बिल्सी शिवम शंखधार के साथ श्यामवीर वनविद रामबाबू वनरक्षक पुष्पेंद्र वनरक्षक सहित कई बनकर्मी शामिल थे।

# लेखपाल सहित 3 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित 420 का मुकदमा

**आतिफ निसार जैनू,शाह टाइम्स**

**सहसवान।** न्यायालय के आदेश पर हल्का लेखपाल सहित तीन पर रिपोर्ट दर्ज कोतवाली क्षेत्र के सहसवान निवासी मोहल्ला सैफुल्लागंज की उर्मिला देवी पत्नी ईश्वर शरण एवं उनके दो पुत्र गौरव मिश्रा एवं सौरभ मिश्रा के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने चारसों बीसी सहित कई गंभीर धाराओं में मुक. दमा दर्ज कराया है न्यायालय मुख्य न्यायाधीश के आदेश पर बाद संख्या 1592/20 25 राशिद हुसैन पुत्र वाजिद हुसैन निवासी मोहल्ला नहर खा सराय थाना कोतवाली बदायूं ने उर्मिला देवी गौरव मिश्रा सौरभ मिश्रा सहित हल्का लेखपाल ग्राम फतेहपुर टप्पा हवेली के विरुद्ध अभियुक्त गढ़ों के विरुद्ध धारा 173 (4 ) विरुद्ध बी एस एस थाना सहसवान द्वारा प्रार्थना पत्र के अंतर्गत धारा 173 (4) 83 राशिद हुसैन पुत्र वाजिद हुसैन निवासी मोहल्ला नाहर खा सराय थाना कोतवाली बदायूं निवासी द्वारा मोहल्ला सैफुल्लागंज के ही ईश्वर शरण पुत्र रामनाथ सिंह गढ़ा संख्या रखवा 3632 /0367, 364 /341/ 371/0.341,372,329 टोटल रकवा.368 हेक्टर का बटे पांच भाग स्थित ग्राम फतेहपुर टप्पा हवेली अंदर चुंगी परगना ब तहसील सहसवान ने राम प्रकाश उर्फ रामचरण दास पुत्र बाबूराम निवासी सैफुल्लागंज में 20/7/2001 को बिक्री की थी उपरोक्त अपने-अपने हसन के पूर्ण थे।

ईश्वर शरण ने नाहर सिंह उच्च प्राथमिक विद्यालय सहसवान को 28/1/2006 को लिखितविक्रय कर दी उपरोक्त ब उपरोक्त नाम ऑन में गौरव मिश्रा गवाह सहित सौरभ मिश्रा हल्का लेखपाल ने हल्का लेखपाल सहित उच्च अधिकारियों को व कर्मचारियों को धोखा देकर 420 करके ब अभिलेखों में सत्यता छुपा कर बारिशान करा कर बारिसान दर्ज कर दी कोतवाली पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## खाना खाकर टहलने निकला युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** बुधवार को बसई गांव के पास टहलने निकले युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर युवक की हुई मौत हम आपको बता दें कि जनपद बदायूं के बिसौली कोतवाली क्षेत्र के बसई गांव के पास देवेंद्र पुत्र जयसिंह निवासी बसई घर से खाना खाकर टहलने के लिए निकले थे वही रोड पर पहुंचते ही अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी।

जिससे देवेंद्र पुत्र जयसिंह खाई में जा गिरे वहीं देवेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई साथ में टहलने आए युवक ने घटना की जानकारी परिजनों को दी सूचना पर पहुंचे परिजनों ने झाड़ियां में पड़े युवक को वमुश्किल वाहर निकाला और बुधवार रात्रि में 11 बजे करीब 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य बिसौली पर लेकर आए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया वहीं युवक की मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है वहीं सूचना पर पहुंची बिसौली कोतवाली पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## फर्रुखाबाद मुरादाबाद हाईवे पर ग्राम परमानंदपुर पर हुआ दर्दनाक हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** जिला के थाना फैजान बेटा क्षेत्र फर्रुखाबाद मुरादाबाद हाईवे पर ग्राम परमानंदपुर पर दर्दनाक हादसा बिसौली की तरफ से आ रही तेज रफ्तार अपाचे मोटरसाइकिल संख्या UP 24 BF 7348 ने दूसरी मोटरसाइकिल प्लैटिना मोटर साइकिल संख्या UP 24AP 7620 में जोरदार टक्कर मार दी प्लैटिना मोटरसाइकिल पर सवार एक महिला लगभग 32 वर्ष एक बच्चा लगभग 3 वर्ष एक व्यक्ति उम्र लगभग 35 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए मौजूद ग्रामीणों ने डायल 112 ब थाना फैजगंज बेहटा को सूचित



किया डायल 112 तुरंत मौके पर पहुंच गई थाना फैजगंज बेहटा तुरंत मौके पर पहुंच गई थाना फैजगंज बेहटा ने बहुत ही फुर्ती के साथ मोर्चा संभाला और तुरंत ही घायलों के लिए उपचार के लिए बिसौली भिजवाए गए पुलिस से जानकारी ली गई दोनों तरफ से अभी तक कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है तहरीर आने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सपा:आदित्य यादव ने की बिजनौर मुरादाबाद मार्ग चौड़ीकरण की मांग

### जाम से मिलेगी निजात




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** लोकसभा में शीतकालीन सत्र के दौरान सपा सांसद आदित्य यादव ने गुरुवार को अपने संसदीय क्षेत्र बदायूं - मुरादाबाद व बदायूं- बिजनौर मार्ग के चौड़ीकरण व नगर पंचायत वजीरगंज,नगर पालिका बिसौली तथा नगर पालिका बिल्सी में बाईपास के निर्माण के संबंध में अपनी बातों को रखा। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष से कहा कि अपने लोकसभा क्षेत्र बदायूं के एक गंभीर विषय पर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। मेरे लोकसभा क्षेत्र बदायूं में दो मुख्य मार्ग हैं जो एक बदायूं से मुरादाबाद के लिए तथा दूसरा मुख्य मार्ग बदायूं से बिजनौर को जाता है। बदायूं से मुरादाबाद के रास्ते में नगर पंचायत वजीरगंज तथा नगर पालिका बिसौली पड़ती है। जहां पर बहुत घनी आबादी है। उसी प्रकार बदायूं - बिजनौर मार्ग पर एक नगर पालिका बिल्सी है इन दोनों ही मुख्य मार्गों पर बड़े कस्बे पड़ते हैं उन्होंने यहां पर बहुत जाम की बड़ी समस्या रहती है। अगर नगर पंचायत वजीरगंज, नगर पालिका बिसौली और नगर पालि. का बिल्सी में बाईपास का निर्माण होता है तो जाम की समस्या तथा बच्चों को स्कूल जाने में आसानी होगी इन दोनों ही मार्गों पर वाहनों का आवागमन बहुत अधिक है जिस कारण समय-समय पर यहां पर एक्सीडेंट होते हैं। कुछ ही समय पहले इस मार्ग पर एक ही गांव के पांच लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी।इसीलिए इन सभी घटनाओं को ध्यान में रखते हुए इन मार्गों का चौड़ीकरण और नए बाईपास का निर्माण जनहित में अत्यंत आवश्यकता है।

## आर्यनगर में योग, यज्ञ व श्री कृष्ण कथा का समापन: योगाचार्य हरेंद्र आर्य

**कैलाश भारती,शाह टाइम्स**

**इस्लामनगर।** आर्य समाज आर्यनगर (इस्लामनगर) में साप्ताहिक योग यज्ञ व श्री कृष्ण कथा का समापन बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ किया गया। प्रातः कालीन योग सत्र में योगाचार्य हरेन्द्र सिंह आर्य ने समस्त योग साधक एवं साधिकाओ को प्रत्येक दिन योग करने के लिए संकल्प दिलाया और कहा कि हर व्यक्ति को प्रत्येक दिन योग करना अनिवार्य है तभी हम रोगों से मुक्त, दवाओं से मुक्त, योग युक्त आदि व्याधियों से मुक्त रह सकते हैं। मध्य:कालीन सत्र में यज्ञ की ब्रह्मा आचार्या पुष्पा शास्त्री ने यज्ञ का महत्व बताते हुए कहा कि यज्ञ संसार का सबसे श्रेष्ठ उत्तम कार्य है। यज्ञ को करना और कराना हम समस्त आर्यो का परम धर्म है हमे प्रतिदिन यज्ञ करना चाहिए। पलवल हरियाणा से पंडित ओमप्रकाश आर्य ने नारी शक्ति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नारी को सशक्त सवल और शिक्षा के साथ संस्कार की भी आवश्यकता है, इस मौके पर आर्य



प्रतिनिधि सभा के समस्त पदाधिकारियों ने समस्त विद्वानों को और बाहर से आए हुए समस्त अतिथि महानुभावों को प्रतीक चिन्ह एवं सोल उड़ाकर सम्मानित किया कार्यक्रम के मुख्य आयोजक संजीव पहलवान आर्य एवं कुवर अम्बेश आर्य ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर त्रिलोकी नाथ कल्पना साधना गुप्ता, गौरीश गुप्ता , बनवारी लाल , उमेश रस्तोगी , बजरंगी , कैलाश भारती , गौरव गुप्ता , मनीष गुप्ता , विनोद भगत , अजय वैश्य आदि महानुभाव उपस्थित रहे।

# एक नजर

## नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम में छात्रों ने लिया नशे से दूर रहने का संकल्प

**.शाह टाइम्स ब्यूरो**

**.बदायूं।** राजकीय इन्टर कॉलेज बदायूं में गुरुवार को नशा मुक्ति व तंबाकू निषेध युवा अभियान 3.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से उपस्थित छात्रों को नशा एवं तंबाकू से मुक्ति के प्रति जागरुक किया गया। छात्रों को जागरूक किया गया कि सिगरेट, बीड़ी और अन्य तंबाकू उत्पादों के सेवन को छोड़ना स्वास्थ हित में है तथा जानलेवा बीमारी जैसे कैंसर से दूरी बनाये रखने में सहयोगी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा समस्त उपस्थित छात्रों एवं शिक्षकों को संकल्प दिलाया गया कि मैं गंभीरता से प्रतिज्ञा करता हूं कि मैं सिगरेट, बीड़ी, और अन्य तंबाकू उत्पादों सहित सभी प्रकार के तंबाकू उत्पादों का सेवन छोडूंगा तथा अपने आस-पास उन लोगों का समर्थन और प्रोत्साहन करूंगा जो तंबाकू छोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान सर्वश्रेष्ठ तीन छात्रों अमन, हर्षित और कुनाल को प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ0 मो0 इलियाज, पवन शर्मा एवं पुष्पेंद्र कुमार सहित विद्यालय के शिक्षक व छात्र मौजूद रहे।



## 77वें स्थापना दिवस समारोह का हुआ आयोजन

**.शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग बदायूं के तत्वाधान में पीआरडी विभाग का 77वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम, बहेड़ी(बदायूं) में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। परेड



का मान प्रणाम मुख्य अतिथि यावर अब्बास जिला पंचायत राज अधिकारी बदायूं एवं श्री अमित रिछारिया जिला क्रीड़ा अधिकारी बदायूं तथा हरिप्रेम जिला युवा कल्याण अधिकारी बदायूं द्वारा किया गया।. परेड में प्रथम स्थान टोली नंबर 1तथा द्वितीय स्थान टोली नंबर 2 द्वारा प्राप्त किया गया। कबड्डी में टोली 3 विजेता तथा रस्साकसी में विजेता टोली नंबर 3 ने प्राप्त किया। मुख्य अतिथि द्वारा जवानों का परेड प्रदर्शन एवं टर्न आउट उच्च कोटि का बताया तथा सभी जवानों को ड्यूटी के प्रति सजग एवं स्वस्थ रखने हेतु मुख्य अतिथि द्वारा आशा व्यक्त की गई। परेड में मुख्य परेड कमांडर विकास नारायण शर्मा बीओ पीआरडी जगत टोली नंबर 1 के कमांडर अनुज कुमार बीओ पीआरडी सहसवान तथा द्वितीय टोली के परेड कमांडर विशाल पाल तृतीय टोली के कमांडर श्री मनोज कुमार तथा चतुर्थ टोली कमांडर हिम्मत सिंह रहे।कार्यक्रम के प्रभारी श्री रंजीत सिंह क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रंजीत सिंह द्वारा किया गया। मंच का संचालन पंकज शर्मा द्वारा किया गया इस अवसर पर कांति प्रसाद एवं नरेंद्र कुमार क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी की उपस्थिति रही।

## विज्ञापन के लिए संपर्क करें

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Emil mkkhan741@gmail-com

# खाद लेने आए किसान के साथ हुई 2700 रुपये की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर में यूरिया खाद लेने आए किसान से शातिर ठग ने खाद का लालच देकर 2700 रुपये ठगे हम आपको बता दें।



कि पूरा मामला जनपद बदायूं के बिसौली कोतवाली क्षेत्र के नगर बिसौली का है जहाँ कुडोली गांव के रहने वाले किसान नौबत राम बिसौली नगर में सहक. ारी समिति पर यूरिया खाद लेने के लिए आए हुए थे वहीं खाद नहीं मिलने पर जब वह वापस लौट रहे थे तो मंडी समिति के गेट पर एक व्यक्ति मिल गया और उसने कहा कि उसके पास यूरिया खाद के कट्टे रखे हुए हैं चलो मैं तुमको देता हूं और उसी बहाने वह पीड़ित किसान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसौली पर ले आया और रुपए लेकर डॉक्टर के पास जाने का बहाना करके वहां से रफू चक्कर हो गया वहीं जब काफी देर तक वापस नहीं लौटा तो किसान को ठगी की आशंका हुई तो आसपास खोजबीन की लेकिन ठग का कहीं पता नहीं लगा।

# अवैध क्लीनिक पर कार्रवाई के बाद मुकदमे की तैयारी, संचालक भयभीत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** बिनावर क्षेत्र में अवैध क्लीनिक और बिना डिग्री के इलाज करने वाले डॉक्टरों की संख्या लगातार बढ़ जा रही है, इस पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने झोलाछाप डॉक्टरों और अवैध क्लीनिक पर प्रेक्टिस करने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपना लिया है अब ऐसे लोगों पर कार्रवाई के साथ ही मुकदमे भी दर्ज किए जा रहे है।

जिससे क्लीनिक संचालक भयभीत है। बिना लाइसेंस वाले डॉक्टरों के खिलाफ होगी कार्रवाई जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर बिनावर थाना क्षेत्र के मलगांव, बिनावर विजयनगला, बिलाहत रोड़ मौसमपुर में करीब 30 से 35 क्लीनिक संचालित किए जा रहे है इस इलाके के क्लीनिक संच. ालक खुद को डॉक्टर बताते हैं, लेकिन उनके पास किसी प्रकार की एलोपैथिक इलाज करने की अनुमति नहीं है। नेहा साहू दियोरिजीत रोड़ मलगांव , मिथिलेश शर्मा उर्फ रजनीश शर्मा पंचायत वाली गली मोहम्मदपुर रोड बिनावर, अनीता मोहम्मदपुर रोड,गुड़िया थाने के पास, पुष्पा थाने के पास, दीक्षा भागीरथी स्टेट बैंक के सामने वाली गली में ,सपना शर्मा बिलहट रोड,ममता




गोयल बिलहट रोड, नजमा नई बस्ती आदि बिनावर में प्रसव केंद्र अवैध रूप से संचालित कर रही हैं।यह संच. ालक गर्भ ठहरने से लेकर गर्भपात तक की दवाई देती है।जहां मरीजों के ड्रिप इंजेक्शन लगाकर इलाज कर रही है जबकि मेडिकल एक्ट के अनुसार क्लीनिक का मानकों के विपरीत संचालन हो रहा है। इन झोलाछाप डॉक्टर के पास चिकित्सा संबंधित कोई प्रमाण पत्र नहीं है झोलाछाप डॉक्टर बेखौफ होकर भारी संख्या में मरीजों का ड्रिप,इंजेक्शन लगा कर जान से खिलवाड़ कर रहे है ऐसे झोलाछाप डॉक्टर भोली भाली जनता से मनमानी रकम वसूल रहे हैं। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कार्रवाई के लिए कमर कस ली है, वहीं झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ टीम एक्शन मोड में आ गई है धरपकड़ शुरू हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के बगैर अनुमति के संचालित हो रही क्लीनिक श्री राधा वल्लभ नाम से ग्राम पंचायत मलगांव में एक क्लीनिक संचालित हो रही सूत्रों से मिली जानकारी में पता चला है कि क्लीनिक संचालिका पर कोई डिग्री डिप्लोमा नहीं है, बुधवार को क्लीनिक पर स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची तो वह क्लीनिक बंद करके फरार हो गई। जबकि लगभग 3 सालों से अपनी क्लीनिक बिनावर ,मलगांव चला रही है यह संचालिका नॉर्मल डिलीवरी,गर्भ ठहरने से लेकर गर्भपात तक की दवाई देती है।जहां मरीजों के ड्रिप इंजेक्शन लगाकर इलाज कर रही है जबकि मेडिकल एक्ट के अनुसार क्लीनिक का मानकों के विपरीत संचालन हो रहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ रामेश्वर मिश्र ने बताया है बिना अनुमति के कोई क्लीनिक संचालित पाई जाती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# तहसीलदार के आदेश के बाद भी ग्राम समाज की भूमि से नहीं हटा अवैध कब्जा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** भारतीय किसान यूनियन चढूनी की मासिक पंचायत मालवीय आवास ग्रह पर आयोजित हुई। जिसमें किसानों के मुद्दे छाए रहे। प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए आठ सूत्रीय माँगपत्र सौंपा। भाकियू चढूनी की मासिक पंचायत को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सतीश साहू ने कहा दहगवां नगर में 1476 गाटा संख्या ग्राम समाज की भूमि है। जो किसानों के लिए घूर गड्ढे की है। उस पर अवैध कब्जे किये जा चुके हैं। ये मामला तहसीलदार न्यायालय में पहुंचा जिस पर तहसीलदार ने दबंगों पर लगभग पैंतालीस हजार का जुर्माना के साथ अवैध कब्जे को ध्वस्त करने का आदेश दिया। राजस्व विभाग न तो जुर्माना की रकम को वसूल कर सका न ही दबंगों के चंगुल से ग्राम समाज की भूमि को मुक्त करा सका। यदि प्रशासन जल्द कोई कार्यवाही नहीं करता है तो संगठन आंदोलन करने को बाध्य होगा। प्रदेश सचिव आसिम उमर ने अपने संबोधन में कहा जनपद बदायूँ में हरित क्रांति लाने के लिए प्रशासन को जनपद की भैंसोर, अरिल, सोत व महावा नदियों को अवैध कब्जे से मुक्त कराकर सदा नीरा करने का प्रस्ताव शासन को भेजना होगा। इस प्रस्ताव की स्वीकृति से किसानों को सिंचाई में बहुत बड़ा लाभ मिलेगा। जिला प्रभारी कृष्ण अवतार शाक्य ने कहा उझानी कृषि उत्पादन मंडी समिति में कई कर्मचारी दो से तीन दशक से तैनात हैं विभाग में सांठगांठ करके तबादला रुकवाने का खेल करते रहते हैं। इन कर्मचारियों का किसानों के प्रति व्यवहार भी सही नहीं है। जल्द इनके तबादले होने चाहिए। जिला महासचिव बीईशू दास ने सहकारी समितियों पर किसानों को इफ्को यूरिया व डीएपी की पूर्ति न होने का मुद्दा उठा कर प्रशासन से माँग की किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराई जाए। पंचायत के बाद जिलाधिकारी को संबोधित आठ सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार पाल को सौंपा। इस मौके पर भाकियू चढूनी के जिला प्रचार मंत्री शरीफ अब्बासी, जिला सचिव डॉक्टर महेंद्र पाल, नगर उपाध्यक्ष नूरुद्दीन अंसारी, बिसौली तहसील अध्यक्ष रजनेश उपाध्याय, सत्येंद्र यादव उसावां ब्लॉकअध्यक्ष, यादवेंद्र,यादव , गंगा दीन, कल्लू, देवकिशोर सागर, हरि सिंह, मुंशी, बलवीर सिंह, विमलेश कुमार, शिवम शंखधार, राम सिंह, शैलेश कुमार,आदि लोग उपस्थित रहे।

## 13 दिसम्बर को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शिव कुमारी ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के माध्यम से प्राप्त निर्देशों के क्रम में मा0 जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बदायूँ के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप 13 दिसम्बर 2025 शनिवार को पूर्वान्ह 10:00 बजे से जनपद न्यायालय परिसर बदायूँ में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन मा0 जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ विवेक संगल की अध्यक्ष में किया।

जाना सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने बताया कि 13 दिसम्बर 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में आकर लाभ पक्षी के मध्य आपसी सुलह समझौते के आधार पर विवाद का निस्तारण, पक्षकार व्यक्तिगत स्तर पर स्वयं पहल कर सकता है। लोक अदालत में निस्तारण हेतु किसी भी प्रकार का शुल्क देय नहीं है। सिविल प्रकृति को लंबित मामलों के लोक अदालत में आपसी सुलह के आधार पर निस्तारित वाद पर न्याय शुल्क की वापसी की व्यवस्था, लोक अदालत में निर्णय के विरुद्ध कोई अपील नहीं कानूनी जटिलताओं से परे लोक अदालत की प्रक्रिया सहज एवं सुलभ और आपसी समझौते पर आधारित होती है।

इस राष्ट्रीय लोक अदालत में सिविल प्रकृति के वाद, अपराधिक शमनीय वाद राजस्व वाद धारा 138 पराक्रमय लिखत अधिनियम, बैंक वसूली वादों, मोटर दुघर्टना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वादों, श्रम वादों, भूमि अधिग्रहण वादे विद्युत, जल कर एवं दूरसंचार बिल के विवाद, एन0आई0 एक्ट, विधवा पेंशन योजना विकलांग पेंशन योजना आदि सहित ऐसे विवाद जो अभी तक न्यायालय के समक्ष नहीं आये हैं। उन्हें भी बाद पूर्व सुनवाई (प्री-लिटीगेशन) स्तर पर निस्तारित कराया जा सकता है। उन्होंने इस सन्दर्भ में जनपद के सभी जनसामान्य एवं वादकारीगण से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस राष्ट्रीय लोक अदालत में समय से उपस्थित होकर अपने-अपने वादों व विवादों को निस्तारित करवाकर 13 दिस्म्बर 2025 को आयोजित होने वाली आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

# बी आर पी का एक मासीय सर्टिफिकेशन कोर्स का प्रतिभागियों को कराया मार्ग दर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** स्थानीय क्षेत्रीय ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव , प्रशिक्षण अधिकारी पंकज कुमार व प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभारी हरीश उपाध्याय के नेतृत्व में चलाए जा रहे बी आर पी का संचालित एक मासीय सर्टिफिकेशन कोर्स के आवासीय प्रशिक्षण में अलीगढ़ के संयुक्त विकास आयुक्त मंशाराम यादव ने निरीक्षण किया। इस दौरान संयुक्त विकास आयुक्त ने सभी बी आर पी प्रतिभागियों को मार्ग दर्शन प्रदान किया । इस अवसर पर आला अधिकारी मंशा राम यादव ने सभी प्रतिभागियों को लगन एवं पूर्ण निष्ठा के साथ इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को पूर्ण कर भविष्य में होने वाले ऑडिट कार्यक्रमों का औचित्य पूर्ण एवं तथ्य परक प्रपत्र / रिपोर्ट प्रस्तुत करने व भविष्य में सोशल ऑडिट की गुणवत्ता एवं उपयोगिता बढ़ाने की ओर इंगित किया। उन्होंने प्रतिभागियों को ड्राफ्ट प्रतिवेदन करते समय तथ्य परक साक्ष्य सलंग्न करते हुए रिपोर्ट को औचित्य पूर्ण बनाने हेतु महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया । निरीक्षण के दौरान



आलाधिकारी ने संस्थान पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पांच जनपदों से सभी बी आर पी प्रतिभागियों से कार्यक्रम से संबंधित मूलभूत सुविधाओं जैसे रहन - सहन व खान - पान जैसी आवश्यक जानकारी ली । इस दौरान सभी प्रतिभागियों ने संस्थान की मूल भूत सुविधाओं पर रचनात्मक हवाला देते देते हुए संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव , कार्यक्रम अधिकारी पंकज कुमार , प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभारी हरीश उपाध्याय सहित संस्थान के स्टाफ की भूरि - भूरि प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक विनय कुमार सिंह , प्रशिक्षण अधिकारी पंकज कुमार , प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभारी हरीश उपाध्याय , आकाश कुमार सहभागिता कर रहे हैं । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अलीगढ़ , इटावा , हापुड़ , शामली व बागपत पांच अंतर्जनपदीय बी आर पी प्रतिभागी जयकृष्ण श्रीवास्तव , जय शिव मिश्र , हरिशंकर , मौहर सिंह , रूप रानी , मधु शर्मा ,सुनीता , प्रतिभा राघव , अवरार अहमद , गीता सिंह मुकेश कुमार शर्मा , हंस राज सिंह , ईश्वर पाल , इंद्र पाल सिंह चौहान , राजकुमार , सत्यवती , राकेश कुमार , सुनील दत्त शर्मा , विपिन कुमार शर्मा , सुधीर कुमार , तरन्नुम , नरेंद्र कुमार , बृजेश कुमार , सुघर सिंह , वीर पाल , सोपाली , भगवान सिंह , खजन सिंह , मनोज कुमार , श्यौराज सिंह , तेज पाल ,प्रदीप कुमार , सुभाष चंद्र , शैलेन्द्र कुमार व सरनाम सिंह आदि मौजूद रहे । यह जानकारी क्षेत्रीय ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव ने दी।

# जाम खुलवाने में पुलिस के छूटे पसीने



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के दौरे से पहले ही बुधवार देर शाम को शहर में जाम लग गया। देखते ही देखते सेटेलाइट चौराहे से लेकर ईसाइयों की पुलिया और गांधी उद्यान पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। हांलाकि, आनन-फानन में ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने जाम को खुलवाया। इस दौरान पुलिस कर्मियों के पसीने छूट गए।

बता दें कि शहर में बुधवार को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य आए हुए थे। शाम को वह सर्किट हाउस से इन्वर्टिस विश्वविद्यालय जाने के लिए निकले। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के गुरुवार के दौरे के चलते रूट डायवर्जन पहले से ही लागू है। पुराना बस अड्डे के बंद कर सभी बसों का संच. ालन सैटेलाइट बस स्टैंड से किया जा रहा है। इसके चलते सैटेलाइट पर जाम के हालात बने हुए थे। पुलिस ने डिप्टी सीएम को सकुशल निकालने के लिए यातायात को रोक दिया, इससे कुछ पलों में ही सेटेलाइट चौराहे के दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं। सैटेलाइट पुल और नीचे का मार्ग दोनों ओर से पैक हो गया। सेटेलाइट से लेकर गांधी उद्यान तक और श्यामगंज चौराहे तक जाम लग गया। हांलाकि, समय रहते ट्रैफिक पुलिस ने कमान संभालते हुए उसे किसी तरह से खुलवाया गया, जिससे यातायात दोबारा से सुचारु हो सका।

# अल्ट्रासाउंड में जुड़वा बच्चे, जन्मी सिर्फ एक बच्ची

**■ महिला अस्पताल में प्रसव के बाद परिजनों ने उठाए सवाल**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** एक गर्भवती महिला के अल्ट्रासाउंड में जुड़वा बच्चे होने की पुष्टि हुई थी, लेकिन प्रसव के दौरान केवल एक बच्ची का जन्म हुआ। इस चौंकाने वाले मामले के बाद परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

भुता के गजनेरा निवासी सुरेश बाबू की पत्नी राजेश्वरी देवी ने प्रसव से लगभग तीन माह पहले एक निजी केंद्र पर अल्ट्रासाउंड कराया था। इसके बाद पिछले माह महिला अस्पताल में भी जांच कराई गई। दोनों ही रिपोर्टों में जीवित जुड़वा बच्चे होने की पुष्टि हुई थी। आठ दिसंबर को राजेश्वरी देवी को प्रसव पीड़ा हुई, जिसके बाद आशा कार्यकर्ता गुड्डी देवी के साथ उन्हें महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोपहर करीब 3:30 बजे उन्होंने एक बच्ची को जन्म दिया। एक ही बच्ची के जन्म की जानक. ारी मिलने पर प्रसूता और परिजनों ने अस्पताल स्टाफ से सवाल किए।

परिजनों के अनुसार, स्टाफ ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया और जांच रिपोर्ट में तकनीकी खामी की आशंका जताई। इसके बाद परिजन अस्पताल के सीएमएस के पास पहुंचे। सीएमएस ने भी शुरुआत में अल्ट्रासाउंड जांच में तकनीकी खामी की बात कही। हालांकि, बाद में सीएमएस ने सरकारी जांच रिपोर्ट की मूल प्रति और निजी सेंटर की रिपोर्ट की प्रतिलिपि परिजनों से ली। दोनों रिपोर्टों का अवलोकन करने के बाद उन्होंने इस पूरे प्रकरण की जांच के निर्देश दिए हैं।

पति सुरेश बाबू का आरोप है कि उन्हें पहले अल्ट्रासाउंड जांच में तकनीकी गड़बड़ी की आशंका हुई थी। लेकिन जब उन्होंने दूसरे अस्पतालों के विशेषज्ञों और सेंटर संचालकों से परामर्श किया, तो उन्होंने जीवित या मृत किसी भी स्थिति में दो बच्चों के जन्म का दावा किया। इसके बाद सुरेश महिला अस्पताल में हुई अल्ट्रासाउंड जांच की रिपोर्ट लेने गए, लेकिन स्टाफ ने उन्हें रिपोर्ट देने से इनकार कर दिया। सुरेश ने उच्चाधिकारियों से शिकायत करने की बात कही है। सुरेश ने यह भी बताया कि प्रसव कक्ष में उनकी पत्नी राजेश्वरी के साथ दादी भी मौजूद थीं। प्रसव से कुछ देर पहले ही स्टाफ ने उन्हें बाहर भेज दिया था। दादी के पांच मिनट बाद कक्ष में वापस आने तक बच्ची का जन्म हो चुका था। एक बच्ची गोद में देकर स्टाफ ने मिठाई मांगी तो दादी ने एक हजार रुपये की बधाई भी दी। दादी को अल्ट्रासाउंड जांच के बारे में जानकारी नहीं थी।

महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. त्रिभुवन प्रसाद ने बताया कि प्रसूता के पति ने अल्ट्रासाउंड जांच दिखाई है। इसमें जुड़वा, जबकि केस शीट में सिर्फ एक बच्ची के जन्म का जिक्र है। परिवार ने लिखित शिकायत नहीं की है, पर मामले की जांच कराई जा रही है।

## एक नजर

# वक्फ सम्पत्तियों को उम्मीद पोर्टल पर दर्ज कराने में अहम भूमिका निभा रहे हैं नोमान



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** वक्फ संपत्तियों को उम्मीद पोर्टल पर दर्ज कराने की समय सीमा को बड़ा दिया गया है। अब 5 जून 2026 तक वक्फ संपत्तियों को उम्मीद पोर्टल पर दर्ज कराया जा सकता है। जिला बरेली में कोऑर्डिनेटर बनाये गए नोमान खान वक्फ संपत्तियों को उम्मीद पोर्टल पर दर्ज कराने के लिये अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

ग्राम रोहनिया निवासी नोमान खान को जनपद बरेली का को ऑर्डिनेटर बनाया गया है। लगभग 2400 के करीब वक्फ संपत्तियां मेकर्रस ने अपलोड किया। नोमान खान ने काफी मेहनत से उम्मीद पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराये। वह उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियां रजिस्टर कराने के लिये प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। नोमान ने कहा है कि जो भी संपत्तियां वक्फ में रजिस्टर होने से रह गई हैं वह उनसे सम्पर्क कर सकते हैं।

# शीशगढ़ में 'सैयद उमराह टूर एंड ट्रैवल्स' का हुआ उद्घाटन



शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** नगर पंचायत शीशगढ़ में "सैयद उमराह टूर एंड ट्रैवल्स" कार्यालय का भव्य शुभारंभ किया गया। चेयरमैन प्रतिनिधि हाजी गुड्डू ,मुफ्ती तौफीक अहमद नईमी, सैयद सलीम मियां ने फीता काटकर संयुक्त रूप से उद्घाटन किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हाजी गुड्डू ने शीशगढ़ में नए ट्रैवल सेंटर की पहल सराहना की तथा इसको शहर के पर्यटन क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक कदम बताया। उन्होंने कहा कि हज व उमरा की यात्रा पर जाने वाले जायरीनों को अब कही बाहर जाने की जरूरत नहीं है, अब शीशगढ़ में खुले सैयद उमराह टूर एंड ट्रैवल्स कार्यालय में हर जगह के लिए विशेष रियायत पर सभी सुविधाएं मिलेंगी एवं यह कार्यालय सैयद फरहत मियां, हाजी जफर बजमी एवं इस्लाम बरकाती द्वारा संचालित किया जाएगा। ट्रैवल्स के संचालकों ने कहा कि हजख्उमराह यात्रियों को बेहतरीन, विश्वसनीय एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराना इस संस्था का मुख्य उद्देश्य होगा। उद्घाटन के अवसर पर मुफ्ती तौफीक अहमद नईमी, सैयद सलीम मियां ने भी ट्रैवल्स सेंटर खोले जाने की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। उत्तराखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता सैयद कासिफ मियां ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# भाजपा नेता की शिकायत पर सहायक रजिस्ट्रार ने जेपीएन इण्टर कॉलेज के प्रबंधक से मांगा जवाब

शाह टाइम्स संवाददाता


**नवाबगंज।** कस्बे के प्रमुख विद्यालय जेपीएन इण्टर कॉलेज की प्रबंध समिति चुनाव का जिन्न एक बार फिर निकल कर बाहर आ गया है। कस्बे के एक भाजपा नेता सचिन रस्तोगी की शिकायत पर फर्म्स सोसायटी एवं चिट के सहायक रजिस्ट्रार ने प्रबंधक को पत्र भेजकर दो सप्ताह के अंदर बिंदुवार रिपोर्ट मांगी है।

कस्बे के भाजपा नेता सचिन रस्तोगी द्वारा फर्म्स सोसायटी के सहायक रजिस्ट्रार को की गई शिकायत में फरवरी 2024 में विद्यालय की प्रबंध समिति के किए गए चुनाव पर सवाल उठाते हुए इसे नियम विरुद्ध बताया। अपनी शिकायत में श्री रस्तोगी ने सहायक रजिस्ट्रार से कहा कि चुनाव से पहले आपके कार्यालय में विद्यालय के वैध सदस्यों की सूची प्राप्त नहीं की गई, और विद्यालय प्रबंध समिति का चुनाव करा दिया गया। अपनी शिकायत में उन्होंने कहा कि जिन सदस्यों को इस चुनाव में शामिल किया गया था, उन्हें उच्च न्यायालय पहले ही अयोग्य घोषित कर चुका है। सोसायटी के सहायक रजिस्ट्रार नीरज उर्फ यादवेंद्र पाठक ने प्रबंधक को भेजे गए पत्र में दो सप्ताह के अंदर बिंदुवार साक्ष्यों सहित रिपोर्ट मांगी है।

# सेवानिवृत कर्मी का 112 साल की उम्र में हुआ इंतकाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के पूर्व सदर और पूर्व सभासद तसव्वर हुसैन अंसारी के वालिद हाजी अली अहमद का आज लम्बी उम्र के बाद इंतकाल हो गया। इंतकाल की खबर सुनते ही लोगों का जमांखाड़ा उनके घर पर लग गया, आवास में पहुंचे लोगों ने उन्हें खिराजे अकीदत पेश की।



नहर विभाग से सेवानिवृत होने के बाद वह घर पर रहकर ही खुदा की इबादत में लगे रहते थे। चार पुत्र और चार पुत्रियों के पिता अपने जीवन काल में ही सभी की शादियां कर चुके थे, और मौजूदा समय में वह अपने सबसे छोटे पुत्र पूर्व सभासद तसव्वर हुसैन अंसारी के साथ ही रहते थे। माना जा रहा है कि मौजूदा समय में नगर में मुस्लिम समाज में इतनी उम्र 112 साल का शायद ही कोई शख्स हो। उनके इंतकाल पर डिप्टी सीएमओ डॉक्टर फिरासत हुसैन अंसारी, सपा नेता प्रो. राशिद अंसारी, युवा अधिवक्ता शारिक खां, राजीव गंगवार, अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के सदर असलम मंत्री, पूर्व सदर हाजी परवेज गुड्डू, शफीक अहमद खां, आदिल हुसैन उर्फ बफाती, हाजी रफीक आलम, हाजी परवेज अंसारी, अधिवक्ता मो. ताहिर अंसारी, मुराद अहमद अंसारी, सुल्तान अली, हाजी डॉक्टर फारूख अंसारी, व्यापारी नेता प्रशान्त गुप्ता उर्फ लालू, कपिल शर्मा, नवाब अहमद अंसारी, मो. कासिम अंसारी, पूर्व सभासद मो. हसन अंसारी, अंसार अहमद पिंडारी, खुर्शीद अहमद अंसारी, सुरेंद्र राठौर, रामसिंह राठौर, सलमान खान, डॉक्टर रिहान खां, नसीम जावेद, जुनैद एड, मो. आरिफ, सिकंदर नेहरू सहित बड़ी तादात में लोगों ने उनके घर जाकर खिराजे अकीदत पेश की।

उनके पुत्र अंजुमन के पूर्व सदर तसव्वर हुसैन अंसारी ने बताया कि उनके वालिद हाजी अली अहमद को आज बाद नमाजे जुमा सुपर्दएखाक किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री से मिलने जा रहे गौरक्षकों को पुलिस ने किया हॉउस अरेस्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** गुरुवार को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बरेली पहुंचने पर उनसे मिलने जा रहे गौरक्षा हिंदू दल बहेड़ी के पदाधिकारियों को पुलिस ने रास्ते में रोक दिया। गौरक्षा हिंदू दल के कार्यकर्ताओं का कहना था कि मंडल बरेली क्षेत्र में जगह-जगह हो रही गौकशी में प्रशासन के अधिकारी मुख्यमंत्री को गुमराह करने का कार्य कर रहे हैं।



गौरक्षा हिन्दू दल के तहसील अध्यक्ष मनोज गंगवार, जिला प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रजत पंडित कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने के लिए सुबह दस बजे बरेली को रवाना हो रहे थे। पदाधिकारियों का कहना था कि वह मुख्यमंत्री से मिलकर यहां हो रही गौकशी से अवगत कराएंगे। बरेली जा रहे इन गौरक्षकों को स्थानीय पुलिस ने बरेली जाने से लिए रोक कर उन्हें हॉउस अरेस्ट कर लिया। मनोज गंग. वार ने बताया कि आज तो उन्हें रोक दिया गया है, आगे वह लखनऊ में जाकर गौकशी की शिकायत करेंगे।

# बालिका इण्टर कॉलेज में हुआ वार्षिकोत्सव



शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** गुरुवार को कस्बे के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक बरेली अजीत कुमार, सह जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश चंद्र यादव को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया तथा बच्चों के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। पिछले वर्ष के टॉपर व विद्यालय स्तरीय अन्य प्रतियोगिताओं के 70 से अधिक प्रतियोगियों को पुरस्कार वितरित किए गए। इसके साथ ही वार्षिक आख्या के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इसमें प्रधानाचार्य डा. सतविंदर कौर, शिवानी सिंह, सरिता सिंह, गीतांजलि शर्मा, सकीना बानो, रेखा आर्य, शालिनी ग्रेवाल, कुमारी अर्चना यादव, रामनिवास कोली अन्य समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# गन्ना भुगतान की मांग को लेकर अनिश्चित कालीन धरना जारी

**■ अधिवक्ताओं ने धरने को दिया समर्थन**



शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** साढ़े 70 करोड़ गन्ना बकाए की मांग को लेकर सामा. जिक संस्था पैनी नजर द्वारा तहसील परिसर में दिया जा रहा धरना गुरुवार को चौथे दिन भी जारी रहा। गुरुवार को धरना स्थल पर पहुंचकर अधिवक्ताओं ने अपना समर्थन दिया।

क्षेत्र की ओसवाल चीनी मिल पर गन्ना किसानों का दो साल का करीब साढ़े 70 करोड़ रुपये बकाया है। इस बकाए गन्ना भुगतान की मांग पिछले कई माह से क्षेत्र के किसान नेता करते आ रहे हैं, लेकिन ओसवाल चीनी मिल प्रबंधन ने किसानों का भुगतान नहीं किया। इतना ही नहीं मिल द्वारा भुगतान न किए जाने से सरकार ने मिल की आरसी जारी कर डाली थी। इस दौरान मिल के विक्री होने की बात भी चली लेकिन अभी तक न तो मिल ही विक पाई, और न ही किसानों के बकाए का भुगतान हो पाया, क्षेत्र का किसान अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहा है। गन्ना भुगतान की मांग को लेकर सामाजिक संस्था पैनी नजर ने किसानों की इस मांग को उठाते हुए तहसील परिसर में अनिश्चित कालीन धरना शुरू कर दिया, जो आज चौथे दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर पहुंचे एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी, पूर्व सचिव दुष्यन्त गंगवार, युवा अधिवक्ता राजीव गंगवार, वीरेन्द्र पटेल, सुरेश पटेल, नूरी जैदी, अनिल दिवाकर, अरविन्द कुमार यादव, भुवनेश गंगवार, सीपी गंग. वार, उमेश गंगवार, मो. हारून अंसारी आदि ने धरना स्थल पर जाकर अपना पूर्ण समर्थन दिया।

भारी ठंड के बीच चल रहे इस धरने पर पैनी नजर की अध्यक्ष सुनीता गंगवार एड, क्षेत्र पंचायत सदस्य अर्जुन गंगवार, किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष रामरतन गंगवार, बृजेश गंगवार, ब्रह्मानन्द गंगवार, राहुल राजपूत, संतोष कुर्मी, सरदार सेवा सिंह सहित कई किसान बैठे।

# बरेली में कन्हैया गुलाटी के खिलाफ दो और रिपोर्ट दर्ज

**■ पत्नी-बेटा समेत बीस लोग नामजद, करोड़ों की ठगी का आरोप**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** कैनविज कंपनी के मालिक कन्हैया गुलाटी के खिलाफ धोखाधड़ी के दो और मामले दर्ज किए गए हैं। इन मामलों में गुलाटी, उनकी पत्नी राधिका गुलाटी और बेटे गोपाल गुलाटी समेत कुल 20 लोगों को नामजद किया गया है।

शाहजहांपुर के तिलहर निवासी सुनैना गुप्ता और बरेली के इज्जतनगर निवासी ललित मोहन ने बारादरी थाने में ये रिपोर्ट दर्ज कराई हैं। पीड़ितों का आरोप है कि गुलाटी और उसके गिरोह ने कंपनी में निवेश पर मोटा मुनाफा देने का झांसा देकर उनसे लाखों रुपये की ठगी की है।

एक महीने के भीतर बरेली में कन्हैया गुलाटी और उसके गिरोह पर लगभग दस मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। गुलाटी ने अपनी चिटफंड कंपनी के माध्यम से निवेशकों को कम समय में रुपये दोगुने या तिगुने करने का लालच दिया। कुछ ही वर्षों में विश्वास कायम कर उसने करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की और अब परिवार सहित फरार हो गया है।

महानगर निवासी मंजू गुप्ता भी गुलाटी की धोखाधड़ी का शिकार हुई हैं। उन्होंने बताया कि फरीदपुर तहसील के अंधरपुर गांव में कैनविज विलेज वैली में 2015 में एक प्लॉट खरीदा था। कैनविज कंपनी ने दो साल के भीतर कॉलोनी के सभी प्लॉट बीडीए से स्वीकृत कराने का वादा किया था, लेकिन दस साल बाद भी कॉलोनी में कोई काम नहीं हुआ।

शिकायत करने पर कंपनी के सीएमडी ने फोन उठाना बंद कर दिया और कंपनी ने अपना मुख्य दफ्तर भी बंद कर दिया है। डीडीपुरम में खोला गया मुख्यालय भी अब बंद है। मंजू गुप्ता के अनुसार, कंपनी के निदेशक कन्हैया गुलाटी और सीईओ आशुतोष श्रीवास्तव ने विभिन्न योजनाओं के जरिए करीब 600 करोड़ रुपये की ठगी की है। मंजू से प्लॉट के बदले 18,03,710 रुपये ठगे गए, जिसके लिए उन्होंने बारादरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बदायूं के सिविल लाइंस इलाके की आदर्श नगर कॉलोनी निवासी शिवकुमार गुप्ता ने भी कैनविज कंपनी के एजेंट केसरपुर निवासी रियासत हुसैन और उनके सीनियर जितेंद्र से मुलाकात के बाद निवेश किया था। इन लोगों ने गुलाटी संग मिलकर कुशाग्र हैबिटेट डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड और कैनविज इंफ्रा कॉर्पोरेशन इंडिया लिमिटेड के प्लान समझाए। दोनों कंपनी में पांच-पांच लाख रुपये निवेश करने पर 20 माह तक 23750-23750 रुपये मासिक किस्त लौटाने का वादा किया था।

पूरा मूलधन 21 माह बाद लौटाने का झांसा दिया था। दस लाख रुपये लेने के बाद 23750 की पांच किस्त लौटा दीं। इसके बाद किस्त देना बंद कर दीं। रियासत ने जितेंद्र पर टाल दिया। जितेंद्र ने भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

# सीएम योगी ने बरेली में की मंडलीय समीक्षा

**■ झारखंड के राज्यपाल के बेटे की शादी में भी हुए शामिल**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को बरेली का दौरा किया। उन्होंने यहां विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की मंडलीय समीक्षा बैठक की। इसके बाद मुख्यमंत्री झारखंड के राज्यपाल संतोष गंग. वार के पुत्र के विवाह समारोह में भी शामिल हुए और नवदंपती को आशीर्वाद दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार शाम बरेली पहुंचे। सर्किट हाउस में उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ मंडलीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान मंडल के विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया। बैठक में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह, जल शक्ति विभाग मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, जिले के प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर, वन राज्य मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, बरेली के सांसद, मेयर, विधायक और भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे। समीक्षा बैठक के बाद मुख्यमंत्री योगी आईवीआरआई मैदान में आयोजित झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार के पुत्र अपूर्व के विवाह समारोह में पहुंचे। उन्होंने नवदंपती को आशीर्वाद दिया।

इसके उपरांत, मुख्यमंत्री बरेली एयरपोर्ट से राजकीय विमान द्वारा लखनऊ के लिए रवाना हो गए। मुख्यमंत्री शहर में लगभग दो घंटे तक रहे।

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर शहर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सुरक्षा व्यवस्था में 1200 पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। एसएसपी अनुराग आर्य ने बुधवार को आईवीआरआई ऑडिटोरियम में फोर्स की ब्रीफिंग कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया था। उन्होंने ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की शिथिलता या लाप. रवाही स्वीकार्य न होने की बात कही थी और सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, यातायात संचालन तथा अन्य प्रोटोकॉल के पालन के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन के कारण शहर की यातायात व्यवस्था में भी बदलाव किया गया था। पुराना बस अड्डा बंद कर दिया गया था और रोडवेज बसों का संचालन सेटेलाइट बस स्टैंड से किया गया। भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से गुजारा गया।

# बरेली पुलिस ने 20 आरोपियों की खोली हिस्ट्रीशीट

**■ तस्करी, हत्या और चोरी के मामलों में निगरानी शुरू**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** पुलिस ने अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से 20 आरोपियों की हिस्ट्रीशीट खोली है। ये सभी आरोपी तस्करी, हत्या और चोरी जैसे गंभीर मामलों में संलिप्त हैं। पुलिस ने इन सभी अपराधियों की निगरानी शुरू कर दी है।

जिले में भोजीपुरा और बहेड़ी पुलिस ने नौ-नौ अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली है, जबकि हाफिजगंज और नवाबगंज पुलिस ने एक-एक आरोपी पर शिकंजा कसा है। यह कार्रवाई अपराध पर अंकुश लगाने के लिए की गई है। भोजीपुरा पुलिस ने पशु तस्कर शब्बीर कालीनगर, मुस्तकीम सैदपुर, इकबाल अंबरपुर और नईम अहमद उर्फ नाहिद धौराटांडा की हिस्ट्रीशीट खोली है। इसके अतिरिक्त, चोरी के आरोपी अमरपाल और सर्वेश घूर समस्तपुर पर भी कार्रवाई की गई है। इसी थाना क्षेत्र में मादक पदार्थ तस्कर आजम उदयपुर बन्नो जान और रमेश चौधरी पट्टी की भी हिस्ट्रीशीट खोली गई है। हथियार बनाकर बेचने वाले रमेश पडरी खालसा पर भी निगरानी रखी जा रही है। हाफिजगंज पुलिस ने पशु तस्कर महमूद सेंथल और नवाबगंज पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर गौरव प्रभात नगर की हिस्ट्रीशीट खोली है। बहेड़ी पुलिस ने चोरी और हत्या के प्रयास के मामलों में राजपाल मुरारपुरा, पशु तस्कर इब्राहिम इस्लामनगर, जाकिर नारायण नगला, वासिफ खां मंडनपुर, जलीस खां जोखनपुर और शाहिद सिली जागीर की हिस्ट्रीशीट खोली है। हत्या के आरोपी नासिर अकबराबाद चोरी के आरोपी जुनैद मितीडांडी और मादक पदार्थ तस्कर पवन सिंह खगाई नगर भी इस सूची में शामिल हैं।

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि पिछले एक सप्ताह में 40 से अधिक अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली जा चुकी है। उन्होंने यह भी कहा कि जल्द ही और अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली जाएगी, और उन पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई भी की जाएगी। पुलिस का लक्ष्य ऐसे शातिर अपराधियों की निगरानी कर अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाना है।

# संतोष गंगवार के बेटे की शादी में नेताओं का लगा जमावड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**सेंथल।** झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार के बेटे अपूर्व गंगवार और संजना गंगवार का विवाह समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सहित कई प्रमुख भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



विवाह समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, विभिन्न मंत्री, विधायक और सांसद शामिल हुए। सभी ने नवविवाहित जोड़े को शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान किया।

राज्यपाल संतोष गंगवार ने बड़े नेताओं के साथ-साथ मंडल अध्यक्षों और बूथ स्तर तक के प्रत्येक कार्यकर्ता को व्यक्तिगत रूप से निमंत्रण भेजा था। उन्होंने और उनकी बेटी श्रुति गंगवार ने स्वयं उपस्थित मेहमानों का स्वागत और सम्मान किया। इस अवसर पर नवाबगंज विधायक डॉ. एमपी आर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. आशुतोष मीनाक्षी गंगवार, रविशंकर रश्मि गंगवार, जिला महामंत्री वीरपाल गंगवार, भुजेंद्र गंगवार, पं. रामबाबू शर्मा, नगर अध्यक्ष प्रेमलता नीरेन्द्र राठौर, विहिप जिलाध्यक्ष बीआर गंगवार, राकेश गंगवार, डॉ. पूजा गंगवार, राजीव गंगवार, सोनू राठौर, मंडल अध्यक्ष ब्रह्मदत्त अवस्थी, दिनेश चौधरी एड., दिनेश गंगवार, खंड संघ चालक प्रहलाद सिंह यादव, शेर सिंह यादव, ललित गंगवार, चूड़ामल गंगवार सहित सभी सभासदगण मौजूद रहे। सेंथल नगर पंचायत से नगर अध्यक्ष कम्बर एजाज शानू, श्याम स्वरूप गुप्ता, अजमल जैदी, राहुल गुप्ता, विहिप जिला मंत्री अविनाश मिश्रा, मंडल महामंत्री उमाकांत जोशी, हाफिजगंज नगर अध्यक्ष विचित्र शंखधार, विहिप नगर अध्यक्ष सेठ सुबोध गुप्ता, सुशील गुप्ता, मुकेश गुप्ता, अतुल गुप्ता, डॉ. लेखराज मौर्य, नेमचंद मौर्य, मुनीश मौर्य, सेवाराम मौर्य, अली शहीर जैदी, याकूब अली जैदी, जामिन अजहर नकवी, विनय चौधरी, आशीष देवल सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने नवयुगल को शुभकामनाएं दीं।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे।

शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# देखना पर्याप्त नहीं अब हम मदद करना सीखेंगे

## जिलाधिकारी की पहल, देखना काफी नहीं, अब हम जान बचाएँगे' बागपत का मिशन देशभर के लिए उदाहरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** अक्सर यह देखने को मिलता है कि कोई व्यक्ति अचानक सड़क किनारे गिर पड़ता है–कभी दिल की धड़कन रुकने से, कभी साँस अटकने से, कभी किसी अनदेखी स्वास्थ्य समस्या से। दृश्य लगभग हर बार एक जैसा होता है। लोग तुरंत इकट्ठा हो जाते हैं, चारों तरफ़ चिंतित चेहरों का घेरा बन जाता है। सभी मदद करना चाहते हैं, हाथ काँपते हैं, दिल तेज़ धड़कता है, पर किसी को यह नहीं पता होता कि सहायता कैसे दी जाए। कोई पानी पिलाने की कोशिश करता है, कोई गाल थपथपाता है, कोई घबराकर मोबाइल निकालकर एम्बुलेंस बुलाता है। नीयत सबकी अच्छी होती है, लेकिन 'गोल्डन मिनट्स'कृवे कीमती शुरुआती मिनट जिनमें जीवन बचाया जा सकता है–धीरे–धीरे खिसकते जाते हैं। और अक्सर, जब तक चिकित्सा सहायता पहुँचती है, तब तक जीवन उस व्यक्ति से दूर जा चुका होता है।

ऐसे अनगिनत उदाहरण यह दिखा देते हैं कि समस्या चिकित्सा संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि नागरिकों के पास जीवनरक्षक कौशल न होने की है। और हर बार यह संकेत देती है कि अब तैयारी बदलनी होगी। जब मदद सामने ही मौजूद हो, तो किसी को इंतज़ार में क्यों मरना पड़े? यही प्रश्न इस अभियान की शुरुआत बना और इसी प्रश्न से जन्म हुआ जिले के साहसिक स्वप्न का जीवनरक्षकों का जिला। यह वह पहल है जब एक जिला कहता है–देखना पर्याप्त नहीं अब हम मदद करना सीखेंगे। क्योंकि देखने वाले बहुत हैं, लेकिन जीवन बचाने वाले बहुत कम और अब बागपत यह अंतर समाप्त करना चाहता है। भारत में हर वर्ष लाखों लोग कार्डियक अरेस्ट का शिकार होते हैं। 80प्रतिशत मामलों में यह अस्पताल के बाहर होता है। विश्व स्तर पर जहां CPR सीखने वालों की संख्या 40प्रतिशत–60प्रतिशत तक होती है, वहीं भारत में यह संख्या 2प्रतिशत से भी कम दर्ज की गई है। भारत में हर साल लाखों हृदयगति रुकने की घटनाएँ दर्ज होती हैं, जिनमें से अधिकांश इसलिए जानलेवा बनती हैं क्योंकि वहाँ खड़े लोग सिर्फ़ दर्शक रह जाते हैं–जीवनरक्षक नहीं बन पाते। यह संकट केवल किसी एक जिले, किसी एक शहर या किसी एक स्थिति का नहीं, बल्कि पूरे देश का है। सड़क हादसे में मरने वाले लोगों में से लगभग 30प्रतिशत समय पर प्राथमिक उपचार न मिलने के कारण दम तोड़ देते हैं।

बच्चों और बुजुर्गों में बीवा. पदह, साँस रुकना और अचानक गिरने के मामलों में अगर पहले पाँच मिनट में सहायता मिले, तो जीवित रहने की संभावना पाँच गुना तक बढ़ सकती है। लेकिन यथार्थ यह है कि औसत भारतीय नागरिक को प्राथमिक उपचार तक की जानकारी नहीं होती। इसके लिए जिला प्रशासन ने एक व्यापक सर्वे कराया। परिणाम चौंकाने वाले थे। बड़ी संख्या में आबादी ने कभी फर्स्ट–एड प्रशिक्षण नहीं लिया था। अधिकांश, आशा–आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, युवाओं ने केवल किताबों में जीवनरक्षक तकनीकें पढ़ी थीं, अभ्यास कभी नहीं किया। यह भी पाया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशिक्षण की कमी के कारण मौत का जोखिम 40प्रतिशत तक बढ़ जाता है। ऐसे में यह पूरी तरह से नागरिकों पर निर्भर है कि वे उस महत्वपूर्ण समय में सही प्रतिक्रिया दें या नहीं।

आँकड़ों ने यह साफ कर दिया कि भारत में हम बच्चों को गणित सिखाते हैं, लेकिन जीवन बचाना नहीं( हम लोगों को करियर के लिए तैयार करते हैं, लेकिन संकटों के लिए नहीं( और हम समाज को शिक्षित तो करते हैं, पर उसे तत्पर नहीं बनाते। इसी चुनौती को स्वीकार करते हुए बागपत ने यूपी की पहली Lifesaver Registryß तैयार करने की दिशा में काम शुरू किया – एक ऐसी व्यवस्था जहाँ हर प्रशिक्षित नागरिक की जानकारी दर्ज होगी और जहाँ साधारण लोग आपात स्थिति में असाधारण काम कर सकेंगे।

इस रजिस्ट्री का लक्ष्य है। पहले चरण में 10,000 से अधिक प्रशिक्षित नागरिक और आगे चलकर 50,000+ जीवनरक्षक नागरिक तैयार करना, जो किसी भी कोने में हों। बागपत, दिल्ली, मेरठ या देश के किसी शहर में–वे हर जगह जीवन बचाने की तैयारी लेकर चलेंगे। इस अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी बागपत के चैयरमैन पंकज गुप्ता, कार्यक्रम समन्वयक मयंक गोयल, स्वास्थ्य विभाग से सीएमओ डा.तीरथ लाल, डा. विभाष राजपूत, विद्यालय से डा. वंदना, अंकुर सहित अन्य मौजूद रहे।

## फार्म हाउस के बाहर खड़ी कार में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के डोला गांव स्थित रॉयल फार्म हाउस के बाहर खड़ी एक कार में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। अचानक लगी आग से मौके पर अफरा–तफरी मच गई।

स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार का करीब 60 प्रतिशत हिस्सा जलकर राख हो चुका था। आग बुझने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। कार मालिक अरुण ने बताया कि वे एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे और अपनी गाड़ी मैरिज हॉल के बाहर खड़ी की थी। कुछ देर बाद शोर सुनकर बाहर आए तो कार में आग लगी हुई देखी। अरुण ने आरोप लगाया कि उनकी गाड़ी में असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगाई गई है, यह किसी तकनीकी खराबी से लगी आग नहीं है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी है। थाना पुलिस का कहना है कि मामले की पड़ताल की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में हुआ ऐतिहासिक अभियान का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** इससे पूरे जिले की प्रतिक्रिया–क्षमता का वैज्ञानिक आंकलन किया जा सकेगा और समय के साथ इसे मजबूत किया जाएगा। इस ऐतिहासिक अभियान का शुभारंभ राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में हुआ। प्रशिक्षित अधिका. रियों ने जैसे ही छात्रों से पूछा कि ब्व्द का अभ्यास कौन करेगा, जिला. धिकारी अस्मिता लाल ने स्वयं आगे बढ़कर लाइव CPR का अभ्यास किया। जिलाधिकारी को देखकर छात्राओं की झिझक खत्म हो गई और कार्यक्रम के बाद सैकड़ों छात्राओं ने मैनिकिन पर CPR का अभ्यास किया। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सहायक आयुक्त गोल्ड मेडलिस्ट फर्स्ट एड ट्रेनर एवं जीवन रक्षक पदक विजेता डा. अरुण कुमार ने वॉलंटियर अमन कुमार की सहायता से सीपीआर का प्रशिक्षण दिया एवं सभी बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। CPR की प्रक्रिया, हाथों की स्थिति, चेस्ट कम्प्रेशन की गहराई, गति (100–120 compressions प्रति मिनट), choking में राहत देने की विधि और इमरजेंसी रिस्पॉन्स के बुनियादी सिद्धांतों को बेहद सरल भाषा में समझाया। वरिष्ठ पत्रकार कमलकांत घोष ने अपनी व्यक्तिगत पीड़ा साझा की। उनके प्रियजन की मौत सिर्फ़ इसलिए हुई क्योंकि उस समय मौजूद भीड़ को CPR नहीं आती थी। उनका यह वाक्य–अगर वहाँ खड़े सौ लोगों में से किसी एक को भी CPR आती, तो शायद वह आज जीवित होते कृने हर व्यक्ति को यह समझा दिया कि CPR केवल कौशल नहीं–एक मानवीय जिम्मेदारी है।

## हर घर में हो कम से कम एक जीवनरक्षक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी ने कहा कि इस अभियान का लक्ष्य दर्शक मानसिकता को बदलना है। अब लोग केवल देखेंगे नहीं मदद भी करेंगे। यह अभियान नागरिकों के भीतर बसे जिम्मेदार नागरिक को अभिव्यक्ति का अवसर देगा।

सभी नागरिक सीपीआर को एक लाइफ स्किल के रूप में सीखेंगे और स्कूल, बाजार, सार्वजनिक स्थानों पर इमरजेंसी स्थिति में तुरंत पीड़ित व्यक्ति को मदद कर जान बचाएंगे। सीपीआर तकनीक में किसी दवाएगों की जरूरत नहीं होती बल्कि यह एक आसान अभ्यास है। कार्यक्रम के दौरान संयुक्त राष्ट्र की आपदा–आधारित डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई, जिसमें आग, भूकंप, सड़क हादसे, भवन ढहने जैसी परिस्थितियों में घबराए बिना तुरंत प्रतिक्रिया कैसे दी जाए, यह सिखाया गया।

जिला प्रशासन ने आगे की विस्तृत योजना भी तैयार की है। सीएचसी बागपत के अधीक्षक डा. विभाष राजपूत ने बताया कि आशा- आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, पंचायत प्रतिनिधियों, माय भारत स्वयंसेवकों, स्काउट- गाइड इकाइयों, एनसीसी, यूथ क्लब और स्वयंसेवी संगठनों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि यह कौशल घर–घर पहुँच सके।

इस अभियान की खास बात यह भी है कि इसमें कोई आयु सीमा नहीं ह–12 वर्ष के बच्चे से लेकर 70 वर्ष के बुजुर्ग तक सभी प्रशिक्षण ले सकते हैं।

इससे हर वर्ग, हर क्षेत्र और हर समुदाय इस सुरक्षा–चक्र का हिस्सा बनेगा।

## एक नजर

### दुर्घटना के बाद मदद मिलने में होने वाली देरी होगी कम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** इस पहल से आने वाले समय में कई बड़ी समस्याओं का समाधान होगा। दुर्घटना के बाद मदद मिलने में होने वाली देरी कम होगी। दिल का दौरा और कार्डियक अरेस्ट में जीवन बचाने की बेहद कम दर में सुधार होगा। भीड़ का केवल खड़े होकर देखना और वीडियो बनाना जैसी सामाजिक प्रवृत्तियाँ बदलेंगी। प्राथमिक उपचार के अभाव में बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं की अनावश्यक मौतें कम होंगी। आपात स्थितियों में घबराहट और भ्रम की जगह एक प्रशिक्षित, शांत और तैयार प्रतिक्रिया विकसित होगी। और सबसे महत्वपूर्ण–समुदाय में मदद की संस्कृति को मजबूती मिलेगी, जो आज तेज़ी से कमजोर पड़ रही है। इस अभियान से जो परिवर्तन होंगे, वे केवल कौशल तक सीमित नहीं रहेंगे। नागरिकों में आत्मविश्वास बढ़ेगा। समुदाय घबराएगा नहीं–तत्पर रहेगा। भीड़ अब दर्शक नहीं, सहयोगी बनेगी। घर–घर में जीवन–बचाने वाले कौशल पहुँचेंगे। आपातकाल का जवाब तेज़, प्रभावी और संगठित होगा। इससे सामाजिक ताने–बाने में वह भरोसा लौटेगा, जहाँ लोग एक–दूसरे के लिए खड़े होते हैं। और सबसे अनोखी बात यह है कि यह आंदोलन बागपत तक सीमित नहीं है। जो भी नागरिक यहाँ प्रशिक्षण लेगा, वह जहाँ भी जाएगा। दिल्ली, गुजरात, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, बेंगलुरु–वह हर जगह जीवन बचाने की क्षमता अपने साथ ले जाएगा। यही इस पहल की सबसे बड़ी ताकत है। यह किसी भूगोल की सीमा में बंधी नहीं–यह एक मानसिकता का निर्माण है। यह लोगों को भीड़ से अलग करता है–क्योंकि जहाँ भी वे होंगे, वहाँ वे केवल दर्शक नहीं, बल्कि पहले उत्तरदाता होंगे। यह अभियान नागरिकों को crowd&watcher ugha- cfYd Þnation&ready lifesaver बनाता है। यह अभियान अपनी तय गति से आगे बढ़ एक वर्ष में 50,000 से अधिक प्रशिक्षित नागरिक तैयार करेगा–जो उत्तर प्रदेश ही नहीं, पूरे देश के लिए एक उदाहरण बनेंगे। जैसे स्वच्छता, टीकाकरण और शिक्षा अभियानों ने भारत की सोच बदली, वैसे ही यह पहल नागरिक–कर्तव्य, संवेदनशीलता और सामुदायिक तत्परता की नई संस्कृति स्थापित अब बागपत न सिर्फ़ जीवनरक्षकों का जिला कहलाएगा, बल्कि यह देश को यह दिखाएगा कि एक जिले की दृढ़ इच्छाशक्ति कैसे पूरे समाज की सोच बदल सकती है। यह कहानी बागपत की है, लेकिन इसका संदेश पूरे भारत का है। जहाँ नागरिक केवल देखने नहीं, बल्कि जीवन बचाने के लिए आगे बढ़ते है। वहीं से एक नया भारत शुरू होता है।

## अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ट्रैक पर रखा गया पाइप, ट्रेन को इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत कोतवाली क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर 10 फीट लंबा लोहे का पाइप मिलने से एक बड़ी रेल दुर्घटना टल गई। अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ट्रैक पर पाइप रखे जाने के बाद ट्रेन को इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोका गया। पुलिस और रेलवे विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

यह घटना कासिमपुर खेड़ी गांव के समीप रेलवे ट्रैक पर हुई। पाइप ट्रैक पर रखे होने की सूचना मिलते ही अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रेन को रुकवाया। यदि ट्रेन पाइप से टकराती तो एक गंभीर हादसा हो सकता था, जिसमें ट्रेन के पलटने का भी खतरा था। सूचना मिलते ही पुलिस कर्मचारी और रेलवे विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है कि आखिर यह पाइप किसने और किस उद्देश्य से पटरी पर रखा था। बड़ौत कोतवाली में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। स्टेशन मास्टर शशि भूषण की तहरीर के आधार पर यह मुकदमा पंजीकृत किया गया है। उन्होंने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका गया, जिससे एक संभावित बड़ी दुर्घटना को टाला जा सका। अधिक. ारी फिलहाल इस घटना की गहनता से जांच कर रहे हैं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से सब्जी विक्रेता की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत–मेरठ मार्ग पर दादरी गांव के सामने बुधवार देर रात एक अज्ञात वाहन की टक्कर से 55 वर्षीय सब्जी विक्रेता रामकुमार कश्यप की मौत हो गई। रामकुमार मूल रूप से बरवाला गांव के निवासी थे।

रामकुमार कश्यप पिछले 20 वर्षों से अपनी पत्नी धर्मबीरी, पुत्र दर्शन और पुत्री डोली के साथ अपनी ससुराल पुरानी दादरी गांव में रह रहे थे। वे बाइक के रहड़े पर सब्जी बेचने का काम करते थे। बुधवार रात करीब 7 बजे वे किसी काम से पैदल ही बिनौली जा रहे थे। बड़ौत–मेरठ मार्ग पर पहुंचते ही पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से रामकुमार लहूलुहान होकर सड़क पर गिर गए, जबकि वाहन चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने उन्हें सड़क पर पड़ा देखकर दादरी गांव में सूचना दी। इसके बाद उनके साले सुभाष, राम. निवास, अंकुल और अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने एंबुलेंस बुलाकर रामकुमार को सीएचसी बिनौली पहुंचाया।

चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए मेरठ रेफर कर दिया, लेकिन मेरठ ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। रामकुमार के शव को दादरी गांव लाया गया और उनके बरवाला स्थित परिवार को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर मृतक के भाई देशपाल और अन्य परिजन दादरी पहुंचे। वे शव को बरवाला गांव ले गए, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि अभी तक थाने में कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## लोयन मलकपुर गांव के लोगों की पंचायत आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के लोयन मलकपुर गांव के लोगों की एक पंचायत आयोजित की गई। पंचायत में मलकपुर चीनी मिल से निकले नाले के दूषित पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने धरना दिया। समस्या का समाधान नहीं होने पर महापंचायत बुलाने का भी निर्णय लिया। पंचायत में चीनी मिल के खिलाफ आंदोलन की रणनीति बनाने पर भी बल दिया। पंचायत में ग्रामीणों ने कहा कि मलकपुर चीनी मिल से दूषित पानी की वजह से गांव में संक्रामक बीमारी फैलने का भी खतरा बना हुआ है। इसके लिए लगातार धरने प्रदर्शन भी किए गए, मगर आज तक इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया। पंचायत में ग्रामीणों ने बताया कि गांव से निकल रहे। नाले के पानी से दुर्गंध आती है। वहां आने–जाने में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। हैंडपंपों का पानी भी प्रदूषित होने लगा है। इस मुद्दे को लेकर एशिया चैंपियन सुभाष पहलवान ने कहा कि अगर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो इसी नाले में खड़े होकर आंदोलन की रूपरेखा बनाते हुए वह खुद जल समाधि लेने को भी तैयार है। इस मौके पर दीपक तोमर समाजसेवी अश्वनी कुमार एडवोकेट टिनु प्रधान निशांत तोमर विक्रांत तोमर, छपरौली चौयरमेन धर्मेंद्र खोखर अर्जुन तोमर राजीव तोमर विजय हिंदुस्तानी रमेश चौधरी धर्मपाल सिंह अंकुश हिलवाडी सौरभ तोमर विक्रांत चौधरी के अलावा भारी संख्या में पंचायत में लोगों ने भाग लिया।

## कांग्रेस पुराने मुद्दों को उखाड़ने का करेगी काम



**शाह टाइम्सस संवाददाता**

**बडौत।** कांग्रेस पार्टी कार्यालय पर अध्यक्ष रामहरि पवार ने प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि आगामी 14 दिसंबर को कांग्रेस पार्टी की रामल. ीला मैदान दिल्ली में होने वाली वोट चोर गद्दी छोड़ महारेली राहुल गांधी के नेतृत्व में की जाएगी जिसको सफल बनाने के लिए कांग्रेसी एकजुट होकर रैली को सफल बनाने का कार्य करेंगे। नगर से भारी संख्या में कांग्रेसी महा रैली में पहुंचेंगे। इसके लिए कांग्रेसियों ने शहर में जगह बैठक करके कांग्रे. सियों को एकजुट करने का आवाह्न कर दिया है। अब कांग्रेसी के साथ गांव देहात शहर तक के पुराने कांग्रेसी भी एकजुट होने लगे हैं। कांग्रेस यह एसी मात्र पार्टी है जो सबको एक साथ लेकर चलने का काम करती है। कांग्रेस में सब का हित है अब कांग्रेस पुराने मुद्दों को उखाड़ने का काम करेगी। भाजपा चुनावी मुद्दे भूल गई है जो वादा जनता से किया था। सभी वादे भाजपा मुखर रही है। कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामहरि पवार अपने शहर कांग्रेस पार्टी कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों के साथ प्रेस वार्ता कर रहे थे।

## अंश राणा ने रजत पदक जीतकर जनपद का किया नाम रोशन



**शाह टाइम्सस संवाददाता**

**बडौत।** ओम साईं शूटिंग अकादमी के निशानेबाज अंश राणा ने 69वी नेशनल स्कूल गेम्स शूटिंग प्रतियोगिता में प्रदेश के इंदौर में जनपद का प्रतिनिधित्व करते हुए रजत पदक पर अपना सटीक निशाना लगाकर कब्जा जमाया और जनपद का नाम रोशन किया। लगातार जनपद के निशानेबाज देश–विदेश में अपना नाम रोशन कर रहे हैं। जनपद की मिट्टी में जन्मे ऐसे होनहार छात्रों का जगह–जगह स्वागत किया जा रहा है। इससे पूर्व में भी दर्जन पर छात्र निशानेबाजी में जनपद का नाम रोशन कर चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि पर साईं शूटिंग अकादमी के निशानेबाजों में खुशी की लहर दौड़ गई। विजेता अंश राणा के एकेडमी पहुंचने पर स्वागत किया जाएगा। ओम साईं शूटिंग अकादमी के कोच विकास कुमार ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना की और ऐसे ही कड़ी मेहनत कर देश का नाम रोशन करने के लिए भी प्रेरित किया। इस शुभ अवसर पर संकित कश्यप शिवम मान अनीता नैन, नैन्सी तुषीर, आयुषी तोमर, वाशु तोमर कर्ण, वंश कश्यप, विकाश कुमारी, समीर चौधरी, सुंद. रम पांचाल, गोपाल कश्यप, शाहरुख खान, लव तोमर, एलेक्स, मयंक खोखर, आशीष खोखर, गगन शर्मा आदि ने मिठाई खिला कर खुशियां मनाई।

## श्रद्धालुओं द्वारा केवल ज्ञान कल्याणक महोत्सव मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** दिगंबर जैन मंदिर कमेटी के तत्वावधान में दिगंबर जैन कॉलेज ए फील्ड में पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के पांचवें दिन जैन श्रद्धालुओं द्वारा केवल ज्ञान कल्याणक महोत्सव मनाया गया।

सोधर्म इंद्र सौरभ जैन के नेतृत्व में कुबेर इंद्र सिद्धार्थ जैन, यज्ञनायक प्रभात जैन, ईशान इंद्र राजीव जैन, सनत इंद्र सतीश जैन, महेंद्र इंद्र अशोक जैन आदि इन्द्रगणों ने भक्ति भाव से आदिनाथ भगवान एवं चौबीसों भगवान की प्रतिमा का अभिषेक किया एवं शांतिधारा की। इस अवसर पर सभी इंद्र इंद्रियों द्वारा भाव विभोर होकर नृत्य किया गया। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं ने अष्ट द्रव्यों से विधि विधान पूर्वक आदिनाथ भगवान की पूजन की। नाटकीय प्रस्तुति के माध्यम से दिखाया गया कि भगवान आदिनाथ ने दीक्षा के बाद एक वर्ष तक बिना अन्न जल के घोर तपस्या की। वर्षी तप के बाद राजा श्रेयांस ने गन्ने के रस से उनका पारणा कराया। नगर में सभी ने प्रतीक रूप में आदिनाथ भगवान को गन्ने के रस से पारणा कराया और गन्ने के रस का प्रसाद प्राप्त किया। राजा श्रेयांस बनने का सौभाग्य विशाल जैन सुपुत्र सुभाष चंद जैन खाद वालो को प्राप्त हुआ। एक हजार वर्षों की कठिन तपस्या के बाद आदिनाथ भगवान को केवल ज्ञान प्राप्त हुआ। पंडित हंसमुख राय के निर्देशन में केवलज्ञान कल्याणक की सभी क्रियाएं संपन्न कराई गई। इस अवसर पर संगीतकार रामकुमार भोपाल ने जैन भजनो की सुंदर प्रस्तुति दी। पंच कल्याणक के मध्य प्रवचन देते हुए आचार्य सौरभ सागर जी महाराज ने कहा कि केवलज्ञान तीन लोक के, तीनों कालों के, समस्त वस्तुओं को एक साथ एक समय में जानने व देखने में सक्षम है।

## दिन और रात के तापमान में बड़े अंतर से बढ़ रही बीमारियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बदलते मौसम के कारण लोगों को स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। दिन और रात के तापमान में बड़े अंतर से बीमारियां बढ़ रही हैं, जिससे विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को परेशानी हो रही है। जिले में दिन का तापमान लगभग 24 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, जबकि रात में यह गिरकर 8 डिग्री सेल्सियस तक आ जाता है। दिन में गर्मी और रात में ठंड के कारण लोग बीमार पड़ रहे हैं। जिला अस्पताल में प्रतिदिन 700 से अधिक ओपीडी दर्ज की जा रही हैं। इनमें सबसे अधिक मरीज बुखार, जुकाम और त्वचा संबंधी समस्याओं के साथ पहुंच रहे हैं। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए जिला अस्पताल में अतिरिक्त डॉक्टरों की तैनाती की गई है।

**कार्यालय ग्रा0 पं0 मियांपुर दियोरा विकास खंड इस्लामनगर बदायूं**

प्रतांक/ निविदा/ विज्ञाप्ति/2025-26 10-12-2025

**अल्पकालीन निविदा**

समस्त सामग्री आपूर्ति यथा (सीमेंट, रेता, बजरी, बदरफुट ईट, इन्टरलाक, सरिया, एंगिल, टीन, पेन्ट, रोडा) आदि को सूचित किया जाता है कि मनरेगा, राज्य वित्त, केन्द्र वित्त योजना(2025-26) के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत 'मियांपुर दियोरा' विकास खण्ड इस्लामनगर बदायूं में निम्न कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। अत: समस्त संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है। कि निविदा की तारीख से सामग्री की दरे बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 13-12-2025 को शाम 3:00 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करें। व इसी दिवस को 4:00 बजे प्रधान व सचिव के सामने खोली जाएंगी।

**कार्य का विवरण निम्न प्रकार है**

| क्र.स. | कार्य का विवरण | अनुमानित धनराशि |
|---|---|---|
| 1 | राकेश के घर से PWD रोड तक खडण्जा निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 2 | आर्येन्द्र के घर से तालाब तक सीसी एवं नाली नि कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 3 | दिनेश के घर से दिनेश की बैठक तक का खडण्जा, नाली निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 4 | इकरार के घर से सुरेश जाटव के घर तक खडण्जा, नाली निमार्ण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 5 | छत्रपाल के घर से जगवीर के घर तक खडण्जा निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |
| 6 | विभिन स्थानों पर शोकपिट निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |

सचिव प्रधान

## रैंकिंग खराब करने वाले अधिकारियों को कार्यशैली में सुधार के दिए सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड से संबंधित विकास कार्यों की कड़ी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम रतनपुरा तहसील स्वार में पूर्व मे जारी एजेंडा के अनुसार दिनांक 11/12/2025 को ग्राम पंचायत भवन पर एक बैठक आहूत की गई। जिसमें ग्राम रतनपुरा के गाटा संख्या 304, रकवा 0.239 (हे.) व गाटा संख्या 417 मि.(हे.) रकवा 0.089 (हे.)
व गाटा संख्या 511 रकवा 0.291 (हे.) के भाग पर कृषि आवंटन हेतु पात्र व्यक्तियों का चयन 13/12/2025 को खुली बैठक प्रात: 10:00 बजे से 2: 00 बजे तक किया जाएगा।

**अध्यक्ष**
**भू.प्र.स. ग्राम पंचायत रतनपुरा**
**तहसील स्वार जनपद रामपुर।**

# डीएम और एसपी ने जनसुनवाई में दिव्यांगजन की समस्या का किया त्वरित निस्तारण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत धमोरा मिलक निवासी दिव्यांग सूरज अपने माता-पिता के साथ उपस्थित हुए और अपनी दैनिक जीवन से जुड़ी समस्याओं को लेकर प्रार्थना-पत्र जिलाधिकारी को सौंपा।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने प्रार्थना-पत्र का अवलोकन करने के पश्चात अत्यंत संवेदनशीलता के साथ तत्काल जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतिभा पाल से दूरभाष पर वार्ता की एवं आवश्यक सुविधाएं प्रदान किए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसुनवाई में आने वाले प्रत्एक दिव्यांगजन की समस्या को प्राथमिकता पर लेते हुए त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।



निर्देशों के अनुपालन में कुछ ही समय में कलेक्ट्रेट सभागार में दिव्यांगजन हेतु ट्राईसाईकिल उपलब्ध कराई गई। तत्पश्चात जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी तथा पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने स्वयं ट्राईसाईकिल प्रदान कर दिव्यांग सूरज को सौंपी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा चलाई जा रही दिव्यांगजन हितकारी योजनाओं का उद्देश्य पात्र व्यक्तियों को स्वावलंबन एवं सम्मानपूर्वक जीवनयापन का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रशासन द्वारा दिव्यांगजनों को सभी आवश्यक सहायता एवं योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराया जाता रहेगा।

दिव्यांग सूरज एवं उनके परिजनों ने प्रशासन की त्वरित कार्यवाही के लिए आभार व्यक्त किया।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज में स्वावलंबन कैंप आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** महिला कल्याण विभाग के निर्देशानुसार मिशन शक्ति द्धफेज-05ऋ की कार्ययोजना के अंतर्गत राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज, रामपुर में स्वावलंबन कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में हब फॉर इम्पावरमेंट द्वारा संपन्न हुआ।

कैंप में छात्र-छात्राओं को 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि बाल विवाह एक दुष्प्रथा है और इसके तहत बालिका की आयु 18 वर्ष तथा लड़के की 21 वर्ष होना अनिवार्य है। कैंप के दौरान महिला कल्याण विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओंकृमुख्यमंत्री कन्या



सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, निराश्रित पेंशन, रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोषकृकी जानकारी दी गई। साथ ही भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं में ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया भी समझाई गई।

जागरूकता कार्यक्रम में जेंडर स्पेशलिस्ट निदा जैदी, चाइल्ड हेल्पलाइन टीम से काउंसलर मित. लेश, केस वर्कर उर्मिला तथा विद्यालय के शिक्षकगण मौजूद रहे।

## निष्क्रिय खातों मे जमा धनराशि के लिए शिविर 12 दिसम्बर को

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** अग्रणी जिला प्रबन्धक शिवांग जोशी ने बताया कि वित्त मंत्रालय व भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार 12 दिसम्बर 2025 को बैंकों की ओर से अवशेष अप्राप्त वित्तीय परिसंपतियों द्धडीईएएफऋ रिफंड शिविर का आयोजन विकास भवन में 12:00 बजे किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि खाताधारकों की सुविधा को ध्यान मे रखते हुए यह कार्य किया जा रहा। इसमे लंबे समय से अप्राप्त बैंक जमा राशि, निष्क्रिय खाते सावधि आवर्ती जमा, डिमेट खातों तथा अन्य वित्तीय परिसंपतियों के त्वरित निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में जिले के सभी बैंक सरकारी, निजी, क्षेत्रीय सक्रिय भागीदारी करेंगे। जनता को ऑन द स्पॉट सहायता प्रदान करने के लिए बैंक अधिकारियों की टीम पूरी तैयारी के साथ उपस्थित रहेगी। शि. विर में आने वाले नागरिकों को बैंक से जुडे सभी दस्तावेज लाने होंगे।

# एसआईआर : बीएलओ- बीएलए बैठक में मतदाता सूची की पारदर्शिता पर चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्य में पारदर्शिता, निष्पक्षता और उद्देश्य को लेकर शहर विधानसभा अंतर्गत तहसील सदर के ग्राम मनकरा स्थित बूथ पर बैठक की गई। बैठक में भाजपा के अलावा किसी अन्य दल के बूथ लेवल एजेंट नहीं पहुंचे।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आयोजित बैठक में पर्यवेक्षक और बीएलओ ने अनुपस्थित मतदाताओं को सूचीबद्ध किया। मृतक व डुप्लीकेट मतदाताओं की भी लिस्ट को अंतिम रूप दिया। ग्राम पंचायत में एसआईआर का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण होने पर ग्राम प्रधान सना काशिफ ने सुपरवाइजर हरि राम और बीएलओ रामकिशोर को सम्मानित किया।



बैठक में मौजूद रहे राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन के जिला उपाध्यक्ष व प्रवक्ता काशिफ खां ने बताया कि बसपा और कांग्रेस ने बाहरी व्यक्तियों को इस बूथ पर बीएलए नियुक्त किया था, जो पूरी प्रक्रिया के दौरान गायब रहे। सपा ने किसी को बीएलए नहीं बनाया था। बैठक में भाजपा के बीएलए मंगल सैन, विक्रमजीत सिंह विक्की, सलीम अल्वी, मुनीर अहमद आदि मौजूद रहे।

## बन्द पड़े घर में लगी आग हजारों-रुपयों का सामान जलकर नष्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** बन्द पड़े घर घर मे आग लगने के कारण हजारों रूपयो का सामान जलकर राख हो गया।

कडी मुशक्कत से गांव के लोगो ने आग पर कापू पाया क्षेत्र के गांव किशनपुर मौलागढ़ निवासी कमरुल पुत्र शमशुददीन व उसकी पत्नी खाना बनाने व खाने के बाद काम पर चले गए थे ओर बच्चे स्कूल चले गए कि उसी दोरान उसके बन्द पड़े घर मे अचानक गुरूवार की सुबह लगभग नो बजे के करीब आग आग लग गई ओर लपटे उठने लगी घर मे आग लगते देख गांव वालो मे हड़कंप मच गया कडी मुशक्कत से ग्रामीणो ने आग पर काबू पाया ओर घर मे रखे गैस के सिलंडर को बाहर निकाला अगर घरमे रखा सिलंडर फट जाता तब बडा हादसा हो सकता था तब घर का सारा सामान जल कर राख हो गया।

आग लगने से ग्रह स्वामी का हजारों रूपए का नुकसान हुआ है सारा सामान लिहाफ गद्दे ढबलबेड ओर अन्य घर मे रखा सामान सब कुछ जलकर नष्ट हो गया।

# पंचायत सहायक एकाउंटेंट-कम-डाटा एंट्री ऑपरेटर के 19 पदों पर आवेदन आमंत्रित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद में पंचायत सहायकध्एकाउण्टेन्ट-कम-डाटा इन्ट्री आपरेटर के 19 रिक्त पदों पर चयन हेतु शासनादेश में निर्दिष्ट योग्यता एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। रिक्तियों का विवरण एवं आवेदन पत्र का प्रारूप संबंधित ग्राम पंचायत सचिवालय में उपलब्ध है। आवेदन पत्र जमा करने की निर्धारित अवधि 18 दिसम्बर 2025 से 02 जनवरी 2026 तक रहेगी। अभ्यर्थी अपना आवेदन व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से अपनी ग्राम पंचायत, विकास खण्ड कार्यालय अथवा जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। चयन प्रक्रिया की निर्धारित समय-सारणी के अनुसार 15 दिसम्बर से 17 दिसम्बर 2025 ग्राम पंचायत द्वारा भर्ती प्रक्रिया की सूचना का प्रसारण सूचना पट्ट एवं मुनादी के माध्यम से किया जाएगा। 18 दिसम्बर 2025 से 02 जनवरी 2026 अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र प्राप्त किए जाएंगे। 05 जनवरी से 10 जनवरी 2026 जिला पंचायत राज अधिकारी एवं विकास खण्ड कार्यालय में प्राप्त समस्त आवेदन पत्र संबंधित ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराए जाएंगे। 12 जनवरी से 19 जनवरी 2026 ग्राम पंचायत द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों की जांच कर श्रेष्ठता सूची मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी तथा ग्राम पंचायत की प्रशासनिक समिति से अनुमोदन उपरांत सूची को जिला स्तरीय समिति द्धसदस्य सचिव जिला पंचायतराज अधिकारी को प्रेषित किया जाएगा। 20 जनवरी से 27 जनवरी 2026 जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा आवेदन पत्रों का परीक्षण एवं अंतिम संस्तुति की जाएगी। 28 जनवरी से 31 जनवरी 2026 ग्राम पंचायतों द्वारा पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र निर्गत किए जाएंगे। जिला पंचायतराज अधिकारी ने बताया कि अभ्यर्थी निर्धारित आवेदन प्रारूप में समस्त सूचनाएं अंकित कर ही आवेदन प्रस्तुत करें। समस्त चयन प्रक्रिया शासनादेश में दिए गए प्राविधानों के अनुरूप संचालित की जाएगी। उन्होंने बताया कि विकास खण्ड चमरौआ की ग्राम पंचायत मुण्डिया खेंडा, फैजनगर, किसरौल, विकास खण्ड सैदनगर की ग्राम पंचायत पहाड़पुर, जगतपुर, विकास खण्ड स्वार की ग्राम पंचायत मिलक ताज खां, मेवला कलां, विकास खण्ड शाहबाद की ग्राम पंचायत नादरगंज, मदारपुर, चकरपुर कदीम, धुरियाई, विकास खण्ड बिलासपुर की ग्राम पंचायत अलीपुर ठेका, नरायन नगला, रम्पुरा बुजूर्ग, ढाकी, कुंआखेड़ा, गजरौला, बेरखेंडा एवं विकास खण्ड मिलक की ग्राम पंचायत ठिरिया विश्नू के पंचायत सहायकों के पद रिक्त है।

# हम एकता मंच की मासिक बैठक संपन्न आधा दर्जन लोग संगठन से जुड़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** हम एकता मंच की मासिक बैठक नैनीताल रोड स्थित राष्ट्रीय कार्यालय पर संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष शादाब शफीक खघं ने की और संचालन राष्ट्रीय महासचिव मास्टर फिरोज खान ने किया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने के साथ जनहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष शादाब शफीकघ खघं ने कहा कि हम एकता मंच जनहित से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है संगठन के सदस्य अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहे हैं एस आई आर में निस्वार्थ सेवा करते हुए संगठन के कार्यकर्ताओं ने जनता और बीएलओ का सहयोग किया है जिसमें राजू खघं, मौहम्मद रेहान एडवोकेट, मौहम्मद नाजिम, डाक्टर जहांगीर खघं, डाक्टर मौहम्मद अकरम साहब, मास्टर फिरोज खान, नादिर खघं,वसीम खघं आदि ने भरपूर सहयोग किया है। राष्ट्रीय महासचिव मास्टर फिरोज खान ने कहा कि संगठन का विस्तार करने के लिए बरेली, मुरादाबाद,संभल, अमरोहा बिजनौर आदि आस पास के जिलों में जल्द ही जिला कमेटियां गठित की जाएंगी। मास्टर फिरोज खान ने कहा कि संगठन के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की मेहनत रंग ला रही है और तमाम लोग लगातार हम एकता मंच से जुड़ रहे हैं।




युवा जिलाध्यक्ष मौहम्मद रेहान एडवोकेट और नगर अध्यक्ष नादिर खघं बबलू ने जिला और नगर स्तर पर संगठन को और मजबूती देने के लिए जनसंपर्क बढ़ाने पर जोर दिया। राजू खघं ने नात ए पाक पेश की और अंत में देशभक्ति गीत मेरे देश प्रेमियों आपस में प्रेम करो गाकर हम एकता मंच के उद्देश्य को उजागर किया। इस अवसर पर मौहम्मद नावेद साहब को युवा जिला कार्यालय सचिव मनोनीत किया गया। मौहम्मद यासीन,संजू खघं,नदीम खघं, दानिश अली और वजीर अहमद ने हम एकता मंच की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में मास्टर जुबैर साहब, मौहम्मद नाजिम साहब, समीर खघं, राशिद खां, मुनीर खघं प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# राजकीय इंटर कालेज में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** गुरुवार राजकीय इंटर कॉलेज स्वार में वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम मां सरस्वती की मूर्ति पर दीप प्रज्वलित कर और सरस्वती गीत के साथ शुरू हुई सर्वप्रथम शिव शंकर प्रधानाचार्य द्वारा मुख्य अतिथि अतुल कुमार पांडे क्षेत्राधिकारी स्वार व कार्यक्रम में आए अन्य अतिथियों को बैज लगाकर स्वागत किया गया इसके बाद विद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी ने पंख पोर्टल के माध्यम से अधिक से अधिक ज्ञान अर्जित करने को कहा और बताया कि इस पोर्टल से हम अपने भविष्य को अच्छी तरीके से चुन सकते हैं क्योंकि इस पोर्टल पर करियर के बारे में विभिन्न प्रकार की जानकारी उपलब्ध है उन्होंने यह भी बताया कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है। जो पिएगा वही दहाड़ेगा अंत में प्रधानाचार्य द्वारा विभिन्न प्रतियोगी प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को शील्ड व मेडल देकर पुरस्कृत किया इस अफसर पर कार्यक्रम में मौजूद अखिलेश शर्मा मैनेजर भारतीय स्टेट बैंक द्वारा छात्र-छात्राओं को बैंक में अपना अच्छा करियर चुनने के लिए विस्तार से बताया स्वास्थ्य विभाग की ओर से आए डॉक्टर इमरान डॉक्टर मोनिका डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने छात्र-छात्राओं को अच्छी तरीके से स्वास्थ्य विभाग में अपना करियर बनाने के लिए विस्तार पूर्वक बताया इस अवसर पर अनुराधा कटियार प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नरपत, विनोद कुमार प्रधानाचार्य राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजा नगर,डॉक्टर अजय प्रकाश दीक्षित,प्रधानाचार्य विनोद कुमार मिश्रा, प्रधानाचार्य सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छपरा डॉक्टर वेदपाल सिंह आदि ने छात्र-छात्राओं को पंख पोर्टल व कैरियर गाइडेंस के बारे में विस्तार से समझाया कार्यक्रम का संचालन कुमारी जेबा खान सहायक अध्यापिका ने किया अंत में शिव शंकर प्रधानाचार्य द्वारा मुख्य अतिथि अतुल कुमार पांडे व अन्य अतिथियों व समस्त स्टाफ छात्र छात्राओं को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।



# रामपुर में 12 दिवसीय फास्ट फूड स्टॉल प्रशिक्षण के लिए आवेदन शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा-आरसेटी, नैनीताल रोड नियर बिजली घर, पहाड़ी गेट, रामपुर में 18 से 45 वर्ष के युवाओं व युवतियों के लिए 12 दिवसीय फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम दिसंबर के तीसरे सप्ताह से शुरू होने जा रहा है।

प्रशिक्षण के लिए 15 दिसंबर 2025 तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। पूरे जिले के लिए 35 सीटें निर्धारित हैं। यह प्रशिक्षण पूर्णतया नि:शुल्क होगा, जिसमें चाय, नाश्ता, भोजन, यूनिफॉर्म व प्रशिक्षण सामग्री भी नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।



इच्छुक अभ्यर्थी आधार कार्ड, राशन कार्डध्जॉब कार्ड, चार फोटो और बैंक पासबुक की फोटो कॉपी के साथ सुबह 9:30 से शाम 5:30 बजे तक संस्थान में आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण के बाद ग्रामीण विकास मंत्रालय का प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा, जिसके माध्यम से विभिन्न ऋण योजनाओं का लाभ लिया जा सकेगा। निम्न संपर्क नंबररू 9012183432, 9058382486, 6397879587 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## खेत की मेड की रंजिशन में ग्रामीण से की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवादाता**

**धमोरा।** शहजादनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में खेत की मेड को लेकर पुरानी रंजिश के चलते ग्रामीण के साथ मारपीट का घायल करने का मामला सामने आया है। जिसके चलते पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज की कार्यवाही की है।

मामला थाना क्षेत्र के पैगंबरपुर गांव से जुड़ा है।

गांव निवासी जगतपाल पुत्र मदद लाल ने थाना पुलिस को दी तकरीर में बताया है। कि उसकी क्षेत्र के ही जंगल में खेती की जमीन है। जिसके चलते पिछले दिनों खेत की मेड को लेकर गांव के ही सैजी पुत्र इस्तेकार से पुरानी रंजिश चली आ रही थी।

इस दौरान बीते दिन पीड़ित का पिता अपने खेत से काम कर जंगल के रास्ते होते हुए घर वापस लौट रहा था। इस दौरान इस्तेकार के चारों बेटे सैजी, नावेद , साजेब ,बाबू ग्रामीण के पास आ गए और रास्ते में रोक कर कहा. सुनी करने लगे। जिसके बाद देखते ही देखते आरोपियों ने जान से मारने की नियत से चाकू, छुरी से हमला कर दिया।

इस दौरान ग्रामीण ने यह भी आरोप लगाया है। कि इस्तेकार के एक बेटे ने देसी तमंचे से फायर कर दिया। जिसमें ग्रामीण बाल बाल बच गया।

आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

किसी तरह जान बचा कर थाने पहुंचे ग्रामीण ने मामले की जानकारी थाना पुलिस को दे दी।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों लोगों के खिलाफ मामला दर्ज की कार्रवाई की है।

# उधार के रुपये मांगने पर चले लाठी डंडे, दो युवक घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैफनी/रामपुर ।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ताजपुर बेहटा निवासी सहभाग पुत्र दिनेश ने बुधवार की रात को दी तहरीर में बताया कि वह ग्राम पीपली चक पर स्थित ईट के भट्टे पर मजदूरी करता है। बुधवार की रात लगभग 8 बजे रोजाना की तरह भट्टे से काम करके घर वापस आ रहा था तभी अचानक रास्ते में जसराम पुत्र रामफल ने अपनी परचूनी की दुकान पर रोक लिया। अपनी दुकान के पुराने उधार के 200 रूपए का तगादा करने लगा प्रार्थी ने शनिवार को देने का वायदा किया था लेकिन इतने में ही जसराम पुत्र रामफल ने अपने बेटे अरुण भाई केवल व भतीजे मनोज को भी बुला लिया। इन सभी ने एक राय मशवरा होकर प्रार्थी के साथ गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। प्रार्थी की चीख पुकार सुनकर प्रार्थी के पिता दिनेश ओर छोटा भाई शिव कुमार प्रार्थी को बचाने के लिए आए तो उक्त लोगों ने इनके साथ बुरी तरह मारपीट करने लगे जिसमें प्रार्थी सहित छोटे भाई के गंभीर चोटे आई है। जिसकी तहरीर प्रार्थी ने थाने में देकर उक्त लोगों पर सख्त से सख्त कार्यवाही करने की लगाई गुहार खबर लिखे जाने तक पुलिस ने दोनों चोटिल युवकों को मेडिकल के लिए शाहाबाद सी एच सी केंद्र भेज दिया।



# नहर विभाग की लापरवाही से नहर के कटान से किसानों की फसल बर्बाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धमोरा।** भारतीय किसान यूनियन चौधरी की टीम को एक सूचना किसानों द्वारा प्राप्त हुई की रेलवे लाइन के बराबर से बह रही नहर अचानक से दो जगह से कट गई है। जिस कारण वहां पर तमाम खेतों में पानी भर गया जिससे किसानों की फसल बर्बाद हो गई क्योंकि गेहूं की फसल में पानी ज्यादा भर चुका है जिससे किसान परेशान है। किसानों ने भारतीय किसान यूनियन चौधरी के जिला अध्यक्ष इमरान बाबा के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा किसानों को उनकी फसल का उचित मुआवजा दिलवाए जाने की मांग की है। इस पर भारतीय किसान यूनियन चौधरी के जिला अध्यक्ष ने किसानों को आश्वासन दिया है कि जिला अधिकारी से मिलकर इस समस्या से उनको अवगत कराया जाएगा और किसानों की बर्बाद हुई फसल के मुआवजे की मांग की जाएगी ताकि किसानों को उनकी नुकसान हुई फसल का मुआवजा मिल सके। नहर विभाग की लापरवाही के चलते यह ऐसा पहली बार नहीं हुआ है पिछली कई बार भी नहर कट चुकी है किसानों को उस वक्त भी फसल का नुकसान उठाना पड़ा था और भरे हुए खेत पानी से डूब गए थे। जिला प्रशासन से भारतीय किसान यूनियन चौधरी के पदाधिकारी मांग करते हैं कि किसानों की इस समस्या को देखते हुए जिला प्रशासन तुरंत इस समस्या का समाधान करे। बताते चलें की नहर को पिछले दो सालों से साफ नहीं किया गया है नहर की साफ सफाई जल्दी हो ताकि पानी सुचारु रूप से नहर में चल सके।



इस दौरान भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष इमरान बाबा,मंडल अध्यक्ष यशपाल यादव,युवा जिला अध्यक्ष डॉ महेंद्र पाल,जिला महासचिव शन्नू खान,जिला महामंत्री शंभू गुप्ता ,किसान चंदा, रवि लोधी, विक्की राजपूत, साबिर खान फैजान आदि मौजूद है।

# धमोरा में भाकियू टिकैत की पंचायत का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धमोरा/रामपुर।** शहजाद नगर क्षेत्र के ग्राम धमोरा में गुरुवार को भारतीय टिकैत के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश कैंप कार्यालय प्रभारी दरबारी लाल शर्मा के नेतृत्व में पूजा अर्चना कर धमोरा बाजार में भारतीय टिकैत के क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर हसीब अहमद प्रदेश महासचिव द्वारा किया गया। क्षेत्र के किसानों द्वारा खुशी व्यक्त की गई बाद में किसानों द्वारा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर पंचायत की गई। पंचायत को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव हसीब अहमद द्वारा किसानों की समस्याओं के निदान न होने पर चिंता के साथ शोक व्यक्त किया ।किसानों को संगठित रहने की अपील की पंचायत में क्षेत्र की समस्याओं को लेकर ज्ञापन तैयार किया गया। जिसमें आवारा छुट्टा पशुओं को गौशाला भिजवाए जाने तथा धमोरा कृषि विज्ञान केंद्र में कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना किए जाने तथा कमोरा पंचायत घर के पास बन्द नाले को खुलवाए जाने के साथ ही पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा धमोरा से रठौण्डा मार्ग के किनारे बाजार में नाला निर्माण कार्य को तत्काल पूर्ण कराए जाने की मांग की उप जिला अधिकारी मिलक को संबो. धित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा तथा समस्याओं के निराकरण नहीं होने पर कैंप कार्यालय प्रभारी दरबारी लाल शर्मा द्वारा एक बड़े आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी इस मौके पर मोहम्मद तालिब, चौधरी राजपाल सिंह ,मोहम्मद मुस्तकीम ,ब्लॉक अध्यक्ष मिलक राम बहादुर यादव ,चित्तू नेता चौधरी जरूर सिंह मौला मौजूद रहे। पंचायत की अध्यक्षता अनिल कुमार बबूरा ने की इनके साथ रोशन सिंह यादव, रामदास मौर्य रुकम सिंह यादव ,राजवीर सिंह आदि किसान मौजूद रहे।



# रामपुर में 77 वां पी आर डी दिवस पर जवान को किया सम्मानित





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमरौआ।** रामपुर युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में जिला स्तरीय समारोह पर 77 वा पी आर डी स्थापना दिवस का आयोजन शहीदे आजम स्पोर्टस स्टेडियम बमनपुरी में किया गया। जिसके अन्तर्गत परेड की सलामी मुख्य अतिथि गुलाब चन्द्र (आईएएस) मुख्य विकास अधिकारी रामपुर द्वारा ली गई।

इस दौरान पी आर डी के जवानों को पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया गया। परेड के कमांडर नन्दन सिंह बी ओ रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन विशाल कुमार जिला युवा कल्याण एवं प्र.वि. द. अधिकारी रामपुर के निर्देसन में किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त डी।ओ।पी।आर। डी।जवान जय सिंह और जिला कीडाधिकारी संतोष कुमार दल बल के साथ मौजूद रहे।

**भाग लेने वाली पुरस्कृत टीम**
पुरस्कृत - प्रथम टोली नंबर- कमांडर वीरेन्द्र पाल, शाहाबाद
अन्य पुस्कृत - टोली नं। 2 - सोन सिंह, मिलक
टोली न 3- अनिल मिलक के साथ रिटायर्ड हो चुके पीआरडी जवान सम्मालित शॉल भेंट कर किए गए
1- विद्याराम, मिलक
2- अमर सिंह चमरौआ
3- रविवाल सिंह स्वार
रस्साकसी में टोली नं. 1 - विजई रही।
संचालन - अजमल जमाल खा, सहयोग सुनील, वेदराम, शान्ति ने किया।

बीओ वरुण राठी के साथ ब्रजेश कुमार ने परेड मे सहयोगी रहे।

## बंद मकान में चोरों ने की लाखों की चोरी सब इंस्पेक्टर के घर को बनाया निशाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** क्षेत्र के ग्राम लखमन नगला में बुधवार रात अज्ञात चोरों ने बंद पड़े एक मकान में धावा बोलकर लाखों रूपए के सोने-चांदी के आभूषण और हजारों की नकदी चोरी कर ली। चोरी की वारदात जिन दो भाइयों के मकान में हुई,उनमें एक सब इंस्पेक्टर दिलीप सिंह उर्फ बंटी मेरठ में तैनात हैं, जबकि दूसरे भाई कमल सिंह सीआईएसएफ में छत्तीसगढ़ में पोस्टेड हैं।

सब इंस्पेक्टर दिलीप सिंह मृतक आश्रित कोटे में अपने दिवंगत पिता स्व। रतन लाल की जगह पर नौकरी लगी थी। घर में उनकी बुजुर्ग मां अकेली रहती हैं, लेकिन फिलहाल उनका स्वास्थ्य खराब होने के कारण छोटा बेटा दिलीप उन्हें बेहतर इलाज के लिए करीब 15 दिन पहले मेरठ ले गया था। मकान की चाबी दिलीप ने अपने



तहेरे भाई मुकेश को सौंपी थी, जो रोजाना वहां अपनी गाड़ी पार्क करता है। गुरुवार सुबह जब मुकेश गाड़ी लेने पहुंचा तो कमरे की खिड़की का शीशा टूटा हुआ देखा। इसकी सूचना उसने फोन पर दिलीप को दी। जानकारी मिलते ही दिलीप सिंह मौके पर पहुंचे और कमरे का दरवाजा खोलकर देखा तो अलमारी से हजारों की नकदी सहित लाखों रूपए के सोने-चांदी के जेवर गायब थे। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है और मामले की जांच की जा रही है।

चोरी की वारदात की सूचना पर हल्का उपनिरीक्षक को मौके पर भेजकर मुआयना कराया गया है।अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।जांच की जा रही है।तहरीर प्राप्त होने पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।
**संदीप मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली टाण्डा।**

# रामपुर के 15 अधिकारियों ने राजकीय बाल गृह के बच्चों की शिक्षा की ली जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद रामपुर के 15 अधिकारियों ने राजकीय बाल गृह शिशुध्दत्तक ग्रहण इकाई, रामपुर में संरक्षित बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी स्वेच्छा से ग्रहण की है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित इस इकाई में ऐसे बच्चे निवासरत हैं जो विभिन्न कारणों से अपने माता-पिता से पृथक हो चुके हैं तथा जिनका संपूर्ण पालन-पोषण सरकार द्वारा किया जा रहा है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या ने बताया कि इकाई के 15 बच्चों का प्रवेश शहर के सेंट पॉल स्कूल में कराया गया है और इन बच्चों की शिक्षा तथा आवश्यक व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा उठाया जाएगा। मुख्य




विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र, जिला विकास अधिकारी अमित कुमार सिंह, परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए. हरीश चन्द्र प्रजापति, उपायुक्त स्वरोजगार दुर्योधन, अधिशासी अभियन्ता (आरईडी) दुष्यंत प्रताप, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई रजत रूहेला, जिला पंचायतराज अधिकारी एन।एल। गंगवार, जिला कार्यक्रम अधिकारी धमेन्द्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी गौरव खड़ायत, जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी, सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. प्रशांत गंगवार, जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता डॉ। गणेश गुप्ता तथा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ। वेदप्रकाश द्वारा एक-एक बच्चे की शिक्षा की जिम्मेदारी स्वेच्छा से स्वीकार की गई है।

अधिकारियों द्वारा बच्चों की विद्यालईय ड्रेस हेतु 2600 रूपए तथा प्रतिमाह 800 रूपए की शुल्क व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी तथा इन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य, सुरक्षित जीवन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में एक प्रशंसनीय प्रयास है।

## उधार के 200 रुपये मांगने पर चले लाठी डंडे दो युवक गंभीर रूप से घायल, दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ताजपुर बेहटा निवासी सहभाग पुत्र दिनेश ने बुधवार की रात को दी तहरीर में बताया कि वह ग्राम पीपली चक पर स्थित ईट के भट्टे पर मजदूरी करता है बुधवार की रात लगभग 8 बजे रोजाना की तरह भट्टे से काम करके घर वापस आ रहा था तभी अचानक रास्ते में जसराम पुत्र रामफल ने अपनी परचूनी की दुकान पर रोक लिया अपनी दुकान के पुराने उधार के 200 रूपए का तगादा करने लगा प्रार्थी ने शनिवार को देने का वायदा किया था।

लेकिन इतने में ही जसराम पुत्र रामफल ने अपने बेटे अरुण भाई केवल व भतीजे मनोज को भी बुला लिया इन




सभी ने एक राय मशवरा होकर प्रार्थी के साथ गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी डंडों से मारपीट करने लगे प्रार्थी की चीख पुकार सुनकर प्रार्थी के पिता दिनेश ओर छोटा भाई शिवकुमार प्रार्थी को बचाने के लिए आए तो उक्त लोगों ने इनके साथ बुरी तरह मारपीट करने लगे जिसमें प्रार्थी सहित छोटे भाई के गंभीर चोटे आई है जिसकी तहरीर प्रार्थी ने थाने में देकर उक्त लोगों पर सख्त से सख्त कार्यवाही करने की लगाई गुहार खबर लिखे जाने तक पुलिस ने दोनों चोटिल युवकों को मेडिकल के लिए शाहाबाद सी एच सी केंद्र भेज दिया गया।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पीएम विवाह योजना के तहत 120 जोड़े बने जीवनसाथी

## सामाजिक सद्भाव और खुशियों से महका सामूहिक विवाह समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में गुरुवार का दिन खुशियों, रौनक और सामाजिक सद्भाव का गवाह बना, जब हापुड़ ब्लॉक में आयोजित भव्य सामूहिक विवाह समारोह में कुल 120 गरीब हिंदू एवं मुस्लिम बेटियों का विवाह पूरे रीति-रिवाज और विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित इस विशाल कार्यक्रम में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने मिलकर सभी जोड़ों को नई जिंदगी की शुरुआत के लिए शुभकामनाएँ दीं।

समारोह का पूरा माहौल शादी के गीतों, ढोल-नगाड़ों और उत्सव की चहल-पहल से महक उठा। सैकड़ों परिजन, रिश्तेदार व क्षेत्रीय लोग इस आयोजन के साक्षी बने। नवविवाहित जोड़े पारंपरिक परिधानों में सजे-धजे नजर आए, वहीं बेटियों के परिवारों की आंखों में खुशी और संतोष साफ दिखाई दिया। कार्यक्रम में पहुंचे सदर विधायक विजय पाल आढ़ती ने मंच से सभी दंपतियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से प्रत्येक जोड़े को विवाह सामग्री किट और आर्थिक सहायता दी जा रही है, जिससे परिवारों पर आर्थिक बोझ कम होता है और बेटियों की शादी सम्मानपूर्वक की जा सकती है। समारोह की सजावट आकर्षक और भव्य रही। नवविवाहित जोड़ों ने एक-दूसरे को




वरमाला पहनाई और परिजनों के आशीर्वाद के साथ नए जीवन की शुरुआत की।

कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने इस आयोजन को हापुड़ जिले की सामाजिक एकता और सद्भाव का बेहतरीन उदाहरण बताया। हापुड़ ब्लॉक में आयोजित यह सामूहिक विवाह समारोह जिले में सामाजिक उत्थान और सामूहिक प्रयास का प्रेरणादायक संदेश देकर संपन्न हुआ।

## पुलिस ने गुमशुदा बच्चे को बरामद कर परिजनों को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में ऑपरेशन स्माइल अभियान लगातार सकारात्मक परिणाम दे रहा है। इसी क्रम में थाना सिम्भावली पुलिस ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए गुमशुदा बच्चे को अथक प्रयासों के बाद सकुशल बरामद कर लिया। बच्चे को सही-सलामत पाकर उसके परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने पुलिस टीम के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की।

थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि सिम्भावली थाना पुलिस ने मेहनत और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए गुमशुदा बच्चे को खोज निकाला। जैसे ही पुलिस ने बच्चे को उसके परिवार को सुपुर्द किया, घर में खुशी और राहत का माहौल बन गया। परिजनों ने कहा कि हापुड़ पुलिस ने जिस लगन और मानवीय भाव से उनकी मदद की, वह प्रशंसनीय है। उन्होंने पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए



कहा कि ऑपरेशन स्माइल वास्तव में उन परिवारों के लिए उम्मीद की किरण है, जिनके बच्चे लापता हो जाते हैं। हापुड़ पुलिस का सराहनीय प्रयास एक बार फिर साबित करता है कि ऑपरेशन स्माइल अभियान न केवल गुमशुदा बच्चों को खोजने का मिशन है, बल्कि परिवारों को उनके अपनों से मिलाने की मानवीय पहल भी है, जो समाज में सुरक्षा और विश्वास की भावना को और मजबूत करती है।

## कबाड़ में लगातार लग रही आग बनी लोगों के लिए सिरदर्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के बुलंदशहर रोड पर स्थित कबाड़ के ढेरों में प्रतिदिन रात के समय अज्ञात व्यक्तियों द्वारा आग लगाए जाने की घटनाएँ अब आम होती जा रही हैं। लगातार लग रही आग से धुआँ सुबह तक फैलता रहता है, जिससे स्थानीय लोगों का जीना दूभर हो गया है।

रात के अंधेरे में कबाड़ में लगाई गई आग सुबह तक नहीं बुझती, जिससे आसपास के क्षेत्रों में धुएँ की मोटी परत छा जाती है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस धुएँ की वजह से घरों में साँस लेना तक मुश्किल हो जाता है। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएँ लगातार बढ़ते प्रदूषण के कारण खांसी, जलन और दिक्कतों का सामना कर रहे हैं।



क्षेत्रवासियों का कहना है कि कोई अज्ञात व्यक्ति प्रतिदिन कबाड़ में आग लगा रहा है, लेकिन यह गतिविधि किसके द्वारा की जा रही है, इसका पता नहीं चल पाया है। लोगों ने बताया कि यह समस्या पिछले कई दिनों से जारी है और लगातार शिकायतें करने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। स्थानीय लोग प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे हैं ताकि इस तरह की गतिविधि पर रोक लगे और क्षेत्र को इस बढ़ते प्रदूषण से राहत मिल सके। फिलहाल इलाके में भय व नाराजगी का माहौल है और नागरिक इंतजार कर रहे हैं कि कब उनकी समस्या का समाधान हो पाएगा।

## महिला से छेड़छाड़ व तेजाब फेंकने की धमकी, चार आरोपी नामजद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मेरठ रोड स्थित एक मोहल्ले में छेड़छाड़ की घटना ने मारपीट और जानलेवा हमले का रूप ले लिया। एक महिला ने पड़ोस के दो युवकों पर लंबे समय से राह चलते अश्लील टिप्पणियां करने और परेशान करने का आरोप लगाया है। पीड़िता के मुताबिक, 7 दिसंबर को पड़ोस में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान भी आरोपियों का यही व्यवहार जारी रहा। महिला ने यह बात अपने परिवार को बताई, जिसके बाद उसके भाई ने आरोपी बिजेंद्र और सुनील को समझाने की कोशिश की। आरोपियों ने न सिर्फ धमकाया, बल्कि कहा कि वह महिला पर तेजाब फेंकने से भी नहीं चूकेंगे। मोहल्ले के लोगों के हस्तक्षेप से उस समय मामला शांत हुआ। लेकिन अगले ही दिन, 8 दिसंबर की सुबह, हालात और बिगड़ गए। बिजेंद्र, सुनील, चंचल और बिजेंद्र की बहन पीड़िता के घर के बाहर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से पीड़िता के भाइयों पर हमला कर दिया। आरोप है कि सुनील ने बड़े भाई के सिर पर जानलेवा वार किया, जिसे उसके छोटे भाई ने हाथ से रोक लिया। मारपीट में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। परिवार ने प्रारंभिक शिकायत कोतवाली में दी थी, लेकिन कार्रवाई न होने पर मामला एसपी तक पहुंचा। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द की जाएगी।

### जानलेवा फायरिंग मामले में फरार शातिर बदमाश गिरफ्तार, तमंचा और कारतूस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने फायरिंग कर जानलेवा हमला करने की घटना में फरार चल रहे एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा और एक खोखा कारतूस बरामद किया है।

देहात थाना प्रभारी पटनीश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने मनीष उर्फ मतनौरा पुत्र सतीश कुमार निवासी देवलोक कॉलोनी थाना हापुड़ नगर, हाल पता ग्राम दोयमी थाना हापुड़ देहात को धनौरा कट से दोयमी-धनौरा रोड पर दबोच लिया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार बदमाश पर करीब आधा दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है जो कुछ दिन पूर्व हुई फायरिंग व जानलेवा हमला करने की घटना के बाद से फरार चल रहा था। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक खोखा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# देश के शीर्ष डिबेटर के रूप में उभरे जीएलए विधि संकाय के छात्र रौनक

**मथुरा।** जीएलए विश्व विद्यालय, मथुरा के विधि संकाय के अंतिम वर्ष के प्रतिभाशाली छात्र रौनक उपमन्यु ने राष्ट्रीय स्तर पर जीएलए की श्रेष्ठ विधि शिक्षा, प्रशिक्षण और शैक्षणिक गुणवत्ता की ऐसी छाप छोड़ी है, जो एक मिसाल बनी है। छात्र रौनक ने अब तक देशभर के प्रतिष्ठित आईआईटी, आईआईएम और शीर्ष विश्वविद्यालयों में आयोजित 506 बहस प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया है। इनमें वे दर्जनों प्रमुख डिबेट प्रतियोगिताओं में जज भी रहे। सैकड़ो प्रतियोगिताओं में




बहस करते हुए 252 बार प्रथम स्थान हासिल कर वे देश के पहले ऐसे छात्र-डिबेटर बन गए हैं, जिन्होंने इतनी बड़ी संख्या में शीर्ष स्थान प्राप्त करते हुए नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है। यह उपलब्धि न केवल जीएलए विश्वविद्यालय, बल्कि संपूर्ण ब्रज क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। इस वर्ष रौनक ने कुल 45 प्रतियोगिताओं में भाग लेकर सभी में प्रथम पुरस्कार जीतकर यह सिद्ध किया कि कठिन परिश्रम, तर्कशक्ति और वक्तृत्व कौशल का समन्वय सफलता का वास्तविक आधार है। रौनक उपमन्यु ने देश की कई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका भी निभाई। दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज में आयोजित एक प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उन्हें केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। इसके अलावा इंदौर इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ, आईआईटी दिल्ली तथा इंडियन नेशनल कांग्रेस द्वारा आयोजित युवा संसद प्रतियोगिता में भी वे प्रथम स्थान पर रहे, जहां उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला एवं सांसद राजीव शुक्ला द्वारा सम्मानित किया गया। पिछले 25 दिनों में ही रौनक ने दिल्ली आईआईटी संस्थान समेत 8 प्रथम पुरस्कार जीतकर अपनी असाधारण दक्षता सिद्ध की है। इन प्रतियोगिताओं में आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज, श्री वेंकटेश्वर कॉलेज, देहरादून प्रौद्योगिकी संस्थान, श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज और हिंदू कॉलेज शामिल रहे। जीएलए विधि के छात्र की इस उपलब्धि से यह स्पष्ट होता है कि जीएलए विश्वविद्यालय का विधि संकाय न केवल पाठ्यक्रम-आधारित शिक्षा देता है, बल्कि विद्यार्थियों में विश्लेषण क्षमता, तार्किक सोच, संविधानिक समझ और न्यायिक दृष्टि विकसित करने पर विशेष ध्यान देता है।

### मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनई पर डॉ.आलोक कुमार अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में साप्ताहिक खण्ड समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमे डॉ.आलोक कुमार अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी और डॉ. विपिन कुमार चिकित्सा अधीक्षक द्वारा टीकाकरण की समीक्षा बैठक की गयी जिसमे निम्न बिन्दुओ पर नियमित टीकाकरण की उपकेंद्रवार समीक्षा की गयी और टीकाकरण में प्रयोग किये जा रहे ॅप्छ पोर्टल पर शतप्रतिशत लाभार्थियों का टीकाकरण किया गया हैं उनको अपडेट करने के निर्देश दिए टीकाकरण दिवस वाले दिन से एक दिन पूर्व ॅप्छ पोर्टल से ड्यूलिस्ट डाउनलोड करके आशा आंगनवाड़ी से साझा करने के लिए कहा गया चिन्हित किये गए बच्चों के परिवारों से सम्पर्क करके आने वाले टीकाकरण दिवस की सुचना दे दें जिसके कि लाभार्थियों का टीकाकरण शतप्रतिशत किया जाये सफार्मासिस्ट वीरेश सारस्वत को निर्देशित किया गया कि किसी भी ।छड के पास क्षेत्र में किसी भी प्रकार कि लॉजिस्टिक की कमी किसी भी स्तिथि में न रहेस लैब टेस्ट मानक के अनुसार नहीं हो रहे थे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### जूनियर विश्व कप हॉकी में जर्मनी को खिताबी जीत पर दी बधाई

**चेन्नई, वार्ता।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने आज जर्मनी टीम को जूनियर पुरुष विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट में अपने खिताब बरकरार रखने के लिए बधाई दी तथा भारतीय टीम को कांस्य पदक मुकाबले में अर्जेंटीना शानदार जीत के लिए सराहना की। कल रात यहां खेले गए फाइनल मुकाबले में जर्मनी ने पेनल्टी शूटआउट में स्पेन को 3-2 से हराकर कड़ी टक्कर वाला मैच जीता। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर थीं। जर्मनी ने आठवीं बार इस टूर्नामेंट का खिताब जीता है। एक सोशल मीडिया पोस्ट पर स्टालिन ने कहा कि जज्बा, कौशल और जोश यही चैंपियन की एनर्जी है।

### सेल्टा से हार के बाद रियल मैड्रिड के कई खिलाड़ियों पर दुर्व्यवहार को लेकर लगे प्रतिबंध

**मैड्रिड, वार्ता।** सेल्टा विगो से हार के बाद रियल मैड्रिड पर मुख्य रूप से रेफरी के साथ दुर्व्यवहार के कारण उसके खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगाए गए है। रियल मैड्रिड को सेल्टा विगो के साथ मैच के दौरान दूसरे हाफ में डिफेंडर फ्रान गार्सिया और अल्वारो कैरेरास और फॉरवर्ड एंड्रिक को दिखाए गए रेड कार्ड के लिए भारी अनुशासनात्मक कीमत चुकानी पड़ी। गार्सिया पर स्पेनिश फुटबॉल फेडरेशन (आरएफईएफ) की अनुशासनात्मक कमेटी ने एक मैच का बैन लगाया है, जिसे यह इस वीकेंड डेपोर्टिवो अलावेस के खिलाफ मैच में नहीं खेल सकेंगे। उन्हें दो एलो कार्ड मिलने के बाद मैच से बाहर कर दिया गया था। हालांकि, कैरेरास और एंड्रिक को दो मैचों के लिए प्रतिबंधित किया गया है।

# रोहित-कोहली का ए+ ग्रेड खतरे में

**शुभमन गिल का प्रमोशन संभव, विमेंस टीम की फीस बढ़ेगी, 22 को बीसीसीआई की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट मीटिंग**



**नई दिल्ली, वार्ता।** 22 दिसम्बर को होने वाली बीसीसीआई की मीटिंग में खिलाड़ियों का सेंट्रल कान्ट्रैक्ट सबसे बड़ा मुद्दा होगा। रोहित शर्मा और विराट कोहली ए+ ग्रेड में हैं, लेकिन उनका टॉप ग्रेड से बाहर होना लगभग तय माना जा रहा है। वजह यह है कि दोनों खिलाड़ी अब केवल वनडे खेल रहे हैं। उनकी जगह शुभमन गिल, )षभ पंत और केएल राहुल के ए+ ग्रेड में प्रमा. शन पर चर्चा होगी। बैठक में महिला क्रिकेटरों की मैच फीस बढ़ाने पर भी बड़ा फैसला हो सकता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पुरुष और महिला खिलाड़ियों को बराबर मैच फीस मिलती है, लेकिन डोमेस्टिक लेवल पर अब तक यह लागू नहीं हुआ है। हाल ही में वर्ल्ड कप जीतने के बाद विमेंस क्रिकेटरों की फीस बढ़ाने की मांग तेज हुई है, जिसे बोर्ड मीटिंग में मंजूरी मिल सकती है। इसी के साथ घरेलू अंपायरों और मैच रेफरियों की फीस स्ट्रक्चर पर भी बदलाव प्रस्तावित है। बीसीसीआई अपनी डिजिटल प्रापर्टीज, स्ट्रीमिंग राइट्स और वेबसाइट अपग्रेड पर अपडेट भी देगी। मीटिंग का एजेंडा- विमेंस क्रिकेटर्स की डोमेस्टिक मैच फीस में बढ़ोतरी, मेंस प्लेयर्स के सेंट्रल कान्ट्रैक्ट में बदलाव, अंपायर व मैच रेफरी के भुगतान में सुधार, बीसीसीआई की डिजिटल प्रापर्टीज और स्ट्रीमिंग राइट्स अपडेट। एमएस धोनी ने 2014 में टेस्ट क्रिकेट छोड़ा था और उसके बाद वे सिर्फ वनडे और टी-20 खेलते रहे। 2018-19 के बीसीसीआई कान्ट्रैक्ट साइकिल (अक्टूबर 2018 से सितम्बर 2019) में धोनी ए+ ग्रेड में थे। इसके बाद उन्हें टॉप ब्रैकेट से हटा दिया गया। 2019-20 के कान्ट्रैक्ट में धोनी को ग्रेड ए (5 करोड़) में शामिल किया गया, लेकिन अगस्त 2020 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद वे कान्ट्रैक्ट लिस्ट से बाहर हो गए। धोनी ने 2019 वनडे वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच खेला था। विमेंस टीम ने हाल ही में वनडे वर्ल्ड कप जीता था इंटरनेशनल लेवल पर विमेंस और मेंस को बराबर मैच फीस (पे-पैरिटी) मिलती है, लेकिन घरेलू क्रिकेट में अभी तक ऐसा नहीं हुआ है। महिला खिलाड़ी पूरे सीजन काफी मैच खेलती हैं, लेकिन उनकी फीस कम है। भारत की हाल की वनडे वर्ल्ड कप जीत के बाद इस फैसले की मांग और तेज हुई है। इसलिए फीस बढ़ाने का प्रस्ताव बैठक के सबसे अहम मुद्दों में शामिल है।

# आईएसपीएल नीलामी में 144 खिलाड़ियों पर 10 करोड़ खर्च



- **सचिन तेंदुलकर ने कहा कि खुद से मुकाबला करा, जुनून व मेहनत ही आपको आगे ले जाएगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग सीजन-3 की नीलामी के दौरान क्रिकेट आइकान सचिन तेंदुलकर ने सभी खिलाड़ियों को मेहनत, जुनून और आत्म-सुधार पर केंद्रित रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किसी और से नहीं, बल्कि खुद के कल से मुक़ाबला करना ही असली प्रगति है। आईएसपीएल 9 जनवरी से 6 फरवरी के बीच सूरत में खेला जाएगा। इसमें आठ टीमें हिस्सा लेंगी। मुंबई में आक्शन हुआ। इस अवसर पर सलमान खान, सैफ अली और अक्षर कुमार भी मौजूद रहे। इस बार आक्शन में 101 शहरों के 408 खिलाड़ी उतरे। जिसमें 144 खिलाड़ियों पर करीब 10 करोड़ खर्च किए गए। विजय पावले आक्शन के सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। उन्हें पिछली बार की चैंपियन माझी मुंबई ने 32.50 लाख में खरीदा। आईएसपीएल आक्शन के दौरान सचिन सहित के कई स्टार मौजूद रहे। सचिन ने बताया कि क्रिकेट उनके लिए हमेशा जुनून रहा। उन्होंने कहा,मैंने क्रिकेट खेलना इसलिए शुरू किया क्योंकि मुझे इस खेल से बेहद प्यार था। मैं बस भारत के लिए खेलना चाहता था और इसके लिए जो भी करना पड़े, मैं तैयार था। उन्होंने कहा कि करियर के शुरुआती दिनों में भी वे कड़ी मेहनत से पीछे नहीं हटे। एक समय ऐसा था जब मैंने गर्मी की छुट्टियों में 55 दिन लगातार अभ्यास किया और बीमार पड़ गया। जुनून और जोश नहीं होगा, तो आगे नहीं बढ़ पाएंगे। सचिन ने कहा कि प्रदर्शन के साथ उम्मीदें जुड़ना स्वाभाविक है। उम्मीदें इसलिए होती हैं क्योंकि आपने पहले अच्छा किया है। इसे दबाव समझने के बजाय इसे अपनी मेहनत की पहचान की तरह देखें। विजय पावले ऑक्शन के सबसे महंगे खिलाड़ी विजय पावले आक्शन के सबसे महंगे खिलाड़ी रहे।

# यौन उत्पीड़न को लेकर तोफेल अहमद रायहान पर चार्जशीट

- **पुलिस ने तोफेल के खिलाफ शादी का वादा कर एक महिला के यौन उत्पीड़न की चार्जशीट दाखिल की**

**ढाका, वार्ता।** पुलिस ने बांग्लादेश 'ए' टीम के तेज गें. दबाज ऑलराउंडर तोफेल अहमद रायहान के खिलाफ शादी का वादा कर एक महिला के यौन उत्पीड़न को लेकर चार्जशीट दाखिल की है।

गुलशन पुलिस स्टेशन के जांच अधिकारी सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद समिउल इस्लाम ने गुरुवार को इस बात की पुष्टि करते हुए कहा, च्चार्जशीट महिला और बाल उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम की धारा 9(1) के तहत दाखिल की गई है। दस्तावेज के अनुसार, तोफेल के खिलाफ आरोप पहली नजर में सही साबित हुए, जिसका समर्थन शिकायतकर्ता के शुरुआती बयान, होटल बुकिंग रिकॉर्ड, मेडिकल जांच और दूसरे सबूतों से हुआ। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में अगली सुनवाई 30 दिसम्बर को होगी, जब चार्जशीट कोर्ट के सामने पेश की जाएगी। केस दस्तावेजों में कहा गया है कि तोफेल ने इस साल जनवरी में पहली बार महिला से फेसबुक पर संपर्क किया था और मैसेंजर पर रेगुलर बातचीत हुई जो बाद में एक रोमांटिक रिश्ते में बदल गई। महिला ने शुरू में मना कर दिया था, लेकिन बाद में तोफेल के यह भरोसा दिलाने पर मान गई कि वह उससे शादी करना चाहता है। शिकायतकर्ता के अनुसार, 31 जनवरी को तोफेल कथित तौर पर महिला को गुलशन के एक होटल में ले गया, उसे अपनी पत्नी के तौर पर मिलवाया और जल्द ही शादी का वायदा कथित तौर पर बिना सहमति के यौन संबंध बनाए। महिला ने जब शादी करने को कहा तो उसके साथ कई मौकों पर मार पीट की गई। इसके बाद महिला ने । अगस्त को गुलशन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया, जिसमें बार-बार यौन हिंसा की घटनाओं की रिपोर्ट की गई। 24 सितम्बर को, हाई कोर्ट ने तोफेल को छह हफ्ते की अग्रिम जमानत दी और उसे जमानत खत्म होने से पहले महिला और बाल उत्पीड़न रोकथाम ट्रिब्यूनल के सामने सरेंडर करने का निर्देश दिया। हालांकि, उसने कोर्ट के निर्देश का पालन नहीं किया। बांग्लादेश 'ए' टीम के रेगुलर सदस्य तोफेल ने अग्रिम जमानत मिलने के बाद दूसरी राष्ट्रीय टीम के लिए छह-ए-साइड टूर्नामेंट खेलने के लिए हांगकांग की यात्रा भी की।

# अकरम ने आईपीएल को उबाऊ लीग करार दिया



**कहाः बच्चे बड़े हो जाते हैं, लीग खत्म नहीं होती**

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम ने भारतीय लीग आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) पर तंज कसा है। अकरम ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीसीएल) के प्रमा. शन इवेंट में कहा- श्दाई से तीन महीने चलने वाली लीगें उबाऊ होती हैं। यह टूर्नामेंट कभी खत्म ही नहीं होता, बच्चे बड़े हो जाते हैं, लेकिन वो लीग खत्म ही नहीं होती।श आईपीएल का आयोजन मार्च से जून तक चलता है। अकरम का तंज इसी बात पर था। लंदन के लार्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित एक प्रमोशन शो पर अकरम ने कहा- श्पीएसएल की छोटी अवधि ने लीग को विदेशी खिलाड़ियों के लिए आकर्षक बना दिया है। प्रतिभा दिखाने के मामले में पीसीएल नंबर-1 है। दरअसल, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 11वें सीजन में 2 नई टीमों शामिल करने का ऐलान किया है। इन पर बोली 6 जनवरी, 2026 को लगाई जाएगी। नए इन्वेस्टर्स की तलाश करने के लिए ही इस शो का आयोजन किया गया था। जिसमें च्च्ठ चीफ मोहसिन नकवी, पूर्व पीसीबी अध्यक्ष रमीज राजा और पूर्व कप्तान वसीम अकरम शामिल हुए। अकरम ने कहा कि पीसीएल की सबसे अच्छी बात यह है कि यह सिर्फ 34-35 दिन चलती है, अगले साल शायद थोड़ा और बढ़ जाए। विदेशी खिलाड़ी जब पाकिस्तान आते हैं, तो 35-40 दिन रहना पसंद करते हैं। ढाई से तीन महीने सबके लिए बहुत लंबा हो जाता है। मुझे भी बोरियत होने लगती है। नकवी बोले- पीसीएल को दुनिया की नंबर-1 लीग बनाना चाहते हैं नकवी ने कहा कि वे पाकिस्तान सुपर लीग को दुनिया की नंबर एक लीग बनाने के लिए कमिटेड हैं। वहीं, रमीज राजा ने कहा कि पीसीएल विदेशी खिलाड़ियों के लिए भी सर्वश्रेष्ठ लीग है, क्योंकि दुनिया में कहीं भी पाकिस्तान जैसा मेजबान नहीं है। आईपीएल दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग आईपीएल दुनिया में सबसे ज्यादा दिन तक खेली जाने वाली लीग है। बीसीसीआई द्वारा संचालित इस लीग में दस टीमें खेलती हैं और लगभग दो महीने तक यह लीग खेली जाती है। इस बार इसका आगाज 15 मार्च से होने की संभावना है, जबकि फाइनल 31 मई को खेला जा सकता है।

### चोटिल टिकनर दूसरे टेस्ट नहीं करेंगे गेंदबाजी व फील्डिंग

**वेलिंगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड को एक और बड़ा झटका लगा है उसके तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर कंधे की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के बाकी बचे मैच में गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण से बाहर हो गए हैं। बेसिन रिजर्व में पहले दिन क्षेत्ररक्षण के दौरान उनका कंधा जाम हो गया था। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, 32 वर्षीय टिकनर बाउंड्री रोकने के लिए डाइव लगाते समय घायल हो गए और उन्हें स्ट्रेचर पर ले इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। न्यूजीलैंड ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि ब्लैक कैप्स के तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर वेलिंगटन में दूसरे टेस्ट के बाकी बचे मैच में गेंदबाजी या क्षेत्ररक्षण नहीं करेंगे, और उनके बल्लेबाजी करने की भी संभावना नहीं है, क्योंकि पहले दिन बाउंड्री रोकने के लिए डाइव लगाते समय उनका कंधा डिसलोकेट हो गया था। टिकनर, जिन्हें कल रात इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था, आज मैदान पर टीम के साथ जुड़ेंगे क्योंकि वह खेलने के लिए अपनी वापसी का समय तय करने के लिए आगे विशेषज्ञ मूल्यांकन का इंतजार कर रहे हैं। चोट से पहले, टिकनर ने वेस्टइंडीज को 205 रन पर रो. कने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, उन्होंने पहले दिन को शानदार गेंदबाजी में चार विकेट लिए थे। न्यूजीलैंड ने गुरुवार को अपनी पहली पारी 24/0 से शुरू की, और महत्वपूर्ण आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप मैच में मजबूत बढ़त बनाने पर नजर थी। यह चोट इस सीरीज में न्यूजीलैंड की बढ़ती फिटनेस चिंताओं को और बढ़ा देती है, जिसमें तेज गेंदबाज मैट हेनरी और नाथन स्मिथ पहले ही बाहर हो चुके हैं।



### अब्दुल ने एशियन यूथ पैरा गेम्स में जीते दो पदक

**दुबई, वार्ता।** भारतीय एथलीट अब्दुल कादिर इंदौरी ने एशियन यूथ पैरा गेम्स की 50 मीटर (एस।-5) बैकस्ट्रोक में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण तथा 50 मीटर (एस 2-7) बटरफ्लाई स्पर्धा में कांस्य पदक जीते। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और पैरा कमेटी ऑफ इंडिया सोशल मीडिया पर मंच एक्स पर अब्दुल कादिर इंदौरी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी है। साई ने लिखा कि दुबई में डबल मेडल की लहर! अब्दुल कादिर इंदौरी ने एशियन यूथ पैरा गेम्स 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 50मी बैकस्ट्रोक (एस।-5) में गोल्ड और 50मी बटरफ्लाई (एस2-7) में कांस्य पदक जीता। यह दृढ़ संकल्प, गति और सच्ची खेल भावना का एक शानदार प्रदर्शन है। पैरा कमेटी ऑफ इंडिया ने लिखा कि भारत के लिए सुनहरा अवसर। एक शानदार उपलब्धि जो उनके धैर्य, अनुशासन और भारत के युवा पैरा एथलीट की बढ़ती ताकत को दर्शाती है। बधाई हो, अब्दुल। भारत ने एशियन यूथ पैरा गेम्स के लिए 122 सदस्ई दल भेजा है।

# कॉन्वे-मिचेल ने दिलाई न्यूजीलैंड को बढ़त

- **डवेन कॉन्वे ने 60 और मिचेल ने 61 रनों की अर्द्धशतकीय पारी खेली**

**वेलिंग्टन, वार्ता।** डेवन कॉन्वे (60) और मिचेल हे (61) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को स्टंप्स के समय तक पहली पारी में 278 रन का स्कोर करने के साथ 73 रनों की बढ़त के बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज के 32 के स्कोर पर दो विकेट झटक कर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है।

न्यूजीलैंड ने कल के 24 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। न्यूजीलैंड का पहला विकेट सुबह के सत्र में टॉम लेथम (11) के रूप में गिरा। उन्हें केमार रोच ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए केन विलियमसन ने डेवन कॉन्वे के साथ दूसरे विकेट के लिए 67 रन जोड़े। 31वें ओवर में एंडरसन फिलीप ने केन विलियमसन (37) को बोल्ड आउट कर वेस्टइंडीज को दूसरी सफलता दिलाई। रचिन रविंद्र (पांच) रन बनाकर आउट हुए। 36वें ओवर में जस्टिन ग्रीव्स ने डेवन कॉन्वे को आउटकर न्यूजीलैंड को चौथा झटका दिया। डेवन कॉन्वे ने 108 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 60 रनों की पारी खेली। वेस्टइंडीज के गेंदबाजी आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज अंतराल पर अपने विकेट गंवाते रहे। मिचेल हे ने 93 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए (61) रन बनाए। डैरिल मिचेल (25), ग्लेन फिलिप्स (18), जेकब डफी (11), माइकल रे (13) रन बनाकर आउट हुए। न्यूजीलैंड ने 74-4 ओवरों में 278 का स्कोर बनाया। ब्लेयर टिकनर चोट के कारण बल्लेबाजी करने नहीं उतरे। वहीं जैकरी फॉक्स 23 रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज की ओर से एंडरसन फिलीप ने तीन और केमार रोच ने दो विकेट लिए।



जेडेन सील्स, ओजे शील्ड्स, जस्टिन ग्रीव्स और रॉस्टन चेज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने दिन का खेल समाप्त होने के समय दो विकेट पर 32 रन बना लिए और वह अभी भी न्यूजीलैंड के पहली पारी में बनाए गए स्कोर से 41 रन पीछे है। ब्रैंडन किंग (नाबाद 15) और केवम हॉज (नाबाद तीन) क्रीज पर मौजूद है।

### मूनी और किंग ने पर्थ स्कॉचर्स को डब्ल्यूबीबीएल के फाइनल में पहुंचाया

- **बेथ मूनी ने 76 और अलाना किंग ने 11 रन बनाकर तीन विकेट भी लिए**

**नॉर्थ सिड्नी, वार्ता।** बेथ मूनी (76) और अलाना किंग (11 रन और तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पर्थ स्कॉर्चर्स ने सिडनी सिक्सर को 11 रनों से हराकर डब्ल्यूबीबीएल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली हैं। पर्थ स्कॉर्चर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 183 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। बेथ मूनी ने (76), कैटी मैक (40), पेज स्कोफील्ड ने (14) रनों का योगदान दिया। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी सिडनी सिक्सर की शुरुआत अच्छी नहीं रही और घरेलू टीम ने एलिसे पेरी, एलिसा हीली और सोफिया डंकले को जल्दी-जल्दी खो दिया, हालांकि एश गार्डनर और अमेलिया केर के बीच 53 रन की साझेदारी से उन्हें कुछ उम्मीद मिली।अमेलिया केर (42), सोफिया डंकले (41), एलिसे पेरी (29) और एश गार्डनर (26) रन बना करन आउट हुयी। किंग ने पावर सर्ज में शानदार दूसरा ओवर फेंका, जिसमें सिर्फ छह रन दिए और गार्डनर को मिड-ऑफ पर कैच आउट करवाया। किंग ने फिर से खतरनाक मैटलान ब्राउन को आउट किया। अलाना ने 17 रन देकर तीन विकेट लेकर मैच जिताऊ प्रदर्शन किया। सिक्सर निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 172 रन ही बना सकी और मुकाबला 11 रनों से हार गई।

# शादी टूटने के बाद स्मृति मंधाना पहली बार पब्लिक इवेंट में दिखी



- **कप्तान हरमनप्रीत कौर को गले लगाया भारतीय उपकप्तान ने कहा कि क्रिकेट से ज्यादा कुछ पसंद नहीं**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना शादी टूटने के बाद पहली बार किसी पब्लिक इवेंट में नजर आई। उन्होंने बुधवार को नई दिल्ली के भरत मंडपम में आयोजित एक निजी इवेंट में हिस्सा लिया। मंधाना ने अपनी मैनेजर नूपुर कश्यप और भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को गले लगाया।

कार्यक्रम में मंधाना ने कहा कि मुझे क्रिकेट से ज्यादा कुछ भी पसंद नहीं है। भारतीय जर्सी पहनने से मोटिवेशन मिलता है और सभी परेशानियां दूर हो जाती हैं। 2 दिन पहले मंधाना ने इंस्टा पोस्ट करके पलाश मुछाल के शादी टूटने की जानकारी दी थी। दोनों की शादी 23 नवम्बर को होनी थी। मंधाना ने कहा कि हर दिन की शुरुआत शून्य से होती है एक सवाल पर मंधाना ने कहा कि क्रिकेट ने मुझे दो बातें सिखाई हैं। पहली- हर दिन की शुरुआत शून्य से होती है और दूसरी- अपने नहीं, अपनी साथ खिलाड़ियों के लिए खेलो। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड कप में हमने तय किया था कि किसी को खुद के लिए नहीं खेलना, बल्कि अपने बगल वाले खिलाड़ी के लिए खेलना है। इससे दबाव कम होता है और ऊर्जा बढ़ती है।

मंधाना ने कहा कि जब आप सोचते हैं कि आपको अपने साथी के लिए अच्छा करना है, तो काम आसान हो जाता है। मैं भी अपने बगल के खिलाड़ी के लिए शतक बनाना चाहती थी, खुद के लिए नहीं। मंधाना श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए उपकप्तान मंधाना को श्रीलंका के खिलाफ 5 टी-20 की सीरीज के लिए भारत की महिला टीम का उपकप्तान बनाया गया है। यह सीरीज 21 दिसम्बर से शुरू होकर 30 दिसम्बर तक चलेगी। शुरुआती 2 मुकाबले विशाखापट्टनम और बाकी 3 मैच तिरुवनंतपुरम में खेले जाएंगे।

### ओडिशा नवल टाटा हाई परफार्मेंस सेंटर ने शाहबाद हॉकी अकादमी हरियाणा को 6-0 से हराया

- **पहले मैच में साई एनसीओई सोनीपत हरियाणा ने जरखड़ हॉकी अकादमी लुधियाना को 5-2 से हराया**

**जालंधर, वार्ता।** ओलंपियन सुरजीत हॉकी स्टेडियम में जारी उन्नीसवें ऑल इंडिया बलवंत सिंह कपूर अंडर-19 लड़कों के हॉकी टूर्नामेंट के पांचवें दिन वीरवार को पूल बी की ओड़ीशा नवल टाटा हाई परफार्मेंस सेंटर और पूल सी में सुरजीत हॉकी अकादमी की टीम ने चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।

पहले मैच में साई एनसीओई सोनीपत हरियाणा ने जरखड़ हॉकी अकादमी लुधियाना को 5-2 से हराया। विजेता टीम की तरफ से दो गोल सुनील, अंकुश, सरिजन यादव, आदित्य कुमार ने 1-1 गोल किया। जरखड़ अकादमी की तरफ से अर्जन दीप सिंह ने 2 गोल किये। साई एनसीओई सोनीपत हरियाणा के सुनील को मैन ऑफ द मैच चुना गया। ओडिशा नवल टाटा हाई परफार्मेंस सेंटर की टीम ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए शाहबाद हॉकी अकादमी हरियाणा को 6-0 से हराया। योजिन लमज ने दो, बिलकन ओरम ने 2, बिद्यानंद सिंह और दीपक परधान ने 1-1 गोल किया। ओड़िशा टीम के योजिन लमज को मैन ऑफ द मैच चुना गया। सुरजीत हॉकी अकादमी ने एसएआईएल हॉकी अकादमी रुड़केला को 3-1 से हराया। सुरजीत अकादमी की तरफ से हर्षदीप सिंह, अजयपाल सिंह, मनदीप सिंह ने 1-1 गोल किया। एसएआईएल टीम की तरफ लेलसन लमज ने एक गोल किया। सुरजीत हॉकी अकादमी के अजयपाल सिंह के मैन ऑफ द मैच चुना गया।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 12 दिसम्बर 2025

# फिर बढ़ी तिथि

चुनाव आयोग ने एक बार फिर मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण यानि एसआईआर के लिए चल रहे अभियान की तिथि बढ़ा दी है। ऐसा दूसरी बार है जब चुनाव आयोग ने यह तिथि बढ़ाई है। यह तिथि पांच राज्य उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, तमिलनाडु के साथ अंडमान निकोबार के लिए बढ़ाई गई है। यहां यह बताना भी जरूरी है कि निर्वाचन आयोग ने बिहार में एसआईआर कराने के बाद 12 राज्यों व केंद्रशासित क्षेत्रों में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू की है। आयोग की ओर से बताया गया है कि इन राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों ने तिथि बढ़ाने के लिए अनुरोध किया था। उत्तर प्रदेश में यह तिथि 26 दिसंबर तक के लिए बढ़ गई है। चुनाव आयोग का कहना है कि यह फैसला यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया है कि नई सूची में किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम नहीं छूटे। वैसे आयोग के फैसले को लेकर शुरू से ही उसकी आलोचना हो रही थी और उस पर आरोप लग रहे थे कि इतने कम समय में इतना बड़ा काम संभव नहीं है। कोई भी समझ सकता है कि 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक का समय इतने बड़े काम को लेकर नाकाफी था और यह किसी के भी समझ में नहीं आ रहा था। इस बीच कई बीएलओ ने अपनी जान से भी हाथ धो लिया, इसके पीछे जो कारण माना गया वह भी एसआईआर का दबाव ही माना गया। इसको लेकर भी चुनाव आयोग की आलोचना हो रही थी। शायद यह आलोचनाओं का ही दबाव रहा कि चुनाव आयोग को अपने ही फैसलों में दो बार संशोधन करना पड़ा। अच्छी बात यह है कि चुनाव आयोग ने जल्द ही अपनी गलती सुधारने का काम किया और 22 दिनों का समय अतिरिक्त दिया। निसंदेह इससे जहां बीएलओ से दबाव हटेगा वहां लोगों को भी हड़बड़ी में काम करने से निजात मिलेगी। विशेषकर उन लोगों को जो अपने घरों से दूर काम के सिलसिले में बाहर हैं। साथ ही चुनाव आयोग की ओर से यह भी संदेश जाएगा कि वह इस बात को लेकर गंभीर है कि कोई पात्र व्यक्ति मताधिकार से वंचित न होने पाए। वैसे बेहतर होता कि चुनाव आयोग उदारता व दूरदर्शिता दिखाते हुए कम से कम उन राज्यों में पर्याप्त समय दे सकता था, जहां अगले वर्ष चुनाव नहीं होने जा रहे हैं, लेकिन चुनाव आयोग ने पता नहीं किस समझ के साथ बहुत ही कम समय सीमा के साथ एक बड़े काम के साथ आगे बढ़ने का फैसला लिया। जबकि इसकी कोई जरूरत नहीं थी। विपक्ष भी चुनाव आयोग पर यह कहकर आरोप लगा रहा है कि अगर वास्तव में एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग गंभीर है और घुसपैठियों को निकालना उसका मकसद है, तो फिर वह गंभीरता उसके आचरण में क्यों दिखाई नहीं दे रही है। वह इतनी हड़बड़ी में क्यों है, यह समस्या कोई आनन फानन में हल नहीं होने वाली, क्योंकि हड़बड़ी में काम करने से अनावश्यक भय का वातावरण बनता है।

## संसद में धूम्रपान कानून का अपमान



लोकतंत्र के मंदिर संसद में धूम्रपान करना संविधान और कानून का अपमान है, लोकतंत्र के मंदिर में एक दुर्भाग्यपूर्ण एक घटना को घटते हुए देखा गया, पूरे देश में ई-सिगरेट 2019 से पूरी तरह से प्रतिबंधित हैं, कानून के अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना भी प्रतिबंधित है, लेकिन, संसद यानी लोकतंत्र के मंदिर में ई-सिगरेट लाना और पीना कानून के खिलाफ है, इन सभी का उल्लंघन टीएमसी के सांसद ने किया है। इस मामले पर संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष ने भी कहा कि ये पूर्ण तरीके से गलत है, इसकी जांच होगी और जो भी दोषी पाया जाएगा, उस पर कार्यवाही की जाएगी, इसी शीतकालीन सत्र में हमने देखा कि एक सांसद द्वारा संसद में कुत्ते को लेकर आना और ऊपर से यह कहना कि यह तो नहीं पर जो अंदर बैठे है वो काटते हैं, इसका मतलब संसद के अधिकारी, सुरक्षाकर्मी, सांसद समेत सभी लोगों पर एक तरह का बड़ा आक्षेप है। **-शहजाद पूनावाला, प्रवक्ता, भाजपा**

# इंडिगो: एक मानव निर्मित संकट





**रजनीश कपूर**

भारतीय विमानन क्षेत्र ने हाल ही में अपने सबसे अंधकारमय दौर से गुजरा है, जब प्रमुख निजी एयरलाइन इंडिगो की अनुपालन न करने की वजह से एक बड़ा संकट उत्पन्न हुआ। इस संकट ने न केवल आकाश में बल्कि जमीन पर भी अफरा-तफरी मचा दी, जिससे भारतीय विमानन की वैश्विक छवि को गहरा धक्का लगा। इंडिगो का वर्तमान संकट, जिसमें 3,000 से अधिक उड़ानों के रद्द होने और व्यापक परिचालन पक्षाघात शामिल है, 2019 में जेट एयरवेज के ग्राउंडिंग के बाद भारतीय विमानन में सबसे गंभीर व्यवधान है। यह एयरलाइन, जो लंबे समय से दक्षता और समय की पाबंदी का प्रतीक मानी जाती थी, अब नए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशंस नियमों की पूर्वानुमान और तैयारी में विफलता के कारण विश्वास के संकट का सामना कर रही है। पुरानी अंडर-स्टाफिंग और दुबली-पतली मैनपावर रणनीति के साथ मिलकर, एयरलाइन को आपातकालीन योजनाओं के लिए हाथ-पांव मारने पड़े, जिससे देश भर में हजारों यात्री फंसे रह गए।

यह संकट पूरी तरह से टाला जा सकता था, यदि एयरलाइन ने नियामक के निर्देशों का पालन किया होता। इंडिगो के प्रबंधन ने पायलट यूनियनों और उद्योग विशेषज्ञों की बार-बार चेतावनियों को नजरअंदाज कर दिया, जो हायरिंग फीज और नो-पोचिंग समझौतों के जोखिमों के बारे में थीं। लालच के चलते एयरलाइन ने अपनी मौजूदा फ्लाइटों बढ़ोतरी भी की जिसने आग में घी डालने का काम किया। नए एफडीटीएल नियम लागू होने पर एयरलाइन कॉकपिट और केबिन क्रू की गंभीर कमी सामने आई। लागत कटौती के लिए स्टाफ संख्या को न्यूनतम रखने की रणनीति तब उलटी पड़ गई। संकट को और गहरा किया खराब रोस्टर प्लानिंग और नियामकीय चूकों ने। इंडिगो के सीईओ पीटर एलबर्स ने स्वीकार किया कि सामान्य परिचालन धीरे-धीरे ही बहाल हो पाएगा, क्योंकि एयरलाइन नए पायलट डड्ूटी नियमों से अस्थाई छूट मांग रही है। सवाल यह उठता है कि जब डीजीसीए ने सभी ऑपरेटरों को नए नियमों का अनुपालन करने के लिए पर्याप्त समय दिया था, तो इंडिगो ने उन्हें नजरअंदाज करने का फैसला क्यों लिया?

भारत के विमानन इतिहास में ऐसे कई उदाहरण हैं जहां निजी एयरलाइनों का पतन प्रबंधन की विफलताओं और बाहरी दबावों के कारण हुआ। किंगफिशर एयरलाइंस, जो कभी देश की सबसे चमकदार कैरियर थी, वित्तीय कुप्र. बंधन और अत्यधिक कर्ज के कारण 2012 में अचानक बंद हो गई। जेट एयरवेज, जो भारत के निजी विमानन युग का अग्रदूत था, 2019 में नियम पुस्तिका के उल्लंघनों, खराब वित्तीय नियंत्रणों, बढ़ते घाटे और बदलते बाजार हालातों से अनुकूलन में असमर्थता के कारण इसी भाग्य का शिकार हुआ। इंडिगो का नए एफडीटीएल नियमों को नजरअंदाज करने का तरीका भी जेट एयरवेज की याद दिलाता है, जो इसी तरह के घमंड के चलते अपनी सुविधा के लिए नियमों को अनदेखा करती रही। यह उदाहरण एक दोहरावदार पैटर्न को रेखांकित करते हैं, वे एयरलाइंस जो अल्पकालिक लागत बचत को पायलटों और यात्रियों की सुरक्षा तथा नियामकीय अनुपालन आवश्यकताओं से ऊपर रखती हैं, वे एक ब्रेकिंग पॉइंट पर पहुंचकर अचानक ढह जाती हैं।

इंडिगो संकट, एयरलाइन प्रबंधन और नियामकीय निगरानी दोनों की व्यापक विफलता को उजागर करता है। डीजीसीए द्वारा नए नियमों के तहत क्रू उपलब्धता की जांच किए बिना सर्दी के शेड्यूल को मंजूरी देना, ऑडिट की कमी को दर्शाता है। अन्य एयरलाइंस, जैसे एयर इंडिया, अकासा और यहां तक कि स्पाइसजेट ने नियाम परिवर्तनों की प्रत्याशा में रोस्टर समायोजित करके और अतिरिक्त स्टाफ भर्ती करके इसी तरह के व्यवधानों से बचाव किया। सोचने वाली बात है कि यह संकट कम किया जा सकता था या पूरी तरह टाला भी जा सकता था, यदि इंडिगो ने स्टाफिंग और अनुपालन के लिए अधिक पारदर्शी और सक्रिय दृष्टिकोण अपनाया होता। डीजीसीए द्वारा सख्त अनुपालन ऑडिट की अनुपस्थिति ने भी इस अराजकता में भूमिका निभाई। भविष्य के संकटों को रोकने के लिए, एयरलाइंस को परिचालन लचीलेपन को प्राथमिकता देनी चाहिए, पर्याप्त स्टाफिंग में निवेश करना चाहिए और नियामकीय निकायों तथा कर्मचारी यूनियनों के साथ खुले संवाद बनाए रखने चाहिए। सरकार को भी इन पर निगरानी रखनी चाहिए ताकि उड़ान शेडडूल केवल परिचालन और सुरक्षा मानदंडों के अनुपालन की जांच के बाद ही मंजूर किए जाएं। परिचालन मुद्दों को ध्यान में रखते हुए, डीजीसीए को ऑपरेटरों से सुझाव भी लेने चाहिए ताकि उनकी मांगों को समायोजित किया जा सके। इंडिगो का संकट सिर्फ एक एयरलाइन की गलतियों की कहानी नहीं है, बल्कि पूरे भारतीय विमानन क्षेत्र के लिए एक चेतावनी है।

इंडिगो संकट के मद्देनजर डीजीसीए द्वारा सख्त नियामकीय कार्रवाई भारत में एयरलाइन उल्लंघनों के लिए एक शक्तिशाली मिसाल कायम कर सकती है। डीजीसीए ने पहले ही सामूहिक रद्दीकरणों की परिस्थितियों की जांच के लिए एक व्यापक जांच शुरू कर दी है, जिसमें चार सदस्र्ईय पैनल को 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट सौंपने का काम सौंपा गया है ताकि प्रवर्तन कार्रवाइयों और संस्थागत सुधारों की सिफारिश की जा सके। पिछले उदाहरण दिखाते हैं कि नियामक ने अनुपालन न करने के लिए कठोर दंड लगाने में संकोच नहीं किया, जिसमें 10 लाख से 90 लाख रुपये या इससे अधिक के वित्तीय जुर्माने, ऑपरेटर अनुमतियों का निलंबन और बार-बार या गंभीर उल्लंघनों के लिए जिम्मेदार

**इंडिगो संकट, एयरलाइन प्रबंधन और नियामकीय निगरानी दोनों की व्यापक विफलता को उजागर करता है। डीजीसीए द्वारा नए नियमों के तहत क्रू उपलब्धता की जांच किए बिना सर्दी के शेड्यूल को मंजूरी देना, ऑडिट की कमी को दर्शाता है। अन्य एयरलाइंस, जैसे एयर इंडिया, अकासा और यहां तक कि स्पाइसजेट ने नियाम परिवर्तनों की प्रत्याशा में रोस्टर समायोजित करके और अतिरिक्त स्टाफ भर्ती करके इसी तरह के व्यवधानों से बचाव किया। सोचने वाली बात है कि यह संकट कम किया जा सकता था या पूरी तरह टाला भी जा सकता था, यदि इंडिगो ने स्टाफिंग और अनुपालन के लिए अधिक पारदर्शी और सक्रिय दृष्टिकोण अपनाया होता।**

अधिकारियों को हटाना भी शामिल है। उदाहरण के लिए, डीजीसीए ने हाल ही में एयर इंडिया को एक पायलट को अनिवार्य नियामकीय आवश्यकताओं को पूरा किए बिना उड़ान संचालित करने की अनुमति देने के लिए 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। डीजीसीए ने पहले क्रू शेड्यूलिंग और सुरक्षा निगरानी में गंभीर और दोहरावदार चूकों के लिए एयर इंडिया के वरिष्ठ अधिकारियों को हटाया है। ऐसे दंडों को लागू करके और एयरलाइंस तथा उनके प्रबंधन को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराकर, डीजीसीए एक स्पष्ट संदेश देता हैरू परिचालन शॉर्टकट, नियामकीय अनुपालन न करने और लापरवाही को त्वरित और सख्त परिणामों से सामना करना पड़ेगा। इंडिगो का संकट बताता है कि परिचालन उत्कृष्टता सिर्फ दक्षता और समय की पाबंदी के बारे में नहीं है, बल्कि एयरलाइन क्रू व यात्री सुरक्षा, तैयारीऔर जिम्मेदारी के बारे में भी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**किसी ऐसे इंसान को जाने देना, जिससे आपने दिल से प्यार किया हो, बेहद मुश्किल होता है। जो यादें और वादे कभी सब कुछ थे, वे एक पल में बेमानी लगने लगते हैं, पर अगर कोई वाकई आपके साथ नहीं रहना चाहता, तो क्या उन्हें रोकना सही है? आइए, इस उलझन को समझते हैं और जानते हैं कि वो कौन-सा पल होता है, जब किसी को जाने देना ही आपके लिए सबसे बेहतर फैसला बन जाता है।**

# प्यार को जाने देना आसान नहीं...

अगर कोई आपको छोड़कर जाना चाहता है, तो उसे जाने दें, यह बात हम सबने सुनी है। लेकिन क्या यह इतना आसान होता है? क्या आपने कभी खुद से पूछा है कि उस शख्स के लिए दरवाजा खोलने का सही वक्त कब आता है? जब रिश्ता टूटने की कगार पर हो, तो दिल और दिमाग के बीच एक खींचतान शुरू हो जाती है। क्या एक आखिरी कोशिश करनी चाहिए? या फिर अपनी आत्मा को और तकलीफ देने से बेहतर है कि सब कुछ छोड़कर आगे बढ़ा जाए? किसी ऐसे इंसान को जाने देना, जिससे आपने दिल से प्यार किया हो, बेहद मुश्किल होता है। जो यादें और वादे कभी सब कुछ थे, वे एक पल में बेमानी लगने लगते हैं। पर अगर कोई वाकई आपके साथ नहीं रहना चाहता, तो क्या उन्हें रोकना सही है? आइए, इस उलझन को समझते हैं और जानते हैं कि वो कौन-सा पल होता है, जब किसी को जाने देना ही आपके लिए सबसे बेहतर फैसला बन जाता है। इसके बाद डॉ. उन दो संकेतों की गहराई से व्याख्या करते हैं, जो दर्शाते हैं कि अब शायद रिश्ते को अलविदा कह देने का समय आ गया है न सिर्फ उनके लिए, बल्कि आपके अपने भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए भी।

### संकेत 1- जब वे रिश्ते की जिम्मेदारियों से कतराने लगते हैं

डॉ. के अनुसार, यदि आपका साथी अब रिश्ते में अपनी भूमिका निभाने से बच रहा है या जिम्मेदारी लेने से पीछे हट रहा है, तो यह एक बड़ा संकेत है कि शायद उन्हें जाने देने का वकघ्त आ गया है।

वह समझाते हैं, एक स्वस्थ और सशक्त रिश्ते के लिए दो लोगों की भागीदारी जरूरी होती है। अगर आपका साथी अब ना तो आत्ममंथन करने को तैयार है, ना संघर्षों में अपनी भूमिका स्वीकार करता है, और ना ही आपके साथ आगे बढ़ना चाहता है तो यह रिश्ता टिक नहीं पाएगा। ऐसे हालातों में रिश्ता धीरे-धीरे खत्म होने लगता है, चाहे आप उसे कितना भी थामे रहें।

### संकेत 2- जब वे साझेदारी छोड़कर आपको ही दोष देने लगते हैं

डॉ. बताते हैं कि जब आपका साथी अब रिश्ते में करुणा और समझ के बजाय, केवल दोष देने की भाषा अपनाने लगे तो यह एक स्पष्ट संकेत है कि रिश्ता बिखरने की कगार पर है। वे कहते हैं, जब बातचीत हम इसे मिलकर कैसे ठीक करें? आप से बदलकर तुम ही समस्या हो बन जाए तो समझ लीजिए कि अब आप दोनों एक टीम नहीं रह गए। जब कोई समझने की कोशिश छोड़कर आपको जज करने लगे, और मिलकर रास्ता निकालने के बजाय दोष बांटने लगे, तो रिश्ते की नींव हिल जाती है। डॉ. आगे जोड़ते हैं, एक बार जब आपका साथी समाधान की तलाश में आपके साथ खड़े होने के बजाय दूरी बनाने लगे, तो वह दरअसल रिश्ते से बाहर निकलने का रास्ता ढूंढ रहा होता है।

### रोज की बहस से परेशान हो गए हैं, जानें असहमति से निपटने के स्मार्ट तरीके

बहस किसी भी रिश्ते का एक स्वाभाविक हिस्सा होती है, इसकी तीव्रता और आवृत्ति इस बात पर निर्भर करती है कि लोग उसे कैसे संभालते हैं। कई जोड़ें बहस के बावजूद एक-दूसरे को



समझने की कोशिश करते हैं और मतभेद सुलझा लेते हैं, जबकि कुछ केवल लड़ते रह जाते हैं। रिश्ते में असहमति होना सामान्य है, लेकिन उन्हें सुलझाना अपने आप में एक कला है, जिसे हर कोई नहीं जानता, लेकिन सीखा जरूर जा सकता है। अगर आपके और आपके पार्टनर के बीच बार-बार छोटी-छोटी बातों पर बहस होती है, तो इसका समाधाान संभव है, बस जरूरत है सही नजरिए और संवाद की। यह समझना बेहद जरूरी है कि बहस के दौरान आपकी प्रतिक्रिया न सिर्फ उस पल की स्थिति को प्रभावित करती है, बल्कि रिश्ते की दिशा भी तय कर सकती है। रिलेशनशिप कोच कृति और जय ने इंस्टाग्राम पर कुछ अहम सवाल साझा किए हैं, जो आपके अपने व्यवहार को समझने और उसमें सुधार लाने में मदद कर सकते हैं। उन्होंने सुझाव दिया है कि ये सवाल अपने पार्टनर से जरूर पूछें ताकि आप न केवल बहस की जड़ को समझ सकें, बल्कि बेहतर संवाद के जरिए रिश्ते को मजबूत भी बना सकें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कोशिकाओं की सुरक्षा प्रणाली के लिए घातक है यह वायरस

एक नए अध्ययन में जीका वायरस के संक्रमण फैलाने की शक्ति के जैविक रहस्य का पता लगाया गया है। जीका मरीज की कोशिकाओं की अपनी खुद की देखभाल करने वाली प्रणाली का उपयोग कर उनमें प्रवेश कर जाता है। जबकि कोशिकाओं की सतहें संक्रामक प्रोटीन के प्रवेश के लिए जरूरी हैं, वे एंटीवायरल प्रतिक्रिया उत्पन्न करने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। ऐसा होने से पहले, संक्रामक प्रोटीन की गतिविधि को कम करने के लिए कोशिकाओं द्वारा खुद को स्वस्थ रखने के लिए उपयोग की जाने वाली प्रक्रिया में हेरफेर किया जाता है, जिससे अनियंत्रित संक्रामक संक्रमण का रास्ता साफ हो जाता है।

प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में प्रकाशित शोध पत्र में शोधकर्ता के हवाले से कहा गया है कि हालांकि एचआईवी जैसे अन्य वायरस मरीज के रिसेप्टर्स को चुप कराने के लिए जाने जाते हैं जो उन्हें कोशिकाओं में जाने देते हैं, लेकिन जीका में कम से कम तीन ऐसे प्रोटीन होते हैं जो यह काम कर सकते हैं।

यह सबसे दिलचस्प हिस्सा है, केवल एक ही नहीं, बल्कि कई जीका प्रोटीन ऐसा कर सकते हैं। शोधकर्ताओं ने दो जीका वायरस के स्ट्रेन या उपभेदों को देखा और तीन शारीरिक रूप से अहम कोशिकाओं की जांच की। दोनों स्ट्रेन के साथ, तीनों अलग-अलग तरह की कोशिकाओं में कमी देखी जा सकती है। ऐसा लगता है कि यह एक अहम तंत्र है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, साल 2007 से एडीज एजिप्टी मच्छरों द्वारा लोगों में फैलने वाला जीका वायरस अफ्रीका, अमेरिका, एशिया और प्रशांत क्षेत्र में संक्रामक प्रकोप का कारण बना। हालांकि 2017 के बाद से दुनिया भर में मामलों में कमी आई है, लेकिन अमेरिका और अन्य स्थानीय क्षेत्रों में वायरस का संक्रमण छोटे स्तर पर जारी है। साल 2015 में ब्राजील में एक बड़ी महामारी ने गर्भावस्था के दौरान जीका संक्रमण और माइक्रोसेफली या सामान्य से छोटे सिर के आकार सहित जन्मजात समस्याओं के साथ पैदा होने वाले शिशुओं के बीच संबंध की पुष्टि की। जबकि अधिकांश संक्रमित लोगों में केवल हल्के लक्षण विकसित होते हैं, वायरस वयस्कों और बड़े बच्चों में गुइलेन बैरे सिंड्रोम, न्यूरोपैथी और मायलाइटिस (रीढ़ की हड्डी की सूजन) से भी जुड़ा हुआ है। इस अध्ययन में इनमें से दो प्रोटीनों पर गौर किया गया, जिन्हें एएक्सएल और टीम-1 के रूप में जाना जाता है, जिन्हें पहले जीका संक्रमण से जोड़ा गया था। इसमें शोधकर्ताओं ने यह समझने की कोशिश की कि एएक्सएल और टीम-1 के द्वारा प्रवेश करने के बाद जीका संक्रमण को कैसे बनाए रखता है।

शोध पत्र में शोधकर्ताओं के हवाले से कहा गया है कि सांस लेने, प्रजनन और तंत्रिका तंत्र से संबंधित तीन प्रकार की कोशिकाओं में जीका वायरस के अफ्रीकी और एशियाई स्ट्रेन का उपयोग करके सेल कल्चर प्रयोग पूरे किए, जो रोग. जनक द्वारा निशाना बनाए गए थे। मानव कोशिकाएं जो फेफड़ों के काम को आगे बढ़ाती है, भ्रूण को सहारा देने वाली कोशिकाएं जिन्हें ट्रोफोब्लास्ट कहा जाता है और ग्लियोब्लास्टोमा मस्तिष्क कैंसर कोशिकाएं होती है। प्रयोगों से पता चला कि जीका द्वारा संक्रमण के बाद तीन प्रकार की कोशिकाओं पर एएक्सएल और टीम-1 दोनों को कम किया गया। शोध पत्र में शोधकर्ताओं के हवाले से उम्मीद जताई गई थी कि यह दबाव दो सामान्य प्रोटीनों की गिरावट

**शोध पत्र में शोधकर्ताओं के हवाले से कहा गया है कि सांस लेने, प्रजनन और तंत्रिका तंत्र से संबंधित तीन प्रकार की कोशिकाओं में जीका वायरस के अफ्रीकी और एशियाई स्ट्रेन का उपयोग करके सेल कल्चर प्रयोग पूरे किए, जो रोगजनक द्वारा निशाना बनाए गए थे।**

प्रक्रियाओं के माध्यम से हुआ था, लेकिन इसके बजाय पाया गया कि जीका वायरस एक सेलुलर खुद की देखभाल करने वाले दिनचर्या का उपयोग करता है।

इस मामले में, वायरस की संक्रामक प्रक्रिया ने मरीज की कोशिकाओं को अपने स्वयं के सुरक्षात्मक प्रोटीन को दबाने के लिए हेरफेर किया, एक संक्रामक अनुकूली रणनीति जो जीका को अपने आपको नियंत्रित करने में मदद करता है। इस दबाव के बिना, एएक्सएल और टीम-1 एंटीवायरल प्रतिक्रिया के हिस्से के रूप में उत्तेजक अणुओं का उत्पादन करना शुरू कर देंगे। संक्रामक प्रवेश को सुविधाजनक बनाने का उनका सामान्य स्तर भी अधिक जीका कणों को पहले से संक्रमित कोशिकाओं तक पहुंचाने में सक्षम बना सकता है, जिससे सुपरइंफेक्शन नामक एक प्रतिस्पर्धी नजरिए की स्थापना होती है। ऐसा कुछ जिससे वायरस बचना चाहते हैं क्योंकि भीड़भाड़ से कोशिकाओं के नष्ट होने का खतरा होता है, जो संक्रमित रोगजनकों को मार देता है। आगे के प्रयोगों ने तीन जीका प्रोटीन की पहचान की जो मरीज की कोशिका ऑटोफैगी को प्रेरित करते हैं, जो



सभी वायरस की झिल्ली पर स्थित होते हैं। सामान्यत: ए प्रोटीन वायरस के प्रवेश में मध्यस्थता करते हैं या वायरस के अपने आपको दोहराने में शामिल होते हैं, लेकिन वे इस को. शिका के सही से काम न करने के लिए भी जिम्मेदार होते हैं। क्योंकि वायरस कुछ ऐसा एनकोड करते हैं जो उनके लिए जरूरी होता है, या तो उनकी अपने आपको दोहराने के लिए या मरीज को नियंत्रित करने के लिए ऐसा किया जाता है।

शोध पत्र में शोधकर्ता के हवाले से कहा गया है कि निश्चित रूप से जानने के लिए और अधिक शोध की जरूरत है, लेकिन इस बात के आसार हैं कि यह तंत्र इबोला वायरस के लिए प्रासंगिक है, जो मरीज की कोशिकाओं तक पहुंचने के लिए टीम-1 प्रोटीन का उपयोग करता है, या जीका के समान फ्लेविवायरस परिवार के अन्य रोगजनकों के लिए, जिसमें वेस्ट नाइल, पीला बुखार और डेंगू वायरस शामिल हैं। वायरस के लिए एक मरीज जितना अधिक जरूरी होता है, वायरस उसे नियंत्रित करने के लिए उतना ही अधिक काम करता है। इन तंत्रों को समझना संक्रामक रोगों का कारण बनने वाले उभरते या फिर से उभरने वाले वायरस के लिए तैयार रहने का एक जरूरी हिस्सा है।

...साभार

# अमेरिका के बाद मेक्सिको भी भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा



■ 2026 से लागू होगा, भारत के अलावा चीन, भारत, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और इंडोनेशिया शामिल

**मेक्सिको सिटी।** अमेरिका के बाद अब मेक्सिको भी भारत पर हाई टैरिफ लगाने जा रहा है। मेक्सिको की संसद ने बुधवार को भारत समेत 5 एशियाई देशों पर 50 प्रतिशत तक का भारी टैरिफ लगाने का ऐलान किया। यह टैरिफ ऐसे देशों पर लगाया जाएगा जिनके साथ मेक्सिको का कोई फ्री ट्रेड एग्रीमेंट नहीं है। यह साल 2026 से लागू होगा। जिन देशों पर मेक्सिको टैरिफ लगाएगा उनमें भारत के अलावा चीन, भारत, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और इंडोनेशिया शामिल हैं। मेक्सिको इन देशों से बहुत ज्यादा सामान खरीदता है। 2024 में इन देशों से 253.7 अरब डालर का सामान आया। इतने ज्यादा आयात की वजह से मेक्सिको को करीब 223 अरब डालर का घाटा हुआ। अब नए कानून के अनुसार कारें, आटो पार्ट्स, कपड़े-टेक्सटाइल, प्लास्टिक के उत्पाद, स्टील और जूते-चप्पल जैसे लगभग 1400 तरह के सामान महंगे होंगे। ज्यादातर पर 35 प्रतिशत तक और कुछ पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगेगा। एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह कदम 2026 में होने वाली यूएसएमसीए (अमेरिका-मेक्सिको-कनाडा व्यापार समझौता) की समीक्षा से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को खुश करने की कोशिश है। क्योंकि अमेरिका लंबे समय से चीन से मेक्सिको के रास्ते आने वाले सस्ते सामान पर चिंता जता रहा है। चीन सरकार, मेक्सिको के बड़े कारोबारी संगठन और विपक्षी दल टैरिफ लगाने को गलत कदम बता रहे हैं। उनका कहना है कि टैरिफ दरअसल आम उपभोक्ताओं पर एक्स्ट्रा टैक्स है, जिससे रोजमर्रा का सामान महंगा हो जाएगा और महंगाई बढ़ेगी। पहले प्रस्तावित बिल इससे भी सख्त था, लेकिन विरोध के बाद करीब दो-तिहाई सामान पर टैरिफ को कम कर दिया गया। सीनेट में बिल 76 के मुकाबले 5 वोटों से पास हुआ जबकि 35 सांसदों ने वोटिंग से दूर रहना चुना।

# नेपाल में चीन के लोन से बना पोखरा एयरपोर्ट फेल

■ जमकर भ्रष्टाचार हुआ, टूरिस्ट भी नहीं आए चीनी कंपनी समेत 55 लोगों पर केस

**काठमांडू।** नेपाल में पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रोजेक्ट में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है। 2012 में 620 करोड़ रुपये अनुमानित लागत वाला यह प्रोजेक्ट 892 करोड़ तक पहुंच गया।

जांच के बाद नेपाल की कमिशन फार इन्वेस्टिगेशन आफ एब्यूज आफ अथारिटी (सीआईएए) ने 5 पूर्व मंत्रियों, 10 पूर्व सचिवों सहित कुल 55 लोगों और चीनी कंपनी चाइना सीएएमसी इंजीनियरिंग पर भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया है। एयरपोर्ट 2023 में शुरू हुआ, लेकिन ढाई साल में यहां सिर्फ 45 इंटरनेशनल फ्लाइट्स आईं और करीब 3,000 यात्री पहुंचे, जबकि इसे पश्चिमी नेपाल का अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन हब घोषित किया गया था।। पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को कभी नेपाल के 'गेटवे आफ वर्ल्ड' के रूप में पेश किया गया था। दावा किया गया था कि यह पश्चिमी नेपाल का अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन हब बनेगा और टूरिस्ट बढ़ेंगें। संचालन के ढाई साल बाद यहां सिर्फ 45 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें दर्ज की गईं। यात्रियों की संख्या सिर्फ 3000 रही। हिमालयन एयरलाइंस और सिचुआन एयरलाइंस ने कुछ टेस्ट फ्लाइट्स चलाईं, लेकिन नियमित सेवा नहीं चल सकीं। पोखरा एयरपोर्ट प्रोजेक्ट चीन के एग्जिम बैंक से लोन लेकर बनाई गई थी और इसे नेपाल की पर्यटन क्षमता दोगुनी करने वाला प्रोजेक्ट बताया गया था।



तिरुनेलवेली। तमिलनाडू में चुनाव कर्मचारी मतदाता सूचियों के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) के प्रपत्रों को अलग करते हुए।

## अमेरिका में युद्ध विभाग के लिए 901 अरब डॉलर संबंधी विधेयक पारित

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने बुधवार शाम वित्त वर्ष 2026 के लिए युद्ध विभाग को 901 अरब डॉलर की भारी-भरकम रकम आवंटित करने संबंधी राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण विधेयक को पारित किया। यह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अनुरोध से आठ अरब डॉलर जडादा है। यह 3000 से जयादा पन्नों वाला विधेयक 112 के मुकाबले 312 वोटों से पास हुआ है। अब इसे मंजूरी के लिए सीनेट में भेजा जा रहा है। आखिरी वोटिग में 18 रिपब्लिकन और 94 डेमोक्रेट्स ने ष्नकारात्मकष् वोट दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रम्प से जितनी जल्दी हो सके मिलने को तैयार हूं: ताकाइची

**टोक्यो।** जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने संसद में कहा है कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से जल्द से जल्द मिलने के लिए तैयार हैं। सुताकाइची ने बुधवार को कहा कि मैं वाशिंगटन जा सकती हूं और जब राष्ट्रपति ट्रम्प विदेश जाएंगे और यदि उनसे मिलना संभव है तो मैं जल्दी उनसे मिलना चाहूंगी। यह बात उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी फॉर द पीपल के नेता युइचिरो तमाकी के चीन दौरे से पहले ट्रम्प से मिलने के प्रस्ताव के बाद कही। तमाकी ने खास तौर पर सुझाव दिया कि प्रधानमंत्री अगले वर्ष जनवरी में दावोस फोरम में हिस्सा लें और वहां ट्रम्प से मिलें।

### चीन ने मैक्सको की ओर से बढ़ाए आयात शुल्कों की निंदा की

**बीजिंग।** चीन के वाणिज्य मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने गुरुवार को मैक्सिको की एकतरफा नीतियों और संरक्षणवाद में सुधार का आग्रह करते हुए कहा है कि चीन ने हमेशा एकतरफा आयात शुल्क वृद्धि का विरोध किया है। प्रवक्ता ने यह टिप्पणी मेक्सिको की संसद द्वारा 'गैर-मुक्त व्यापार समझौता भागीदारों' पर शुल्क बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी देने के संबंध में एक मीडिया प्रश्न के उत्तर में की। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, नए शुल्क 1 जनवरी, 2026 से प्रभावी होंगे।

### गाजा में वर्चस्व बढ़ाना चाहता है इजरायल: तुर्की

**अनकारा।** तुर्की के विदेश मंत्री हकान फदिान ने बुधवार को कहा कि इजरायल सीरिया को अपने विस्तार के क्षेत्र के तौर पर देखता है जबकि इजरायली प्रधानमंत्री बेन्जमिन नेतन्याहू का मंत्रिमंडल गाजा में अलग-अलग तरीकों से युद्ध जारी रख पश्चिमी एशिया में अपना वर्चस्व मजबूत रखने की कोशिश कर रहा है। अनादोलू एजेंसी ने फिदान के हवाले से कहा कि तेल अवीव की हरकतों का सीरिया पर असर पड़ रहा है। यह क्षेत्र की स्थिरता के लिए गंभीर खतरा है।

### मेलोनी की जेलेंस्की से युक्रेन युद्ध समाप्त करने की अपील

रोम। इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने यहां यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोडिमिर जेलेंस्की से मुलाकात के दौरान यूक्रेन में जारी संघर्ष को सुलझाने का आग्रह किया है। इटली के अखबार कोरिएरे डेला सेरा ने अपनी रिपोर्ट रिपोर्ट में ब्रदर्स ऑफ इटली पार्टी के सूत्रों के हवाले से कहा है कि सुमेलोनी ने जेलेंस्की पर अमेरिकी शांति योजना के संबंध में आग्रह किया। इस दौरान जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को नरम रुख अपनाने के लिए उनसे (सुमेलोनी) से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया।

# 9 करोड़ में मिलेगी अमेरिकी नागरिकता

## ट्रम्प गोल्ड कार्ड आज से लागू, प्लेटिनम कार्ड जल्द शुरू होगा, अमेरिकी राष्ट्रपति बोले: कार्ड से सरकारी खजाना बढ़ेगा




■ ट्रम्प ने इसी साल फरवरी में 'गोल्ड कार्ड' वीजा प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया था
■ ट्रम्प का प्लेटिनम कार्ड भी जल्द शुरू होने की उम्मीद है

**न्यूयार्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को 'ट्रम्प गोल्ड कार्ड' के लिए अप्लाई प्रोसेस शुरू करने का ऐलान किया। इसके लिए आवेदक आज से आवेदन कर सकते हैं। कार्ड की कीमत 1 मिलियन डालर (करीब 8.8 करोड़ रुपये) है। हालांकि कंपनियों को कार्ड के लिए 2 मिलियन डालर देना होगा।

ट्रम्प ने इसी साल फरवरी में 'गोल्ड कार्ड' वीजा प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया था। हालांकि उस वक्त उन्होंने इसकी कीमत 5 मिलियन डालर (42 करोड़ रुपये) रखी थी। सितम्बर में इसे घटाकर 1 मिलियन डालर किया गया। ट्रम्प का कहना है कि यह अमेरिका फर्स्ट एजेंडे का हिस्सा है, जो टॉप टैलेंट (जैसे भारत-चीन से पढ़े स्टूडेंट्स) को रोकने और कंपनियों को अमेरिका लाने के लिए है। होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने कहा कि यह दुनिया के सफल उद्यमियों को आकर्षित करेगा। वहीं ट्रम्प का प्लेटिनम कार्ड भी जल्द शुरू होने की उम्मीद है। इसकी फीस करीब 5 मिलियन डालर (लगभग 42 करोड़ रुपये) है।

गुरुवार को कार्ड लान्च करते हुए ट्रम्प ने कहा गोल्ड कार्ड की अनलिमिटेड रेसीडेंसी में नागरिकों को सिर्फ पासपोर्ट और वोट देने का अधिकार नहीं मिलता, बाकी सारी सुविधाएं एक अमेरिकी नागरिक के जैसी मिलती हैं। यह प्रक्रिया उसी तरह होगी, जैसे ग्रीन कार्ड के जरिए स्थायी निवास मिलता है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि यह वीजा प्रोग्राम खास तौर पर धनी विदेशियों के लिए है, ताकि वे 1 मिलियन डालर देकर अमेरिका में रहते हुए काम कर सकें। उन्होंने कहा कि अब अमेरिका सिर्फ टैलेंटेड लोगों को ही वीजा देगा, न कि ऐसे लोगों को जो अमेरिकियों की नौकरियां छीन सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस रकम का इस्तेमाल टैक्स को घटाने और सरकारी कर्ज चुकाने में किया जाएगा। ट्रम्प ने गोल्ड कार्ड के अलावा 3 नए तरह के वीजा कार्ड भी लान्च किए थे। इनमें 'ट्रम्प गोल्ड कार्ड', 'ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड' और 'कार्पोरेट गोल्ड कार्ड' शामिल हैं। ट्रम्प गोल्ड कार्ड व्यक्ति को अमेरिका में अनलिमिटेड रेसीडेंसी (हमेशा रहने) का अधिकार देगा। वहीं ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड जल्दी शुरू किया जाएगा। कामर्स सेक्रेटरी हावर्ड लुटनिक के मुताबिक, यह गोल्ड कार्ड मौजूदा ईबी-1 और ईबी-2 वीजा की जगह लेगा। ग्रीन कार्ड श्रेणियां बंद हो सकती हैं। ईबी-1 वीजा अमेरिका का एक स्थायी निवास (ग्रीन कार्ड) वीजा है। ईबी-2 वीजा भी ग्रीन कार्ड के लिए है, लेकिन उन लोगों के लिए जो उच्च शिक्षा (मास्टर्स या उससे ऊपर) की योग्यता रखते हों।

## ट्रम्प की कोलंबिया के राष्ट्रपति पेट्रो को चेतावनी

■ ड्रग्स पर कार्रवाई करें 'वरना चुकानी पड़ेगी भारी कीमत'

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो को चेतावनी दी है कि यदि वह देश में मादक पदार्थों की स्थिति पर ध्यान नहीं देते हैं, तो उन्हें 'भारी मुसीबत' का सामना करना पड़ सकता है। ट्रम्प ने बुधवार को व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा कि अगर वह (पेट्रो) समझदारी से काम नहीं लेते हैं तो उनको भारी मुसीबत का सामना करन पड़ सकता है। कोलंबिया बहुत अधिक ड्रग्स का निर्माण कर रहा है। उनके पास कोकीन बनाने वाली फैक्ट्रियां हैं और वे इसे सीधे अमेरिका में बेचते हैं। इसलिए उन्हें समझदार बनना होगा, वरना वह अमेरिका का अगला निशाना होंगे और मुझे उम्मीद है कि वह सुन रहे होंगे। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने अभी तक पेट्रो से बात करने पर विचार नहीं किया है उनके बारे में 'जयादा नहीं सोचा' है। इस सप्ताह की शुरुआत में पॉलिटिको को दिए गए एक साक्षात्कार में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि वह कोलंबिया और मेक्सिको के संदिग्ध ड्रग्स तस्करी करने वाले अपराधियों पर हमला करने की संभावना को खारिज नहीं करेंगे। हाल के महीनों में अमेरिका ने कैरिबियन में संदिग्ध ड्रग्स तस्करी में शामिल नावों पर हमले किए हैं। अमेरिका इसके लिए मुख्य रूप से वेनेजुएला पर ड्रग्स भेजने का दोष लगाता है। पेंटागन के प्रेस सचिव किंग्सले विल्सन ने कहा कि अमेरिका ने संदिग्ध ड्रग्स तस्करी वाली नौकाओं पर कुल 21 हमले किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 82 लोगों की मौत हुई है।

# वेनेजुएला पर अमेरिका का मिलिट्री एक्शन

■ बीच समंदर में जहाज पर हथियारबंद कमांडो उतरे, पलभर में कब्जा किया, वेनेजुएला बोला: ये समुद्री डकैती

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने वेनेजुएला के तट के पास बीच समंदर में एक बहुत बड़े क्रूड आयल टैंकर को जब्त कर लिया। बुधवार को अमेरिकी अटार्नी जनरल पैम बान्डी ने सोशल मीडिया पर इस आपरेशन का 45 सेकेंड का वीडियो जारी किया।

वीडियो में दो सैन्य हेलीकॉप्टर समुद्र के ऊपर से तेजी से उड़ते हुए एक टैंकर को घेरते हैं। उनसे कई कमांडो रस्सियों के सहारे टैंकर के डेक पर उतरते हैं और कुछ ही मिनटों में टैंकर को अपने कब्जे में ले लेते हैं। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी इस जब्ती की पुष्टि की। दूसरी ओर, वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने इस कार्रवाई को समुद्री डकैती और खुलेआम चोरी करार देते हुए कड़ी निंदा की है। ट्रम्प ने कहा कि हमने वेनेजुएला के तट पर एक टैंकर जब्त कर लिया है, बहुत बड़ा टैंकर, शायद अब तक का सबसे बड़ा टैंकर। जब उनसे पूछा गया कि जहाज में भरे लाखों बैरल तेल का क्या होगा, तो ट्रम्प ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया कि हम रख लेंगे, मुझे ऐसा लगता है। अटार्नी जनरल बान्डी ने कहा कि यह जहाज कई सालों से अमेरिकी प्रतिबंधों की सूची में था क्योंकि यह वेनेजुएला और ईरान के प्रतिबंधित तेल को गैरकानूनी तरीके से ले जा रहा था। इस तेल की कमाई से विदेशी आतंकवादी संगठनों को मदद पहुंचाई जा रही थी। वहीं, तीन अमेरिकी अधिकारियों ने नाम न बताने की शर्त पर न्यूयार्क टाइम्स से बताया कि जहाज वेनेजुएला का तेल लेकर जा रहा था। मिलिट्री आपरेशन का जहाज के कर्मचारियों ने कोई विरोध नहीं किया और आपरेशन में किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ। बान्डी ने बताया कि इस अभियान को एफबीआई, होमलैंड सिक्योरिटी इन्वेस्टिगेशंस और अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने मिलकर अंजाम दिया, जबकि सैन्य सहायता अमेरिकी रक्षा विभाग ने प्रदान की। बान्डी ने इसे पूरी तरह सुरक्षित और सफल आपरेशन बताया और कहा कि प्रतिबंधित तेल की तस्करी करने वाले छिपे हुए नेटवर्क को तोड़ने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# पाकिस्तान के पूर्व आईएसआई चीफ हमीद को 14 साल कैद



■ मिलिट्री कोर्ट ने चार आरोपों में दोषी ठहराया पूर्व पीएम इमरान खान के माने जाते हैं करीबी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक मिलिट्री कोर्ट ने पूर्व आईएसआई चीफ फैज हमीद को 14 साल कैद की सजा सुनाई है। उनके खिलाफ करीब 15 महीने तक कोर्ट मार्शल की कार्रवाई चली। फौज की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, फैज पर चार गंभीर आरोपों में मुकदमा चलाया गया।

उन पर राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने, आफिशियल सीक्रेट्स एक्ट का उल्लंघन कर देश के हितों को नुकसान पहुंचाने, सरकारी अधिकार और संसाधनों का दुरुपयोग करने और लोगों को नुकसान पहुंचाने के आरोप थे। सेना ने कहा कि कोर्ट ने सभी आरोपों में फैज को दोषी पाया है, हालांकि उन्हें फैसले के खिलाफ अपील करने का अधिकार भी दिया गया है। फैज को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का करीबी माना जाता है। फैज हमीद को पिछले साल 12 अगस्त को हाउसिंग घोटाला केस में आर्मी ने अरेस्ट किया था। उनके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट ने कार्रवाई का आदेश दिया था, जिसके बाद उनका कोर्ट मार्शल शुरू किया गया।

## पाक के एफ-16 लड़ाकू विमान अपग्रेड करेगा

**इस्लामाबाद।** अमेरिका ने पाकिस्तान के एफ-16 लड़ाकू विमानों को अपग्रेड करने के लिए 686 मिलियन डालर (लगभग 5,800 करोड़ रुपये) का प्रस्ताव संसद को भेजा है। 8 दिसम्बर 2025 को डिफेंस सिक्योरिटी कोआपरेशन एजेंसी (डीएससीए) ने संसद को एक नोटिफिकेशन भेजा है, जिसमें पाकिस्तान के एफ-16 अपग्रेड पैकेज (+686 मिलियन) को मंजूरी की घोषणा की गई है। यह प्रक्रिया आर्म्स एक्सपोर्ट कंट्रोल एक्ट के तहत होगी। अब अमेरिकी संसद के पास इसे रोकने या पास करने के लिए 30 दिन का समय है। इस पैकेज में 37 मिलियन डालर की मेजर डिफेंस इक्विपमेंट और बाकी 649 मिलियन डालर की साफ्टवेयर, हार्डवेयर और लाजिस्टिक सपोर्ट शामिल हैं।

# 'हनुमान' को झूठा देवता कहने वाले अमेरिकी उम्मीदवार फेल

■ प्राइमरी चुनाव में जगह बनाने में नाकाम रहे अलेक्जेंडर डंकन, कहा था: झूठी मूर्ति क्यों लगने दे रहे

**टेक्सास।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के नेता और टेक्सास सांसद उम्मीदवार अलेक्जेंडर डंकन का चुनावी सफर शुरू होने से पहले ही खत्म हो गया।

उन्हें प्राइमरी चुनाव में जगह बनाने के लिए जरूरी समर्थन नहीं मिल सका। अब टेक्सास में रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से प्राइमरी उम्मीदवार बनने के लिए 3 उम्मीदवार रेस में हैं। टेक्सास में 3 मार्च 2026 को प्राइमरी चुनाव होने हैं। डंकन सुर्खियों में तब आए थे जब उन्होंने सितम्बर में टेक्सास के शुगर लैंड स्थित अष्टलक्ष्मी मंदिर में लगी 90 फीट ऊंचे भगवान हनुमान को झूठे भगवान की झूठी प्रतिमाश कहा था। उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर लिखा था, टेक्सास में एक झूठे हिंदू देवता की झूठी मूर्ति को रखने की इजाजत क्यों दी जा रही है? हम ईसाई देश हैं! डंकन के इस बयान से हिंदू समुदाय में भारी आक्रोश फैल गया था। हजारों लोगों ने डंकन पर धार्मिक असहिष्णुता और हिंदू-विरोधी नफरत फैलाने का आरोप लगाया था। टेक्सास में भगवान हनुमान की 90 फीट ऊंची मूर्ति। इसकी स्थापना अगस्त 2024 में हुई थी। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने टेक्सास रिपब्लिकन पार्टी से डंकन के खिलाफ कार्रवाई करने और उन्हें पार्टी से निकालने की मांग की थी।

संगठन ने कहा कि डंकन का बयान पार्टी के खुद के भेदभाव-विरोधी नियमों का उल्लंघन है और यह हिंदूओं के लिए उनकी नफरत को दिखाता है। फाउंडेशन ने अमेरिकी संविधान के प्रथम संशोधन का हवाला देते हुए कहा कि किसी भी धर्म को मानने और उसकी पूजा की स्वतंत्रता हर अमेरिकी नागरिक को है।

## एक साल में दुनियाभर में 67 पत्रकार मारे गए: आरएसएफ रिपोर्ट

**पेरिस।** रिपोर्टर्स विदआउट बॉर्डर्स (आरएसएफ) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार साल 2025 में दुनिया भर में अपने काम के दौरान 67 पत्रकार मारे गए हैं। आरएसएफ ने अपने रिपोर्ट में कहा कि पत्रकार सिर्फ मरते नहीं है, मारे जाते हैं। पत्रकारों की हत्या की संख्या फिर से बढ़ गई है और इसका कारण नियमित और अर्धसैनिकों की आपराधिक गतिविधियां हैं। इस वर्ष 67 में से 53 पत्रकार युद्ध या आपराधिक समूह द्वारा मारे गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 12 महीनों में (एक दिसम्बर तक) मारे गए पत्रकारों में से लगभग आधे (43 प्रतिशत) को गाजा में इजरायली सशस्त्र बलों द्वारा मारा गया। इसके बाद सबसे अधिक पत्रकार (नौ) मैक्सिको में आपराधिक समूहों द्वारा मारे गए।

# ट्रम्प की विदेश नीति फेल हुई: अमेरिकी प्रतिनिधि

## अमेरिकी संसद में मोदी-पुतिन की कार वाली तस्वीर दिखाई

■ डेमोक्रेट सांसद बोलीं: यह फोटो हजार शब्दों के बराबर

**वाशिंगटन।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का भारत दौरा अमेरिका में भी चर्चा में बना हुआ है। एक अमेरिकी सांसद ने पीएम मोदी और पुतिन की सेल्फी वाली तस्वीर दिखाकर राष्ट्रपति ट्रम्प की विदेश नीति की आलोचना की। अमेरिकी प्रतिनिधि सिडनी कैमलेगर-डव ने मोदी-पुतिन की तस्वीर की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह पोस्टर हजार शब्दों के बराबर है।

इसके साथ ही उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भारत नीति की कड़ी आलोचना की। डव ने कहा कि ट्रम्प की भारत को लेकर नीतियां ऐसी हैं जैसे हम खुद को ही नुकसान पहुंचा रहे हों। दबाव डालकर साझेदारी करना महंगा साबित होता है। और यह पोस्टर इसका सबसे बड़ा सबूत है। अमेरिका की दबाव वाली नीति भारत को रूस के करीब धकेल रही है। दूसरी ओर ट्रम्प की पार्टी के एक सांसद बिल हुइजेंगा ने क्रास-बार्डर टेररिज्म पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने भारत के इस दावे का खुलकर समर्थन किया है कि पाकिस्तान में बैठे लश्कर-ए-तैयबा और उसका संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) पहलगाम हमले के पीछे थे। अमेरिकी सांसद सिडनी कैमलेगर-डव ने मोदी-पुतिन की कारपुलिंग वाली तस्वीर दिखाई। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4 दिसम्बर को भारत आए थे। इस दौरान वे अपनी कार छोड़कर मोदी की गाड़ी में बैठ गए थे। सांसद डव ने ट्रम्प के उस दावे पर भी तंज कसा जिसमें ट्रम्प खुद को नोबेल शांति पुरस्कार का हकदार बताते रहे हैं और दावा करते हैं कि उन्होंने आठ युद्ध रुकवाए हैं, जिनमें भारत-पाकिस्तान भी शामिल है। डव ने कहा कि जब कोई देश अपने सबसे अहम रणनीतिक साझेदारों को ही विरोधियों की ओर धकेल दे, तो वह नोबेल शांति पुरस्कार का हकदार नहीं कहलाता। डव ने आगे कहा कि अमेरिका को अब बेहद तेजी से कदम उठाने होंगे, ताकि ट्रम्प प्रशासन की नीतियों से अमेरिका-भारत साझेदारी को जो नुकसान हुआ है, उसे जल्द से जल्द ठीक किया जा सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि दोनों देशों के बीच वह भरोसा और सहयोग फिर से बहाल करना जरूरी है, जो अमेरिका की समृद्धि, सुरक्षा और वैश्विक नेतृत्व के लिए अनिवार्य है। ये टिप्पणियां हाउस फारेन अफेयर्स सबकमेटी आन साउथ एंड सेंट्रल एशिया की उस सुनवाई के दौरान आईं, जिसका विषय था 'अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारीरू एक स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक की सुरक्षा'। अमेरिकी सांसद बिल हुइजेंगा ने कहा कि अमेरिका का भारत के साथ साझेदारी बेहद अहम है। उन्होंने याद दिलाया कि ट्रम्प प्रशासन ने इसी साल जुलाई में टीआरएफ को विदेशी आतंकी संगठन घोषित कर दिया था।

